प्रयागराज, बुधवार, 18 जनवरी, 2023

माघ मास, कृष्ण पक्ष 11, वर्ष 11, अंक 269, पृष्ठ 12, मूल्य : 5 .00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : न्यूजीलैंड के खिलाफ करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : रोहित



अंदर - बुलडोजर राज पर अंकुश लगेगा ?

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news







# जेपी नड्डा संभालेंगे 2024 की कमान

## अगले लोकसभा चुनाव तक नड्डा ही रहेंगे भाजपा अध्यक्ष, एक साल तक बढ़ा कार्यकाल

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि जेपी नड्डा के लिए राष्ट्रीय कार्यकारणी ने आज प्रस्ताव किया है। राजनाथ सिंह ने इस प्रस्ताव को रखा है। सभी भाजपा के सदस्यों ने इसे स्वीकार किया है। जेपी नड्डा को जून 2024 तक के लिए भाजपा के अध्यक्ष के रूप में इनका कार्यकाल बढ़ाया जा रहा है। अमित शाह ने कहा कि मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा 2024 में और भी बड़े बहुमत से जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि एक बार फिर नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व पीएम के रूप में करेंगे।

जेपी नड्डा का तीन साल का कार्यकाल इसी साल 20 जनवरी को समाप्त हो रहा था। इसके पहले वह जुलाई 2019 में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए थे। उसके बाद 20 जनवरी 2020 को उन्होंने पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर पार्टी की कमान संभाली थी। भाजपा के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष को लगातार तीन साल के लिए दो कार्यकाल दिए जाने का प्रावधान है। मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के रहने वाले नड्डा का जन्म बिहार की राजधानी पटना में दो दिसंबर 1960 को हुआ था। अमित शाह ने इस दौरान नड्डा के नेतृत्व की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी अध्यक्षता में भाजपा को कई अहम चुनावों में जीत मिली। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक राष्ट्रीय राजधानी स्थित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् (एनडीएमसी) के कन्वेंशन सेंटर में सोमवार को शुरू हुई थी।

पीएम मंगलवार सुबह कार्यकारिणी स्थल पहुंचे। उनके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी के करीब 350 वरिष्ठ नेता इस कार्यकारिणी में भाग ले रहे हैं। इनमें पार्टी शासित 12 राज्यों के मुख्यमंत्री व पांच उपमुख्यमंत्री तथा 35 केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं।अगले साल 2024 में प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार देश की जनता से जनमत मांगेंगे। उसके पहले 2023 में 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और यह चुनाव आम चुनाव को लेकर राजनीतिक धारणा बनाने में भूमिका निभाते हैं। इनमें खासतौर पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक में पार्टी का प्रदर्शन लोकसभा की दृष्टि से बेहद अहम होगा। गौरतलब है कि इन राज्यों की 93 में से 87 सीटें इस समय पार्टी के पास है।

### तैयारी

**20 जनवरी को समाप्त हो रहा था कार्यकाल**

**अमित शाह ने नड्डा के नेतृत्व की भी सराहना की**

**अगले एक साल में भाजपा के सामने कई अहम चुनौती**



### विधानसभा-लोकसभा चुनाव के लिए बनी रणनीति

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में विधानसभा और लोकसभा चुनाव की ब्यूहरचना पर अलग-अलग चर्चा हुई। इस साल त्रिपुरा, नागालैंड, मेघालय, कर्नाटक, मिजोरम, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें से ज्यादातर राज्यों में भाजपा या फिर उसके सहयोगी दलों की सरकार है। बैठक में इन राज्यों में सत्ता बचाने और राजस्थान, छत्तीसगढ़ में सत्ता में वापसी पर गंभीर विमर्श हुआ। खासतौर से छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव को केंद्र की सत्ता के सेमीफाइनल के रूप में देखा जा रहा है।

## राजस्थान में जेसीबी की टक्कर से शिव मंदिर ढहा

**करौली।** राजस्थान के करौली जिले के सपोटरा में नाली निर्माण के दौरान जेसीबी मशीन की टक्कर से एक पुराना शिव मंदिर भरभरा कर गिर गया। इससे दो महिलाओं समेत तीन लोग उसके नीचे दब गए। मंदिर के गिरते ही बड़ी संख्या पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने मलबा साफ कर उसमें दबे लोगों को निकालकर सपोटरा हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां से दो महिलाओं की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जयपुर रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम सहित पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। घटना के बाद कलेक्टर अंकित कुमार सिंह और एसपी नारायण टोकस सिविल डिफेंस की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मलबा साफ कराया और बाद हॉस्पिटल पहुंचकर घायलों की कुशल-क्षेम पूछी। जानकारी के अनुसार सपोटरा कस्बे में सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। नाली निर्माण के लिए मंगलवार सुबह कस्बे के नरौली मोड़ पर नाली के लिए जेसीबी से खुदाई का कार्य चल रहा था।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव भाजपा ने जीता



### आम आदमी पार्टी को फिर से झटका लगा

**चंडीगढ़।** मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी को फिर से झटका लगा है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा को जीत हासिल हुई है और अनूप गुप्ता शहर के नए मेयर चुन लिए गए है। भाजपा के अनूप गुप्ता ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के जसबीर सिंह को 1 वोट से हराया। मंगलवार दोपहर हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी को 14 वोट मिले जबकि भारतीय जनता पार्टी को 15 वोट मिले, जिसके बाद भाजपा के अनूप गुप्ता को विजेता घोषित कर दिया गया। भाजपा के अनूप गुप्ता इससे पहले चंडीगढ़ के डिप्टी मेयर थे। वह साल 2021 में पहली बार पार्षद चुने गए थे।चंडीगढ़ का मेयर चुने जाने के बाद भाजपा के अनूप गुप्ता ने कहा, ह्लमैं अपने पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे इस पद के लिए उम्मीदवार चुना। मैं उसी गरिमा से सदन चलाऊंगा जिस तरह से पिछली मेयर सरबजीत कौर ने चलाया।ह्व चंडीगढ़ मेयर चुनाव से कांग्रेस पार्टी के 6 और शिरोमणि अकाली दल के 1 पार्षद ने दूरी बनाई। इन सभी ने मेयर चुनाव में मतदान नहीं किया।

# कश्मीर में राहुल गांधी को खतरा

## सुरक्षा एजेंसियों का अलर्ट, कुछ जगहों पर न चलें पैदल

### खतरा

**राहुल गांधी के पास वर्तमान में जेड प्लस श्रेणी सुरक्षा कवर है**

नई दिल्ली। भारत जोड़ो यात्रा में बिजी राहुल गांधी को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट है कि कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी को कुछ जगहों पर नहीं चलने की सलाह दी गई है। सुरक्षा सूत्रों ने जानकारी दी कि उन्हें जम्मू-कश्मीर में कुछ जगहों पर पैदल चलने से बचना चाहिए। पैदल के बजाय उन्हें कार में यात्रा करनी चाहिए। राहुल गांधी के नेतूव में भारत जोड़ो यात्रा 19 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के लखनपुर में प्रवेश करेगी। पिछले साल 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की थी। 150 दिनी और 3750 किलोमीटर के लक्ष्य के साथ यह यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करेगी। एनडीटीवी की रिपोर्ट है कि सुरक्षा एजेंसी से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राहुल गांधी को जम्मू-कश्मीर में कुछ जगहों पर खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि उनके सुरक्षित करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाई गई है और यह सलाह दी गई है कि उसे पैदल यात्रा करने से बचना चाहिए और इसके बजाय कार में यात्रा करनी चाहिए। अधिकारी ने कहा कि एक व्यापक सुरक्षा समीक्षा अभी भी चल रही है जिसमें रात के पड़ावों के बारे में विवरण पर काम किया जा रहा है। 52 वर्षीय कांग्रेस नेता 25 जनवरी को बनिहाल में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए तैयार हैं और दो दिन बाद 27 जनवरी को अनंतनाग के रास्ते श्रीनगर में एंट्री लेंगे। अधिकारी ने कहा कि राहुल (गांधी) कश्मीर के रास्ते में तिरंगा फहराएंगे। अब तक ऐसा लगता है कि यह बनिहाल के आसपास होगा। फिर यात्रा गणतंत्र दिवस के एक दिन बाद अनंतनाग के रास्ते श्रीनगर में प्रवेश करेगी। उनके अनुसार सुरक्षा एजेंसियां ??चाहती हैं कि राहुल गांधी जब श्रीनगर में हों तो कुछ ही लोग उनके साथ यात्रा करें। योजना के मुताबिक राहुल गांधी 19 जनवरी को लखनपुर में प्रवेश करेंगे और वहां एक रात रुकने के बाद अगली सुबह कठुआ के हटली मोड़ से रवाना होंगे। यात्रा फिर से चड़वाल में रात्रि विश्राम करेगी।



## पीएम आवास योजना का फंड तत्काल जारी करने की मांग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तत्काल धनराशि जारी करने की मांग करते हुए कहा कि यदि इसमें और देर होती है तो राज्य 11 लाख मकानों का निर्माण कार्य 31 मार्च की अंतिम समय सीमा तक पूरा नहीं कर पाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्य ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के 493 पन्नों के उस संवाद के उत्तर में सोमवार को यह पत्र भेजा जिसमें योजना के तहत किए गए खर्चों का ब्योरा मांगा गया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए पश्चिम बंगाल में निरीक्षण दल भेजती रही है। राज्य ने पत्र में स्पष्ट किया है कि उसने केंद्र के सभी प्रश्नों का पहले ही उत्तर दे दिया है और लंबित निधि को जल्द से जल्द जारी किए जाने की मांग की है।

# सुरक्षाबलों व आतंकियों के बीच मुठभेड़

## बडगाम में दो दहशतगर्द ढेर, हथियार भी बरामद

**श्रीनगर।** मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में जिला अदालत परिसर के पास सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं। सुरक्षाबलों को उनके पास से हथियार और गोला बारूद भी बरामद हुआ है। फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि बडगाम जिला अदालत परिसर के पास एक विशेष इनपुट पर सेना और पुलिस की संयुक्त टीम की तरफ से नाका लगाया गया था। इस दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोकने की कोशिश की गई। आतंकवादियों ने इसकी भनक लगते ही गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी ढेर हो गए हैं। आतंकियों के पास से हथियार और गोला बारूद भी बरामद किया गया है। इलाके में तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है।

एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि दोनों आतंकियों की पहचान कर ली गई है। इनमें अरबाज मीर और शाहिद शेख शामिल है। दोनों पुलवामा के रहने वाले थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा से जुड़े थे। हाल की मुठभेड़ में दोनों आतंकी फरार हो गए थे। इससे पहले रविवार को बडगाम जिले के रेडबुग मागाम इलाके में इस वर्ष की पहली मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में आतंकी चकमा देकर भाग निकलने में सफल हुए थे। शुरूआत में दोनों ओर से फायरिंग होती रही, लेकिन कुछ देर बाद दूसरी ओर से फायरिंग बंद हो गई। हालांकि सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाले रखा ताकि आतंकियों को भागने का मौका न मिल सके। काफी देर बाद भी दूसरी तरफ से फायरिंग नहीं हुई तो सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया।



### कार्रवाई

**रविवार को बच कर भाग निकले थे आतंकी**

# पाकिस्तान के बदले राग मोदी से वार्ता को बेकरार

**लाहौर।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने भारत से तीन युद्ध लड़कर सबक पाने की बात कही है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि हमने तीन युद्ध लड़े हैं और इन जंग से बहुत सबक सीखे हैं। उन्होंने भारत से वार्ता की अपील की है। उन्होंने कहा कि मैं पीएम नरेंद्र मोदी से अपील करता हूं कि वे पाकिस्तान से बातचीत को गंभीरता से लेकर कश्मीर सहित अहम मुद्दों पर चर्चा करें। यही नहीं उन्होंने इस्लामिक देश संयुक्त अरब अमीरात से गुहार लगाई कि वह भारत और पाकिस्तान को वार्ता की मेज पर लाने में अहम रोल अदा कर सकता है।



इंटरव्यू में पीएम शरीफ ने कहा भारत के नेतृत्व और पीएम मोदी को मेरा संदेश है कि वार्ता की मेज पर आएं। गंभीर मुद्दों पर चर्चा करें और कश्मीर जैसे मसलों का हल निकाला जाए। हालांकि इस दौरान शरीफ ने कश्मीर का राग भी अलापा और कहा कि वहां आए दिन मानवाधिकारों के उल्लंघन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया को यह संदेश देना चाहिए कि वह बातचीत के लिए तैयार है। इस इंटरव्यू में शरीफ ने कई बार पीएम नरेंद्र मोदी का जिक्र किया और नरम तेवर में नजर आए। पीएम शरीफ ने कहा कि भारत और पाकिस्तान पड़ोसी देश हैं हमें साथ ही रहना होगा। हमें अपने संसाधनों का इस्तेमाल बम और हथियारों की खरीद पर नहीं करना चाहिए। यह मेरा पीएम नरेंद्र मोदी को संदेश है।

## शाह ने दिया कर्नाटक में मिशन-136 यानी 224 में से 136 सीटें जीतने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कर्नाटक में मिशन-136 यानी 224 में से 136 सीटें जीतने का लक्ष्य दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी और बीएस येदियुरप्पा की अभी मुलाकात हुई है जिससे राज्य में सियासत गरमा गई है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है अब इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की मुलाकात हुई जिससे सियासत गरमा गई है। हालांकि इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी या वरिष्ठ नेता की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान 15 मिनट के लिए अलग से मुलाकात की थी। खास बात है कि दक्षिण में विस्तार की कोशिश में जुटी भाजपा कर्नाटक में ही दम दिखा सकी है। अब आगामी विधानसभा चुनाव से पहले भी पार्टी तैयारियां मजबूत करना चाहती है।

# यूपी में स्वास्थ्य सेवाएं हुईं बेहतर

## वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज योजना का असर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज योजना का प्रभावी असर दिखना शुरू हो गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से कराए गए एक सर्वे में यह बातें सामने आई हैं।

प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने बताया कि जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज की सुविधा शुरू हो गई है वहां पर स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार आया है। यह सर्वे दो चरणों में ओपीडी फुटफॉल आईपीडी प्रवेश सीजेरियन (एलएससीएस) और मेजर सर्जरी पर आधारित था जिसमें मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से पहले और बाद की स्थितियों का आंकलन किया गया। सर्वे रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि इन कॉलेजों के शुरू होने से राजधानी के केजीएमयू एसपीजीआई समेत बड़े प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों का भार कम हुआ है।

बहराइच देवरिया और हरदोई में ओपीडी सेवाओं को लेकर हुए सर्वे के अनुसार यहां पर मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से पहले ओपीडी में मरीजों का फुटफॉल सालाना 5 लाख रहता था। वहीं यहां पर मेडिकल कॉलेज की सुविधा शुरू होने से ओपीडी में रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है जो यह दशार्ता है कि यहां के स्थानीय मरीजों का राजधानी की रूख पहले से कम हुआ है। सर्वे के अनुसार देवरिया में जहां अपने ओपीडी में सालाना पांच लाख से कम मरीज दिखाने के लिए आते थे तो वहीं मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से यहां पर ओपीडी सेवा का लाभ 5.30 लाख से अधिक मरीजों ने उठाया है। बहराइच और हरदोई में जहां मेडिकल कॉलेज की सेवा शुरू होने से पहले आईपीडी (अन्तः रोगी विभाग) सेवा का लाभ सालाना 75 हजार मरीज उठाते थे।

वहीं मेडिकल कॉलेज के शुरू होने के बाद एक लाख से अधिक मरीज इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। गाजीपुर शाहजहांपुर अयोध्या और देवरिया में जहां पहले इन मरीजों की संख्या सालाना 50 हजार से कम थी वहीं अब 50 हजार से अधिक इस सेवा का लाभ उठा रहे हैं। इसके साथ ही बस्ती सिद्धार्थ नगर इटावा और प्रतापगढ़ में भी काफी सुधार देखा गया है।

हरदोई बहराइच और जौनपुर में जहां पहले हर साल करीब दो हजार गर्भवती महिलाएं हीं सीजेरियन का लाभ उठाती थी। वहीं अब इनकी संख्या में काफी इजाफा हुआ हैं। बात करें अगर बस्ती की तो यहां का अस्पताल मेडिकल कॉलेज में अपग्रेड होने के बाद हर साल करीब दो हजार से अधिक गर्भवती महिलाएं सीजेरियन का लाभ उठा रही हैं जबकि पहले इनकी संख्या काफी कम थी। इटावा फिरोजाबाद सिद्धार्थनगर अयोध्या फतेहपुर और गाजीपुर में पहले से काफी सुधार हुआ है।

### सर्वे

**जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज की सुविधा शुरू हो गई है वहां पर स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार आया**

## राजधानी में गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर

**नई दिल्ली।** देश में गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। गणतत्र दिवस समारोह के अवसर पर मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी मुख्य अतिथि होंगे। मिस्त्र के विदेश मंत्रालय में सचिव औसाफ सईद ने सोमवार को बताया कि जनवरी में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत द्वारा राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सिसी को आमंत्रित किया गया है। दोनों देशों के राजनायिक संबंधों को इस साल 75 साल पूरे हो रहे हैं। भारत और मिस्त्र के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने को एक महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए सईद ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को भारत को स्वतंत्रता मिलने के तीन दिन बाद दोनों देशों ने औपचारिक संबंध स्थापित किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी को गणतंत्र दिवस के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और निमंत्रण का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा का चतुर्थ दिवस मनाया गया



**नैनी।** चतुर्थ दिवस की कथा में सर्वप्रथम भगवान नरसिंह अवतार राक्षस कुल में होते हुए मां भक्त पहलाद के धर्म की रक्षा के लिए भगवान ने नरसिंह अवतार लिया, भगवान परशुराम जी अवतार, भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी जन्म की कथा एवं सूक्ष रूप संपूर्ण रामायण सुनाई गई अंत में भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा दिव्य नंद उत्सव मनाया गया जिसमें श्री प्रियांशी किशोरी जी ने बताया जब जब धरती पर पापी व अत्याचारी बढ़ते हैं तब-तब भगवान अनेक रूप धारण करके पापियों को मारकर धर्म की स्थापना करते हैं।

### करछना ब्लाक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक 27 को

**करछना।** विकास विकास खंड के क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक 27 जनवरी को ब्लाक परिसर में मीटिंग हाल में आहूत की गई है, उक्त आशय की जानकारी खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2022/23 की कार्य योजना पर चर्चा होगी,15 वां वित्त आयोग पर मार्ग दर्शी सिद्धान्तों पर चर्चा होगी और पेयजल, स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन योजना राष्ट्रीय आजिविका मिशन, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि 18 बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया जायेगा, तथा आगामी विकास योजना को अमलीजामा पहनाने हेतु बिंदुओं पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से चर्चा होगी, बैठक ब्लाक काटकर में 27 जनवरी दिन शुक्रवार को 11 बजे होंगी जिसमें करछना विकास खंड के सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्य गण के साथ सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे बैठक में उपस्थित होकर विकास योजनाओं पर चर्चा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# मऊआइमा पुलिस ने पांच वर्षीय नाजिम हत्याकांड का किया खुलासा

## जमीनी विवाद को लेकर चाचा ने अपने भतीजे नाजिम की गला रेतकर की थी हत्या

**खुलासा**

**सोमवार को सरकारी बाग कब्रिस्तान में गला रेत कर की गई थी मासूम नाजिम की हत्या**



मऊआइमा पुलिस की गिरफ्त में हत्या का आरोपी चाचा

**मऊआइमा।** मऊआइमा में सोमवार की दोपहर में क्षेत्र के ग्राम किंगरिया का पूरा खानपुर नई बस्ती निवासी मोहम्मद कासिम के पांच वर्षीय पुत्र मोहम्मद नाजिम का शव सरकारी बाग कब्रिस्तान की खजूर की झाड़ी में मिला था। जिसका गला रेत कर हत्या किया गया था। मऊआइमा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो उसका मुंह दाब कर धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की बात सामने आयी थी। पुलिस इस हत्या के मामले में जमीनी विवाद को देखते हुए। मृतक के चाचा को कातिल बना कर मंगलवार को जेल भेज दिया।

मऊआइमा के ग्राम किंगरिया खानपुर नया पूरा निवासी मोहम्मद शकील पुत्र इसराईल की पत्नी अकीला बानों विज्ञिप्त है। वह अपने बेटी हाजरा पत्नी मोहम्मद ताहिर कस्बा के मोहल्ला कोट में रहती है जबकि बड़ा पुत्र मोहम्मद कासिम अपनी पत्नी रुबिना बानों एंव पुत्री आलिया तीन वर्ष और पुत्र मोहम्मद नाजिम के साथ रहते हैं। एक ही घर के अलग कमरे में शकील और उसका छोटा पुत्र मोहम्मद हासिम अविवाहित है और अपने हाथ से पकाते खाते हैं। सभी मेहनत मजदूरी पावरलूम पर काम करते हैं। जबकि पिता शकील एक सेठ के यहां घरेलू नौकर है। बताते हैं कि सोमवार को पांच वर्षिय मो नाजिम स्कूल न जाकर घर से दस बजे भोजन करके खेलने चला गया। लगभग एक घंटे के बाद बच्चों ने घर से दो सौ मीटर दूरी पर स्थित सरकारी बाग कब्रिस्तान की खजूर की झाड़ी में नाजिम का गला काट यह शव देखा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोजी कुत्ता की टीम बुला कर पहले घटना स्थाल से पांच सौ मीटर दूर खून आलूदा पैंट बरामद करा कर सीधे डॉग मृतक नाजिम के चाचा मोहम्मद हासिम के कमरे में जाकर हासिम के कपड़े को पकड़ लिया था। पुलिस ने हासिम को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की तो वह जमीनी विवाद को लेकर अपने भाई कासिम से बदला लेने के बजाय उसके पुत्र को अमरूद खिलाने के बहाने खजूर की झाड़ में चाकू से गला रेत का मौत के घाट उतार कर भाग कर घर आ गया था। मऊआइमा पुलिस के कथानुसार हासिम ने अपने कमरे में रखा बालू के अन्दर से आला कत्ल के रूप में मंगलवार को चाकू बरामद करा दिया। पुलिस ने इस प्रकार भतीजे के कातिल चाचा हासिम को मंगलवार को जेल भेज दिया।

### शव को दफनाने को लेकर स्थानीय नेताओं की किच-किच एंव नेतागिरी

मऊआइमा के किंगरिया खानपुर नई बस्ती में जब पोस्टमार्टम के बाद मोहम्मद नाजिम 5 वर्ष का शव सोमवार को देर शाम को पहुंचा तो अधिकांश लोगों एंव परिजनों ने रात में ही दफनाने की बात कही। परन्तु स्थानीय नए नए नेताओं ने पहुंच कर दिन में दफनाने कि राजनीति पर अड़े रहे। जिस पर मृतक के परिजन मान गए। मंगलवार को दस बजे दिन में मो नाजिम का नमाज जनाजा पढा कर दफना दिया गया। परन्तु रात के बजाय दिन में शव दफनाने की रट लगाने वाले नेता मिट्टी के समय नदारद रहे। ऐसे नौसिखिया नेताओं को मंगलवार को दिनभर लोग कोसते रहे।

### पुलिस के खुलासे पर उठ रहे हैं सवाल

नाजिम हत्या के मामले में पुलिस ने जहां दो सगे भाईयों और भाभी पर जमीनी विवाद देखा रही है। वह किसी के भी गले से नहीं उतर रही है क्तल के आरोप में भेजे गए जेल हासिम के पिता शकील का कहना है कि वह पन्द्रह साल पूर्व एक बिस्वा जमीन प्लाटिंग में खरीदने थे। यही बनवा कर एक ही घर में अलग अलग कमरा बनवा कर रहने लगे। कासिम अलग परिवार के साथ रहता है जबकि वह और उनका छोटा पुत्र हासिम अविवाहित अलग कमरे में रह कर मेहनत मजदूरी करके पकाते खाते हैं। शकील के अनुसार उनकी पत्नी अकिला विक्षिप्त होने के कारण अपनी पुत्री हाजरा के साथ रहती है। वह इस घटना से आहत हैं। उनका कहना है कि जमीनी विवाद का कोई मामला नहीं है।



# नदी की सफाई अधूरी, मेड़बन्दी नदारद किसानों की फसल होगी बर्बाद

**मनमानी**

**ठेकेदार की मनमानी अधूरा किया मेड़बन्दी**

**लालापुर।** सरकार किसानों की हित के लिए लाखो रुपये प्रतिवर्ष पानी की तरह खर्च करती है। सम्बंधित ठेकेदार सही ढंग से नदी की सफाई व मेड़बन्दी नही किया आधा अधूरा छोड़कर चलता बना, जिसका खामियाजा दर्जनों गांव के किसान बरसात में भुगतते है सैकड़ों बीघा लहलहाती फसल नदी की बहाव से नष्ट हो जाती है। जिसका जीता जागता उदाहरण बीते वर्ष माह जून में झगरा बरिया नदी की सफाई से लेकर मेड़बन्दी का कार्य ठेकेदार के द्वारा करवाया गया ठेकेदार मौजा घूरी से लेकर इछौरा तक मात्र खाना पूर्ति किया था,जिसकी शिकायत सम्बंधित अधिकारियो से ग्रामीणों ने मांग करते हुये कहा था नदी की सफाई व सही ढंग से मेड़बन्दी करवाई जाय लेकिन ऐसा नही हुआ अगर होगा भी तो बारिश के मौषम नजदीक आते ही शुरू होगा जिससे ठेकेदार को तो फायदा जरूर होगा,वही दर्जनों गांव के किसानों की फसल बिना मेड़ बंदी के बहकर चौपट हो जाएगी।

### बाइक और साइकिल में टक्कर, दो गंभीर अस्पताल में भर्ती

**मऊआइमा।** थाना क्षेत्र के ग्राम धरौता निवासी राम सुख 60 साइकिल से घर जा रहे थे विपरीत दिशा से राम जाने 30 वर्ष पुत्र राम लखन तिलई निवासी बाइक से आ रहे थे जैसे गांव सिटकहवा के पास पहुंचे दोनों आपस में टक्कर हो गई। रामजाने और राम सुख को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां डाक्टरों ने दोनों को रेफर कर दिया।



मृतक के घर सांत्वना देने पहुंची गीता पासी व अन्य

### मृतक मासूम के घर पहुंची गीता पासी, निर्मला पासवान

मऊआइमा के नई बस्ती में सोमवार को देर शाम भाजपा एम एलसी निर्मला पासवान मृतक के घर पर पहुंच कर सांत्वना दी तथा मृतक की माता रुबिना को गले से लगा ली। इस मौके पर निमिष खत्री ,राहुल, आरिफ ,पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी, दिवाकर मिश्रा ,आदि मौजूद थे। तथा जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पुलिस से की थी। मंगलवार को दोपहर में सपा की सोरांव विधायका गीता पासी मृतक के घर पहुंच कर मृतक की माता रुबिना और पिता मोहम्मद कासिम को हर संभव मदद का आशवासन दी।तथा जल्द मासूम बच्चे के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की। गीता पासी के साथ पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी, कैसर, मोहीब, कौशर गयास, नूर उद्दीन सैफी ,मेराज आरिफ आदि मौजूद थे।

## बिना डिग्री वाले युवक निजी पैथोलॉजी केंद्रों में कर रहे जांच

**कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव में खुले दर्जनों से ज्यादा निजी पैथोलॉजी केंद्रों में बिना डिग्री डिप्लोमा वाले अप्रशिक्षित युवकों द्वारा लोगों की जांच की जा रही है। कोरांव के अलावा रतोयरा मोड़, लेडियारी, खीरी आदि बाजारों में भी इस तरह से लैब संचालित किए जा रहे है। आरोप है कि इस तरह के केंद्रों में जहां एक तरफ लोगों से जांच के नाम पर मनमाना पैसा वसूला जा रहा है वहीं दूसरी तरफ सही जांच रिपोर्ट भी नहीं मिल पा रही है। निजी अस्पतालों में भी पैथोलॉजी लैब अप्रशिक्षित लोगों के द्वारा संचालित किया जा रहा है। आरोप है कि अप्रशिक्षित लोगों द्वारा की जा रही जांच की रिपोर्ट से मरीज गुमराह हो रहे हैं। मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ उमेश कुमार का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी अगर ऐसा हो रहा है तो निजी पैथोलॉजी केंद्रों की जांच कराई जाएगी।

# बीडीओ को कमीशन देंगे तो गुणवत्ता कैसे बचेगी, प्रधान संघ ने किया प्रदर्शन

**विरोध प्रदर्शन**

**प्रधान संघ जसरा ने बीडीओ पर लगाया आरोप, कहा- कच्चे कार्य पर पांच फीसद और पक्के कार्य पर मांगा 11 प्रतिशत का सुविधा शुल्क**



विरोध प्रदर्शन करते प्रधान संघ

**बारा।** विकास खंड जसरा की खंड विकास अधिकारी की वसूली वाली कार्यशैली से नाराज विकास खंड जसरा के प्रधान संघ ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को प्रधानों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए पूरे मामले की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से की है। प्रधानों ने कहा कि यदि विकास कार्यों में कमीशन मांगा जाएगा तो वह लोग विकास कार्य का बहिष्कार शुरू कर देंगे। विकास खंड जसरा के प्रधान संघ के अध्यक्ष दारा सिंह का कहना है कि बीडीओ सपना अवस्थी के द्वारा ग्राम सभा में कराए जा रहे कच्चे एवं पक्के कार्यों में क्रमशः पांच और 11 प्रतिशत सुविधा शुल्क देने की मांग करती हैं। ऐसी दशा में विकास कार्यों में गुणवत्ता कैसे दुरुस्त रह पाएगी। आरोपित है कि इसके अलावा विकास कार्यों की जांच पड़ताल करने वाले अधिकारियों को भी 10 से 15 प्रतिशत कमीशन देना पड़ता है।पैसा नहीं देने पर गलत रिपोर्ट लगाने और पेमेंट फंसाने की धमकी दी जाती है। इस तरह विकास कार्यों का लगभग 35 प्रतिशत धन बंदरबांट में चला जाता है।दारा सिंह ने बताया कि खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को कार्यालय में बुलाकर अमर्यादित तरीके से बात की जाती है। इस वजह से जसरा विकास खंड के सभी 63 ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने सीडीओ से बीडीओ जसरा के स्थानांतरण की मांग की है। प्रधानों ने कहा कि अन्यथा की स्थिति में प्रधान विकास खंड कार्यालय में तालाबंदी को बाध्य होंगे। विकास खंड जसरा में प्रदर्शन करने के बाद प्रधानों का जत्था आयुक्त कार्यालय में पहुंच गया।

# आंखें कुदरत का नायाब तोहफा : राजू भैया

**नेत्र शिविर**

**निःशुल्क नेत्र शिविर में 350 मरीजों की जाँच व 150 लोगों को चश्मा,100 लोगों को दवा व 23 लोग भेजे गए ऑपरेशन के लिए चित्रकूट**



निःशुल्क नेत्र शिविर में मरीजों के साथ राजू भैया

**मेजा/माण्डा।** सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन मंगलवार को विधान सभा क्षेत्र मेजा के विकास खंड माण्डा स्थित तिसेन, सुरवाँ चौराहे पर किया गया। निःशुल्क शिविर का शुभारंभ उप निरीक्षक माण्डा अरुण कुमार शुक्ल ने फीता काटकर किया ।

शिविर के आयोजक डीजीएस परिवार के जनसेवक इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने बताया कि निःशुल्क नेत्र शिविर में 350 लोगों ने जाँच कराया जिसमें 150 लोगों को निःशुल्क चश्मा तथा 100 लोगों को निःशुल्क दवाएं दी गयी। कैंप में आये आँख विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच में मिले मोतियाबिंद 23 मरीजों को आपरेशन के लिए अपने साथ चित्रकूट भेजा गया ।

शिविर के आयोजक राजू भैया ने कहा कि मेरा प्रयास है कि सब अपनी आँखों से दुनिया देखें क्यों कि कुदरत की आँखें वो नायाब तोहफा हैं , जिससे सारी दुनिया की रंगीनी, अच्छी-बुरी सभी चीजें देखी जा सकती हैं। आँखें तो सभी प्राणियों को होती हैं, लेकिन मनुष्य में इसका अलग ही महत्व है। राजू भैया ने कहा कि शरीर का सबसे कोमल अंग आँखें होती हैं, इसलिए इनकी सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। आँखों का काम सिर्फ देखना और देखे हुए संदेश को मस्तिष्क तक पहुँचाना होता है। उन्होंने कहा कि शरीर की खूबसूरती में भी ये सहायक हैं। कवियों ने तो उपमाएँ देकर आँखों का बखान किया है अपनी कविताओं, गजलों में। जब जुबान खामोश होती है तो आँखें बोलती हैं अतः आँखों के बारे में जानना व इनकी सुरक्षा करना भी जरूरी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से माण्डवी शरण द्विवेदी, सत्यनारायण पटेल प्रधान, संतोष पाण्डेय प्रधान, रविन्द्र शुक्ल प्रधान, प्रमोद दुबे, चंद्रशेखर द्विवेदी सहित दर्जनों की संख्या में लोग रहे।

# बैठक में नहीं हो पाया सरकारी गल्ले की दुकान का चयन



बैठक में शामिल लोग

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के विकास खंड उरुवा के ग्राम सभा पकरी-सेवार मे सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान कई माह से विवादित चल रही है । कोटे की दुकान से असमय व घटतौली कर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता रहा जिसकी शिकायत कई बार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के नेतृत्व में उपभोक्ताओं द्वारा तहसील प्रशासन व खाद्य आपूर्ति विभाग से शिकायत कर दुकान के चयन को लेकर मांग की गई थी। दुकान के चयन को लेकर ग्राम सभा में प्रधान रेनू पाण्डेय व प्रधान प्रतिनिधि मिथिलेश पाण्डेयऔर सचिव धनंजय यादव की मौजूदगी में मंगलवार को एक खुली बैठक की गई। चयन प्रक्रिया जैसे ही शुरू हुई तो लोगों ने समूह, गैर समूह, एससी वर्ग से कोटे को हटाए जाने को लेकर हंगामा शुरू कर दिया । हंगामे के कारण दुकान का चयन नहीं हो पाया सचिव ने ग्रामीणों को उप जिलाधिकारी से मिलने की बात कहकर बैठक को स्थगित कर दिया।

# कार सवार जालसाज डाक्टर से ले गए 1.5 लाख रुपये

**बारा/शंकरगढ़।** यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में कार सवार जालसाजों ने मंगलवार को एक डाक्टर को 1.5 रुपये की चपत लगा दी।गोपनीय जांच के बहाने प्राइवेट डाक्टर की क्लीनिक पर पहुंचे युवकों ने खुद को सीआईबी का अधिकारी बताते हुए अपना लैपटाप खोलकर झोलाछाप की आड़ में दुकान की जांच करने लगे और तमाम खामियां बताकर एफआईआर दर्ज करवाने और जेल भेजने की धमकी दे डाली। फिलहाल मामले की शिकायत मिलने पर शंकरगढ़ पुलिस ने 419, 420 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ के सिंधी टोला मोहल्ले में डॉ सत्यरंजन एक दवा की दुकान (क्लीनिक) चलाते हैं। मंगलवार को दोपहर 12 बजे एक कार उनकी दवा की दुकान के सामने रुकी और उससे कुछ लोग उतरे। उनमें से एक व्यक्ति लैपटाप लेकर दुकान (क्लीनिक) के अंदर चला गया और सत्यरंजन को सीआईबी का अधिकारी बताते हुए दुकान की जांच की बात कही।

सीआईबी का नाम सुनते सत्यरंजन के घिघ्घी बंध गई और उन्होंने ले-देकर मामले को सुलटाने की बात कही। इसके बाद सत्यरंजन ने 1.5 लाख रुपये का चेक भरा और अभियुक्त के साथ स्थानीय एसबीआई की शाखा जाकर रुपया निकलवाया। रुपया निकल जाने के बाद कार सवार दोनों जालसाज मौके से भाग निकले। दोनों के चले जाने के बाद डा. सत्यरंजन ने इस मामले में छानबीन शुरू की तो पता चला कि वह ठगी का शिकार हो गए हैं। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



## एक पखवारे बाद खुले विद्यालय, खिली धूप में चहके बच्चे

**सहसों।** एक पखवाड़े बाद क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय खुल गए। वही कड़ाके की ठंड के बाद खिली धूप में बच्चों ने विद्यालय में पहुंचकर चहलकदमी की। विद्यालयों में सुबह पहुंचे बच्चे ने प्रार्थना के पश्चात अध्ययन कक्षा में बैठकर पढ़ाई की। प्राथमिक विद्यालय गिरधरगंज की प्रधानाध्यापिका रेशमा बानो ने बताया कि खिली धूप निकलने पर भी बच्चों की उपस्थिति कम रही। विद्यालय के शिक्षक विवेक मालवीय, स्नेह लता यादव व द्वारिका प्रसाद पांडे की देखरेख में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की योगाभ्यास एवं क्रियाकलापों में भाग लिया। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय थानापुर में प्रधानाध्यापिका डा. सुधा सिंह ने बताया कि विद्यालय में धूप और ठंड कम होने के बावजूद भी बच्चों की उपस्थिति चालीस फीसदी रही। प्राथमिक विद्यालय रुदापुर की प्रधानाध्यापिका जय लक्ष्मी गुप्ता ने बताया कि ठंड कम होने के बावजूद भी बच्चों की उपस्थिति साठ फीसदी रही। फिलहाल क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में खिली धूप के चलते बच्चे विद्यालय में उत्साह पूर्वक पहुंचे अध्ययन के साथ विभिन्न क्रियाकलापों में भाग लिया।

# सरकारी धन का सदुपयोग करने में अभिभावक उदासीन, बिना ड्रेस स्वेटर के स्कूल पहुंच रहे बच्चे

**परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिये सरकार द्वारा दी गयी धनराशि का अधिकांश अभिभावकों द्वारा अपने निजी काम किया जा रहा है खर्च**

**उरुवा।** योगी सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का जीवन स्तर बेहतर करने के लिये निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है। कायाकल्प के तहत एक ओर विद्यालयों का भौतिक परिवेश आकर्षक बनाया जा रहा है। इसके लिये बच्चों को लर्निंग मैटेरियल के साथ ही साथ अन्य आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध करायी जा रही है। लेकिन सरकार के इस अभियान में अब अभिभावक ही असहयोग करते नजर आ रहे हैं।परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों की उदासीनता के चलते सरकार द्वारा दी गयी धनराशि का सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को ड्रेस,स्वेटर,बैग, जूता-मोजा,कापी-पेन्सिल आदि के लिये डीबीटी के माध्यम से उनके अभिभावकों के खाते में सीधे एकमुश्त 12 सौ रुपये भेजती है। इस वर्ष भी यूपी सरकार द्वारा दो सेट ड्रेस के लिये 600 रुपये,एक स्वेटर के लिये 200 रुपये,बैग के लिये 100 रुपये,एक जोड़ी जूता के लिये 125 रुपये, दो जोड़ी मोजा के लिये 75 रुपये,कापी-पेन्सिल आदि के लिये 100 रुपये अभिभावकों के बैंक खाता में डीबीटी के माध्यम से भेजा गया है। इस तरह कुल 1200 रुपये प्रत्येक अभिभावकों को दिया गया है। लेकिन अभिभावकों की उदासीनता से बच्चों को सरकार द्वारा प्रेषित धनराशि का सदुपयोग नहीं हो रहा है। हालांकि कुछ अभिभावकों द्वारा सरकार द्वारा दी गयी धनराशि से बच्चों के लिये सामग्री क्रय कर उन्हें उपलब्ध करायी जा रही है लेकिन ज्यादातर अभिभावक इस मामले में उदासीन साबित हो रहे हैं। इस कड़कती ठंड में भी अधिकतर बच्चे बिना ड्रेस,स्वेटर और बिना जूता मोजा पहने ही विद्यालय पहुंच रहे हैं। जबकि शिक्षकों द्वारा बच्चों को लगातार ड्रेस,जूता मोजा और स्वेटर पहन कर ही स्कूल आने को कहा जा रहा है। उरुवा विकास खण्ड के शिक्षक प्रतिनिधि विनोद मिश्र ने बताया कि 'शिक्षकों द्वारा अभिभावकों के साथ लगातार समन्वय स्थापित कर,सरकार द्वारा दी गयी धनराशि का छात्रों के लिये निर्दिष्ट सामग्रियों को खरीदने में खर्च करने और उन्हें सभी आवश्यक सामग्री यथा ड्रेस,बैग, ऊलेन स्वेटर,जूता-मोजा, कापी-पेन्सिल आदि उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। अपवाद स्वरूप कुछ अभिभावकों की उदासीनता देखने को मिल रही है। जल्द ही इसका समाधान भी निकाल लिया जायेगा।'

## विकास खंड के पंचायतों में 24 सौ गरीबों को जल्द प्रधान मंत्री आवास का ग्रीन सिग्नल : देवकुमार



**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना में सभी ग्राम पंचायतों में रहने वाले गरीब पात्र लाभार्थियों को आवासीय बनाए जाने के लिए सरकार के दिशानिदेर्शों के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कच्चे मकानों में गरीबों को जल्द आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी उसके लिए युद्धस्तर पर सचिवों को लगाया गया है लगभग चयन प्रक्रिया अंतिम चरण में चल रही है, प्रकिया पूर्ण होने पर शासन की ग्रीन झंडी मिल जायेंगी और गरीबों के खाते में पैसा ट्रांसफर हो जायेगा और गरीबों को आवास योजना में मकान बनवा सकेंगे, उन्होंने बताया कि अस्सी ग्राम पंचायतों में लाभार्थियों का चयन प्रक्रिया कराई जा रही है लगभग जांच की रिपोर्ट फाइनल हों चुकी है सभी की डाटा एंट्री ऑपरेट कर दिया गया है,जिसकी रिपोर्ट जिला स्तर पर एंटी करा दिया गया है जिसकी रिपोर्ट जल्द सरकार द्वारा लाभार्थियों के खाते में आनलाइन ट्रांसफर दिए जायेंगे, खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार ने यह भी बताया कि सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार लाभार्थियों के बैंक खातों में आधार की फीडिंग का कार्य किया जा रहा है उसके बाद आवास लाभार्थियों सही जांच के बाद उन्हें आवास का लाभ दिया जा रहा है।


**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 3066193 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2279248 का प्रमाणपत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **विकास कुमार पुत्र अनिल मिश्रा, प्रयागपुर, दुर्गागंज, भदोही।**




समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 22.00 |
| न्यूनतम : | 9.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

## संक्षेप

### जरूरतमंद, बेसहारा को खाद्य सामग्री का सहयोग अत्यंत जरूरी : सरदार पतविंदर

**प्रयागराज।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ अरैल बंजारा बस्ती मे जरूरतमंद, बेसहारा परिवारों के मध्य पहुंचकर खाद्य सामग्री का वितरण किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि माघ महीने में रोज दान,पाठ,पूजा का विशेष महत्व है माघ माह में प्रयाग के तट पर निवास, दान- दक्षिणा करना पुण्य फलदायी माना गया है' आध्यात्मिक अर्थ में परमात्मा की याद, ज्ञान का स्नान, विकारों का होम तथा ईश्वरीय ज्ञान गुण व शाक्तियों का अन्य को दान करना ही सच्चा कल्पवास है।

# मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न, दिये निर्देश

## मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन के कार्यों में तेजी लाये जाने के दिए निर्देश

**समीक्षा बैठक**

**मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस से सम्बंधित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश**

**गोवंश आश्रय स्थलों में हरे चारे की व्यवस्था के साथ ही पर्याप्त मात्रा में भूसा के भण्डारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**



आईजीआरएस, विकास प्राथमिकता कार्यों की मण्डलीय समीक्षा करते मण्डलायुक्त

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मंगलवार को गांधी सभागार में आईजीआरएस, विकास प्राथमिकता कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के निस्तारण एवं उसकी गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से किया जाये साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा है कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता को निस्तारण से अवगत भी करा दिया जाये। पीडब्लूडी, खाद्य विभाग, वन विभाग, सहकारिता विभाग के द्वारा किए गए शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक ठीक न पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा है।

विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने हर घर जल योजना के अन्तर्गत कनेक्शन दिए जाने के कार्यों में तेजी लाये जाने का निर्देश कार्यदायी संस्था को दिया है। पशुपालन विभाग की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने छुट्टा घूमने वाले पशुओं को बनाये गये निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में हर हाल में संरक्षित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने गो आश्रय स्थलों के आस-पास के गांवों के चारागाहों में हरे चारे को बोने के लिए कहा है, जिससे कि निराश्रित गोवंशों को हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके साथ ही गोआश्रय स्थलों में पर्याप्त मात्रा में भूसा के सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत पात्र लोगो के गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए है।

मण्डलायुक्त ने नगर एवं ग्राम विकास की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण के अन्तर्गत लम्बित आवेदन पत्रों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है। समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने पेंशन एवं छात्रवृत्ति वितरण के बारे में जानकारी ली। कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त आवेदन की संख्या कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने लोगो के मध्य इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा करते हुए जनपद फतेहपुर एवं कौशाम्बी में आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। पोषण अभियान के तहत आशा, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कुपोषित चिन्हित बच्चों की मानीटरिंग करते रहने के लिए कहा है, जिससे कि जल्द से जल्द वे कुपोषण से मुक्त हो सके। मण्डलायुक्त ने कहा कि जो पंचायत भवन बन कर तैयार हो गये है, उनको क्रियाशील करना सुनिश्चित करें। पंचायत भवनों में सेक्रेटरी बैठकर लोगो की समस्याओं को सुने तथा उनका निस्तारण करायें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में बनकर तैयार पंचायत भवन बंद न मिले तथा जहां पर भी कर्मचारियों की तैनाती नहीं की गयी है, वहां पर तैनाती करना सुनिश्चित करें। पीडब्लूडी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने नई सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री, जिलाधिकारी प्रतापगढ़ डॉ0 नितिन बंसल, जिलाधिकारी कौशाम्बी सुजीत कुमार, जिलाधिकारी फतेहपुर श्रीमती श्रुति सहित सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारीगणों के साथ ही अन्य विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कैदी की मौत मामले में नैनी जेल प्रशासन पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

**प्रयागराज।** मानवाधिकार आयोग की जांच रिपोर्ट के आधार पर दो साल पहले नैनी सेंट्रल जेल में बंद बंदी की मौत के मामले में सोमवार की देर रात जेल प्रशासन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मालूम हो कि हंडिया ऊपरदहा गांव निवासी सूरज चौहान (20) पुत्र उमराव को स्थानीय पुलिस ने 2019 एनडीपीएस की धारा में गिरफ्तार किया था। उसे जेल भेजा गया था। 29 जनवरी 2020 को तबीयत बिगड़ने पर उसे जेल प्रशासन ने एसआरएन में भर्ती कराया गया था।इलाज के दौरान 31 जनवरी 2020 को उसकी मौत हो गई थी। उस दौरान डॉक्टरों के पैनल ने उसका पोस्टमार्टम किया था, जिसमें शरीर में कई जगह चोट के निशान पाए गए थे। इस मामले में मानवाधिकार आयोग की ओर से जांच कराई थी।आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सोमवार देर रात जेल प्रशासन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा नैनी कोतवाली में दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि आयोग की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश

**समीक्षा**

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न**

**परियोजना निदेशक को योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण करते रहने के दिए निर्देश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को कैम्प कार्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में परियोजना निदेशक श्री अशोक कुमार मौर्या ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत द्वितीय चरण में प्रयागराज के दो क्लस्टरों का चयन किया गया है, जिसमें प्रथम क्लस्टर के रूप में बमरौली उपरहार, विकास खण्ड-भगवतपुर तथा द्वितीय क्लस्टर के रूप में बड़ोखर, विकास खण्ड-कोरांव है। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाएं प्रदान करना है। क्लस्टर बमरौली उपरहार में 10 ग्राम पंचायतें तथा क्लस्टर बडोखर में 12 ग्राम पंचायतें चयनित की गयी है। चयनित क्लस्टर की ग्राम पंचायतों में कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को चयनित ग्राम पंचायतों में जाकर कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करने तथा जहां कार्य की प्रगति धीमी है, वहां पर कार्यों में तेजी लाते हुए कार्य को समय से पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। योजना के अन्तर्गत चयनित ग्राम पंचायतों में कूड़ा निस्तारण में गीले और सूखे कूड़े के अलग-अलग कलेक्शन न कराये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित एडीओ पंचायत तथा एडीपीआरओ का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया है कि जब तक सूखे एवं गीले कूड़े का पृथक-पृथक कलेक्शन न प्रारम्भ हो जाये, तब तक इनका वेतन न जारी किया जाये। उन्होंने इस योजना के तहत विद्यालयों में कराये जा रहे कार्यों का सत्यापन परियोजना निदेशक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संयुक्त रूप से करने का निर्देश दिया है। उन्होंने परियोजना निदेशक को इस योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण करते हुए कार्यों को शीघ्रता से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# समस्याओं को लेकर ग्राम प्रधान व रोजगार सेवकों ने किया प्रदर्शन

**नैनी।** पोर्टल बंद रहने से मनरेगा के मजदूरों की हाजरी लेने में आ रही समस्या के निदान की मांग को लेकर सोमवार को ग्राम प्रधान एवं रोजगार सेवकों ने ब्लाक मुख्यालय चाका पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। अखिल भारतीय प्रधान संगठन की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि एनएमएमएस के तहत हाजरी लेने में नेटवर्किंग की समस्या बढ़ गई है। कभी पोर्टल खुलता है कभी नहीं खुलता है, जिससे मजदूरों के भुगतान में समस्या पैदा हो रही है। समस्त ग्राम पंचायतों में जितने भी पक्के कमरों की वित्तीय फाईलों की स्वीकृति प्रदान की गई है। उस पर सामग्री का भुगतान कराया जाए, समस्त रोजगार सेवकों को समय से मानदेय न मिलने से मनरेगा संबंधी कार्यों में आ रही दिक्कतों को दूर किए जाने की मांग की गई है। इस मौके पर नीलम पथिक, संजय, उमा शंकर, अनीता देवी, रमेश प्रसाद, बेला देवी, जय प्रकाश, पंकज कुमार, अर्चना, गोजिज अब्बास आदि उपस्थित रहे।

# माघ मेले में धर्म परिवर्तन की साजिश का खुलासा



प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते पुलिस के अधिकारी

**खुलासा**

**मुस्लिम व हिंदू धर्म से जुड़ी आपत्तिजनक पुस्तकों के साथ तीन गिरफ्तार**

**प्रयागराज।** माघ मेले में धर्मांतरण की साजिश के खेल का चौकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने माघ मेला क्षेत्र से मुस्लिम साहित्य और हिंदू धर्म से संबंधित आपत्तिजनक लेख वाली 204 पुस्तकों के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। एसपी क्राइम सतीश कुमार ने बताया कि इनके पास है जो पुस्तकें बरामद हुई हैं। वह माघ मेले में बेची जा रही थीं। उनमें कुछ ही हिंदुओं की पुस्तकें हैं। बाकी इस्लाम धर्म से जुड़ी हुई पुस्तकें हैं। हिंदू धर्म की इन पुस्तकों में जो श्लोक लिखे हुए थे। उनकी इन्होंने गलत व्याख्या की है, जिससे उनके इरादे संदिग्ध लगते हैं। पुलिस का यह भी कहना है कि गिरफ्तार तीन व्यक्तियों में से एक व्यक्ति एक मदरसे का शिक्षक है, जिसके तार अबू धाबी से जुड़े हुए हैं। जिस व्यक्ति को ये लोग यहां पुस्तक बेचते थे। उसकी फोटो और उसका मोबाइल नंबर ले लेते थे।उसकी फोटो और मोबाइल नंबर अबू धाबी भेज दिया जाता था, जहां उसे आर्थिक सहायता देने के बाद धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता था।गिरफ्तार किए गए युवकों के नाम महमूद हसन गाजी, मोहम्मद मोनिश और समीर है। इसमें इनका सरगना महमूद हसन गाजी प्रयागराज के एक मदरसे का शिक्षक है। मोहम्मद मोनिश स्टूडेंट इस्लामिक आर्गनाइजेशन का सदस्य भी बताया जा रहा है।


### हिंदू धर्म से मुस्लिम धर्म अपना चुके हैं दो आरोपी

एसपी क्राइम ने बताया कि इनमें से पकड़े गए दो आरोपी कभी हिंदू थे। बाद में मुस्लिम धर्म अपना लिए थे। जिस व्यक्ति को निःशुल्क पुस्तकों को देते थे उनकी फोटो खींच लेते थे और उनका रिकॉर्ड अबू धाबी भेज देते थे।इनका टारगेट हिंदू धर्म स्थानों, मेलों आदि में जाकर धार्मिक पुस्तकों को बांटना है। ये करीब दो सालों से ऐसा कर रहे हैं। पूछताछ में जानकारी मिली है कि इनको मदरसे का मौलाना महमूद हसन गाजी पुस्तकों को दते थे।

### हिंदू और मुस्लिम दोनों का रखते थे आधार कार्ड

एसपी क्राइम सतीश कुमार ने बताया कि दोनों गिरफ्तार मोहम्मद मोनिश और समीर के दो-दो आधार कार्ड पाए गए हैं। इनके पास पहले हिंदू के आधार कार्ड भी हैं और बाद में मुस्लिम धर्म अपनाने के बाद मुस्लिम धर्म का भी आधार कार्ड पाया गया है।पूछताछ में पता चला है कि अगर हिंदू धर्म स्थल पर जाते थे तो हिंदू का और मुस्लिम धर्म स्थल पर मुस्लिम आधार कार्ड दिखाते थे। ये दोनों काफी शातिर और टेक्नोसेवी हैं।

# हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत, नफीसा गैंग की रिट याचिका हुई खारिज



**प्रयागराज।** गोरखपुर पुलिस की कड़ी पैरवी के बाद नफीसा गैंग की मुश्किलें अब बढ़ गई हैं। क्योंकि हाईकोर्ट ने इस गैंग के रिट याचिका ( रद्द करने की याचिका) को खारिज कर दिया है। यानी कि इस गैंग के खिलाफ दर्ज मुकदमें की कार्रवाई अब जारी रहेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति गजेंद्र कुमार की खंड पीठ ने दिया है। ऐसे में अब इस गैंग के सदस्यों की जल्द ही गिरफ्तारी हो सकती है।हालांकि, हाईकोर्ट ने रिट याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में यह भी कहा है कि, याचिकर्ता सीआरपीसी की धारा 438 के तहत अग्रिम जमानत और उसके बाद एक आवदेन दाखिल कर सकता है। लेकिन, फिलहाल गैंग के सदस्यों को हाईकोर्ट से किसी तरह की राहत नहीं मिली है।

### गोरखपुर के एसएसपी को हाईकोर्ट ने किया था तलब

जबकि, इस मामले में दो सीओ की जांच रिपोर्ट के बाद केस तो दर्ज कर लिया गया, लेकिन गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई इसपर हाईकोर्ट ने बीते दिनों गोरखपुर पुलिस से जवाब मांगा था। जिसके बाद 18 अक्टूबर को इस मामले में एसएसपी गोरखपुर खुद हाईकोर्ट में हाजिर होकर जवाब दाखिल किए।

### झूठा केस दर्ज करा वसूली करता है गैंग

दरअसल, कैंपियरगंज के रहने वाले खालिद की शिकायत पर कैंट पुलिस ने 7 अगस्त 2022 को नफीसा समेत 7 लोगों पर झूठा मुकदमा दर्ज कराकर वसूली करने और फर्जी साक्ष्य एकत्र करने का मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज होने के बाद नफीसा अपने गैंग के चार महिलाओं के साथ हाईकोर्ट पहुंच गई।



सिरसा बाजार में पैदल गस्त करती पुलिस

# पुलिस ने सिरसा बाजार में किया पैदल गस्त

**मेजा।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र ने मंगलवार को सिरसा बाजार के विभिन्न चौराहों पर पैदल गस्त किया गया । गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई । कोतवाल ज्ञानेश्वर मिश्र बाइक चालकों को हेलमेट पहन कर गाड़ी चलाने व तीन सवारी बैठकर न चलने की हिदायत दी। इसके साथ ही दुकानदारों को भी सड़क पर अतिक्रमण न करने की बात कहा। कोतवाल के साथ चौकी प्रभारी सिरसा जगदीश प्रसाद के साथ पुलिस फोर्स रही।

# शातिर चोर बैंक आयी छात्रा की साइकिल को लेकर फरार, सीसीटीवी कैमरे कैद हुई तस्वीर

**थरवई।** पाण्डेश्वर धाम में पड़िला के आस पास के क्षेत्रों में शातिर चोरो से दहशत का महौल बना हुआ है। अक्सर अधिकतर मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालु व आस पास क्षेत्र के लोग शातिर चोरो के शिकार हो जाते हैं मंगलवार को थाना थरवई अंतर्गत डेरागदाई की प्रियंका यादव पुत्री कमलेश कुमार जो बैंक आफ बड़ौदा शाखा पड़िला में किसी काम के लिए गयी थी उसने अपनी साइकिल को बैंक के बाहर खड़ी करके बैंक के अन्दर चली गई बैक का कार्य करने के बाद जब वह बाहर निकली तो उसने देखा कि उसकी साइकिल वहां से गायब दिखी। जिससे वह बहुत परेशान होकर साइकिल की तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला तभी इसकी सूचना डायल 100 को दी। मौके पुलिस पहुंचकर बैक में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल करने पर चोर को साइकिल को ले जाते हुए कैमरे में कैद दिखा। साथ ही अज्ञात व्यक्ति साईकिल चोरी करने वाला फुटेज के माध्यम से देखा गया तो बैंक के अंदर भी बिना काम के चक्कर लगया उसके बाद छात्रा की साईकिल लेकर फरार हो गया वहीं बैंक में लगे गार्ड मोबाइल चलाने में व्यस्त दिखे। प्रियंका यादव ने स्थानीय थाना थरवई में चोरी हुई साईकिल की लिखित तहरीर दी। जिस पर पुलिस मामले को संज्ञान लेते हुए जाँच पड़ताल शुरू कर दी।



चोरी को अंजाम दे रहा अज्ञात चोर कैमरे में हुआ कैद

# परिवहन निगम की बसों में सड़क सुरक्षा मानको की अनदेखी पर की गयी कार्यवाही

**प्रयागराज।** मंगलवार को सिविल लाइन्स बस स्टैण्ड पर परिवहन निगम की बसों में सड़क सुरक्षा मानकों, सीट बेल्ट, बैक मिरर, बैक लाइट, इंडीकेटर, फाग लाइट व रिफ्लेक्टिव टेप लगे होने का सत्यापन एवं न लगे पाये जाने पर लगाये जाने की कार्यवाही की गयी। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत परिवहन निगम के चालकों एवं परिचालकों को बताया गया कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से निगम की बसों में सड़क सुरक्षा मानकों, सीट बेल्ट, बैक मिरर, बैक लाइट, इंडीकेटर, फाग लाइट आदि सक्रिय हालत में होने चाहिए, जिससे सड़क दुर्घटना होने की सम्भावनाओं से बचा जा सकता है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत, सुश्री अल्का शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन) प्रथम, सुरेश कुमार मौर्य, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) तृतीय दल, सी0वी0 राम सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0रा0स0परि0निगम सिविल लाइन्स, प्रयागराज विक्रान्त सिंह, यात्रीकर अधिकारी, राम सागर, यात्रीकर अधिकारी-प्रयागराज, एवं प्रवर्तन सिपाही उपस्थित रहे।

# राजधानी से आई डॉक्टरों की टीम ने सीएचसी का किया मुआयना

**निरीक्षण**

**सीएचसी शंकरगढ़ में मानक के अनुरूप नहीं मिलीं व्यवस्थाएं**

**दो-तीन महीने में फिर से जांच करने को अस्पताल आएगी टीम**



सीएचसी शंकरगढ़ का मुआयना करने पहुंची डॉक्टरों की टीम

**बारा/शंकरगढ़।** लखनऊ से आई चार डाक्टरों की टीम ने मंगलवार को सीएचसी शंकरगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जांच टीम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डो, लेबर रूम, फामेर्सी, इमरजेंसी वार्ड, उपकरणों के साथ-साथ यहां उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। जांच के दौरान टीम को कई व्यवस्थाएं मानक के अनुकूल नहीं पाई गईं। इसकी रिपोर्ट जांच टीम के द्वारा शासन को प्रेषित की जाएगी।

शासन ने शहर के अस्पतालों की सेहत सुधारने के साथ-साथ गांवों में भी अस्पतालों की दशा सुधारने की दिशा में अहम कदम उठाया है। इसके लिए जनपद के सीएचसी शंकरगढ़ समेत कोरांव, बहरिया, मांडा के हास्पिटल को चयनित किया गया है।

सीएचसी अधीक्षक डा.अभिषेक सिंह ने बताया कि मंगलवार को चार सदस्यीय डॉक्टरों की टीम सीएचसी शंकरगढ़ पहुंची। जांच टीम के द्वारा सरकारी अस्पताल में उच्च क्वालिटी की सुविधा का सर्वे किया गया। टीम ने कहा, इलाज में स्टैंडर्ड गाइडलाइन का पालन किया जाए। मरीजों को कोई इंफेक्शन न होने पाए, इसके लिए एंटीसेप्टिक तरीके से मेडिकल ट्रीटमेंट किया जाए। प्रसव के दौरान भी मेडिकल के निर्धारित मानक का पालन किया जाए। चादर, तौलिया आदि सब स्वच्छ और विसंक्रमित होना चाहिए।

जांच टीम ने बताया कि सीएचसी में मिली खामियों से शासन को अवगत कराया जाएगा। इसके बाद जिला स्तर पर इसके निमित्त ट्रेनिंग भी दी जाएगी। प्रत्येक दो से तीन माह के अंतराल पर टीम फिर से दौरा करेगी। लखनऊ से आई जांच टीम में डा. केके धवन, डा. वंदिता वत्स, डा. मृणालिनी, मनीष त्रिपाठी, सीएचसी अधीक्षक डा. अभिषेक सिंह, डा. संजय सिंह, बीडीएम अभिषेक मिश्र, बीएएम सुनील यादव, बीसीपीएम संजय प्रजापति समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# तंबाकू बिक्री के लिए लाइसेंस लेना होगा जरूरी, जल्द शुरू होंगे आवेदन

**प्रयागराज।** तंबाकू या उससे बने उत्पादों की बिक्री के लिए अब लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। नगर निगम ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव बाद नव गठित नगर निगम के नव गठित मिनी सदन में इस प्रस्ताव को पारित कराने की तैयारी है। प्रदेश के कुछ शहरों में तंबाकू बिक्री पर यह नीति लागू होने के बाद अब प्रयागराज में भी लाइसेंस जारी करने की निगम प्रशासन ने तैयारी कर ली है।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि पूर्व रजिस्ट्री दस्तावेज जो कि आशा देवी पत्नी स्व0 हनुमान प्रसाद पटवा, मौजा- छिवकी, परगना-अरैल करछना, जनपद प्रयागराज के नाम से है। आराजी 50/1 का सम्पूर्ण अंश क्षेत्रफल 47.88 वर्गमीटर वही सं0 1, जिल्द सं0 801, पेज नं0 221 से 240 सीरियल नं0 2507 दिनांक (31-3-2006) को उपबिन्धक कार्यालय करछना में दर्ज है। वह वास्तव में कहीं खो गया है बहुत खोजने पर भी प्राप्त नही हुआ। इस सम्बंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो आई0सी0आई0सी0आई0 प्रयागराज बैंक होम लोन अधिकारी नवीन निगम 8427878440 एवं बैंक के वकील रामभगत दुबे 8765217105 से सम्पर्क करें व आपत्ति दर्ज करायें।

**अंकुर जैन, पता-665 एफ, चक रघुनाथ नैनी, प्रयागराज। मो0: 9335104429**

## संक्षेप

### ढाबे के पास सड़क किनारे खड़ा ट्रक चोरी

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के कसिया पूरब निवासी मुन्ना गौतम ने बताया कि वह ट्रक मालिक है। गांव के समीप ट्रक खड़ा करने के बाद चालक घर चला गया था। इसी दौरान चोरों ने ट्रक पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित को दूसरे दिन हुई तो वह अवाक रह गया। खोजबीन करने के बाद भी ट्रक का कहीं पता नहीं चल सका। थाने पहुंच वाहन स्वामी ने मामले की तहरीर दी। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

**कौशाम्बी।** प्रतापगढ़ के लच्छीपुर बाघराय निवासी प्रकाश सोमवार को साथी अविनाश के साथ सिराथू गया था। देर शाम दोनों घर लौट रहे थे। नहर पुलिया के समीप पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस के साथ पीड़ित युवकों के परिजनों को दी। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

### मिनी स्टेडियम में बनाया गया सेल्फी प्वाइंट

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया गया है। एक जनवरी को ही इसका उद्घाटन हुआ है। स्टेडियम में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है, जो युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। सेल्फी प्वाइंट पर आइ लव भरवारी व पालिका स्पोर्ट्स स्टेडियम लिखा है। रात को लाइटिंग में युवा स्टेडियम में सेल्फी के लिए पहुंच रहे हैं।

### संचालिकाओं के मानदेय में हो सकती है वृद्धि

**कौशाम्बी।** मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड करने के बाद इन केंद्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी के मानदेय में भी वृद्धि की हो सकती है। इसके अलावा कार्य में कमी आएगी। मिनी केंद्रों के अपग्रेड होने के बाद लाभार्थियों की संख्या में इजाफा भी होगा।

# नोडल अधिकारी, विशेष सचिव ने अफसरों के साथ किया समीक्षा

**समीक्षा**

**बड़े गौशालाओं में खोला जाय दवाखाना, सभी व्यवस्थाएं हों दुरूस्त**


अफसरों के साथ बैठक करते विशेष सचिव

**कौशाम्बी।** नोडल अधिकारी विशेष सचिव राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश अनुराग पटेल द्वारा मंगलवार को कलक्ट्रेट के उदयन सभागार में अफसरों के सा थ बैठक कर गौशाला एवं गौवंश संरक्षण से सम्बन्धित समस्त बिन्दुओं पर समीक्षा किया।

बैठक में नोडल अधिकारी विशेष सचिव ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों को सहभागिता योजना के तहत अधिक से अधिक लोंगों को गौवंश सुपुर्द करने के निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी से समन्वय कर कुपोषित बच्चों के परिवारों को गोवंश दिये जाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि सहभागिता योजना के लाभार्थियों को निर्धारित धनराशि का भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने प्रत्येक गौशाला के लिए नोडल अधिकारी नामित करने के निदेश देते हुए कहा कि नोडल अधिकारी द्वारा नियमित रूप से गौशाला का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी जाय। यह भी कहा कि गौशालाओं में गौवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए समुचित व्यवस्था एवं भूसा.चारा की पर्याप्त व्यवस्था हर समय सुनिश्चित किया जाय तथा सभी गौशालाओं के लिए हरे.चारे की व्यवस्था भी शीघ्र सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी गौवंशों की ईयर टैंगंग एवं टीकाकरण शत.प्रतिशत सुनिश्चित किया जाय तथा पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा गौशालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण कर गौवशों की स्वास्थ्य की जॉच किया जाय। बडे गौशालाओं में जहॉ पर अधिक गौवंश संरक्षित हैए, उन गौशालाओं में दवाखाना खोली जाय। उन्होंने गौशालाओं में साफ.सफाई एवं प्रकाश की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही केयर टेकरों का भुगतान समय से करने के निर्देश दिये।

कैटिल कैचर की स्थिति, गौ.आश्रय स्थल एवं संरक्षित गौवंशों की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में 04 कैटिल कैचर उपलब्ध है तथा विकास खण्ड स्तर पर कैटिल कैचर क्रय करने की कार्यवाही 15 दिन के अन्दर पूर्ण हो जायेगी तथा जनपद में अब तक 13864 गौवंश संरक्षित है, शेष गौवंशों को शीघ्र ही संरक्षित कर लिया जायेंगा। उन्होंने बताया कि जनपद में 73 अस्थायी गौ.आश्रय स्थल क्रियाशील एवं 13 निमार्णाधीन है तथा 06 बृहद गौ.संरक्षण केन्द्र प्रस्तावित है, जिसमें में 04 क्रियाशील एवं 02 निमार्णाधीन है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं उप जिलाधिकारी मंझनपुर प्रखर उत्तम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अंगूठा लगवा लिया, नहीं वितरित किया राशन

**कौशाम्बी।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनवरी से एक साल के लिए राशन का वितरण निरूशुल्क कर दिया है। अन्त्योदय कार्ड धारक हों अथवा पात्र गृहस्थी के। सभी मुफ्त राशन दिया गया। भरसवां की कोटेदार पर आरोप है कि अंगूठा सबका लगवा लिया, लेकिन राशन अब तक किसी को नहीं दिया। इस मामले में विभाग के इंस्पेक्टर की भी भूमिका पर लोग सवाल खड़ा कर रहे हैं। भरसवां गांव के रामकरन, जियालाल, जयकरन, रवि करन मौर्य, सर्वेश कुमार आदि लोगों ने अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर कोटेदार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव का कोटा महिला के नाम पर है। बताया कि नए साल पर कार्ड धारकों को निरूशुल्क राशन का वितरण किया जाना था। राशन का उठान करने के बाद कोटेदार ने उपभोक्ताओं को बुलाना शुरू कर दिया। सबका फ्रिंगर प्रिंट लगवा लिया। आरोप है कि करीब 100 से ज्यादा उपभोक्ताओं का फ्रिंगर प्रिंट लगवाया गया हैए लेकिन राशन का वितरण किसी को नहीं दिया गया। मामले में जिला पूर्ति विभाग के क्षेत्रीय इंस्पेक्टर की भी भूमिका पर लोगों ने सवाल खड़ा किया है। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत होने के बाद इंस्पेक्टर ने शिकायतकताओं को आश्वस्त किया है कि वह मंगलवार की सुबह से अपना राशन का उठान कर सकते हैं। शिकायतकताओं से सोमवार को यह भी कहा कि वह यदि चाहे तो अभी कोटेदार के यहां से राशन का उठान कर सकते हैं। इस मामले में डीएसओ अमित तिवारी का कहना है कि फ्रिंगर प्रिंट लेने के बाद राशन का वितरण कैसे नहीं हुआ। इसकी जांच करवाई जाएगी।

## दो पक्षों में मारपीट, चार लोग जख्मी

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के फतेहपुर शहाबपुर गांव में रंजिशन दो परिवार के लोग भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। मारपीट में दोनो पक्ष के चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

फतेहपुर शहाबपुर गांव की पूनम देवी पुत्री राम समेर का पड़ोस की पिंकी देवी से कहासुनी हो गई। तीखी झड़प के बाद दोनों परिवार की महिलाएं एक दूसरे पर लाठी डंडा लेकर टूट पड़ी। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष से नीरजए पिंकी व उसकी मां घायल हो गईं। वहीं दूसरी पक्ष के पूनम की मां को चोटें आई है। पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद पुलिस ने पूनम की तहरीर पर नीरजए ननकाए पिंकी व चिंकी के खिलाफ पिंकी की तहरीर पर पूनम, मनीष रेखा समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## प्रशासन ने असहाय, दिव्यांगजनों के बीच वितरित किया कंबल


कंबल का वितरण करते प्रशासन के लोग

**कौशाम्बी।** भीषण ठंड को देखते हुए मंगलवार को तहसीलदार सिराथू ने क्षेत्र के नौढिया करेंटी समेत कई गांव में गरीब जरूरतमंद, कमजोर लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान और लेखपाल भी मौजूद रहे। कम्बल मिलने के बाद गरीबों ने राहत महसूस की। सिराथू तहसील के नौढिया करेटी समेत कई ग्राम पंचायत में तहसीलदार सिराथू संतोष कुमार ने लेखपाल रियाज अहमद और ग्राम प्रधान रंजीत पटेल के साथ मिलकर जरूरतमंद गरीब लोगों को कम्बल वितरित किया। नौढिया गांव के प्राइमरी स्कूल में लगभग 60 गरीब महिलाओं दिव्यांग लोगों को कम्बल वितरण किया गया।

## युवक ने मां-बेटे को पीटा

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के खल्लाबाद में सोमवार की शाम शराब के नशे में धुत युवक ने पड़ोसी व उसकी मां को पीट दिया। देर शाम थाने पहुंच पीड़िता ने शिकायत पुलिस से की।

खल्लाबाद भरवारी निवासी देवपति पत्नी कल्लू ने बताया पड़ोसी से उसकी रंजिश चल रही है। सोमवार की शाम शराब के नशे में धुत आरोपित युवक उसके घर के समीप पहुंच गाली.गलौज करने लगा। इस पर उसके बेटे सुदामा ने विरोध किया तो आरोपित ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। बेटे को पिटता देख देवपति बीच.बचाव करने पहुंची तो आरोपितों ने उसकी भी पिटाई कर दी। ग्रामीणों ने बीच.बचाव करते हुए मामला शांत कराया। इसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। देर शाम थाने पहुंच पीड़िता ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को दिया।

# कार की टक्कर से महिला की दर्दनाक मौत

**दारानगर, कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली अंतर्गत टेंगाई चौराहा के समीप मंगलवार को तेज रफ्तार कार ने महिला को टक्कर मार दिया। हादसे में घायल महिला की मौत हो गई। जबकिं कार चालक घायल हो गया। आसपास रहे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

बता दे ंकि कोखराज थाना के मनमऊ गांव की सबीरुल निशा पत्नी शब्बीर (50) घर से टेंगाई बैंक गई थी, बैंक से धन निकालकर दवा व सामानों की खरीददारी कर घर वापस जा रही थी। इसी दौरान भरवारी से सिराथू की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कार ने महिला को रौंद दिया। हादसे में महिला खून से लथपथ सड़क पर तड़पने लगी। हादसा देख आसपास रहे लोग घटनास्थल पर पहुचे। जब तक लोग घायल महिला को इलाज के लिए ले जाते तब तक उसकी सांसे थम गई। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल कार चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जबकि हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को देते हुए शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे परिवारीजनों का रो-रो कर बुराहाल रहा।


घटनास्थल पर मौजूद क्षतिग्रस्त कार

## सात जुआरी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कौशाम्बी।** सैनी थाने की अजुहा चौकी पुलिस ने सोमवार की रात टांडा गांव के समीप जुए की फड़ से सात जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने जुए की फड़ से डेढ़ हजार रुपये के साथ ताश के पत्ते बरामद किया है। पकड़े गए जुआरी कुलदीप, सर्वेश, लालचंद्र, सत्यनारायण, बृजभान, मनोज कुमार, निवासी टांडा व मनोज निवासी भैरावां हैं। पुलिस ने आरोपित जुआरियों को जेल भेज दिया है।

# प्रशासन ने चलाया अवैध अतिक्रमण पर अभियान

**अभियान**

**कई वाहनों को किया जब्त, दुकानदारों को अतिक्रमण न करने के दिए निर्देश**


सड़क किनारों से अतिक्रमण हटवाते प्रशासन के लोग

**कौशाम्बी।** वैसे तो जिले के चौराहों, कस्बों की सड़कों में अतिक्रमण की समस्या जस का तस बनी रहती है। अतिक्रमण हटवाए जाने के प्रति मंगलवार को प्रशासन की टीम, सैनी चौराहा, सिराथू के साथ कड़ा रोड पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया।

बता दें कि सैनी चौराहे, सिराथू रोड और कड़ा धाम रोड पर अवैध तरीके से वाहन खड़ा करने वालो और अवैध अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर प्रशासन की टीम ने कार्रवाई की है। पुलिस ने रास्ते पर आटो खड़ा कर समस्या पैदा करने वाले आटो को जब्त करने की कार्यवाई की है। इतना ही नहीं अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को अतिक्रमण न करने के निर्देश दिए है। सिराथू सीओ के.जी सिंह ने बताया कि अतिक्रमण अभियान चलाया गया है,अवैध रूप से रास्ते में आटो खड़ा करने वाले आटो को जब्त किया गया है,उन पर एमवी एक के तहत कार्यवाई की जा रही है,वही अवैध अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को अतिक्रमण न करने के निर्देश दिए गए है। वहीं मौके पर नायब तहसीलदार अंकिता पाठक थाना प्रभारी सैनी भुनेश्वर चौबे एसडीएम राहुल देव भाई आदि मौजूद रहे।

## संपत्ति विवाद के चलते सगे भाइयों में रार

**कौशाम्बी।** महेवाघाट गांव में संपत्ति बंटवारे को लेकर सगे भाइयों के बीच रार छिड़ी है। महेवाघाट निवासी बच्ची लाल पुत्र दुर्गा प्रसाद ने बताया कि संपत्ति के विवाद को लेकर छोटा भाई जान का दुश्मन बना है। आरोप है कि उसके हिस्से की भी भूमि पर कब्जा करते हुए मां के गहने भी हड़प लिए है। अब छोटी.छोटी बात पर आए दिन मारपीट करता रहता है। सोमवार को आरोपित ने घर में घुसकर बच्ची लाल को पूरे परिवार के साथ जान से मारने की धमकी दी। मंगलवार को थाने पहुंच पीड़ित ने मामले की नामजद शिकायत पुलिस से किया।

# पखवार बीता, जले ट्रांसफार्मर की कोई नहीं लिया सुधि

**अनदेखी**

**हाल विद्युत उपकेंद्र अर्का के ग्राम बंधूरी रसूलीपुर गांव का**


ग्राम बंधूरी कर जला ट्रांसफार्मर

**कनैली, कौशाम्बी।** विद्युत उपकेंद्र अर्का अंतर्गत ग्राम बंधुरी रसूलीपुर में पंद्रह दिनों से ट्रांसफार्मर खराब है। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी बिजली विभाग द्वारा कोई सुधि नहीं लिया जा रहा है, ऐसे में ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण खराब ट्रांसफार्मर समय से बदले जाने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

बता दें कि अर्का विद्युत उपकेंद्र के ग्राम बंधुरी रसूलीपुर में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर सौभाग्य योजना के तहत लगाया गया था, जो पिछले पंद्रह दिनों से खराब पड़ा है। इस ट्रांसफार्मर से 50 से अधिक घरों में विद्युत आपूर्ति होती है। ग्रामीणों द्वारा ट्रांसफार्मर बदलने के लिए टोल फ्री नंबर 1912 व विभागीय अधिकारियों को कई बार अवगत कराया, लेकिन अधिकारियों के अनसुनी नीति के चलते ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका है। गांव के धर्मेंद्र ने बताया कि उनके घर को इसी ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति होती है,लेकिन पन्द्रह दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण अंधेरे के कारण पूरा परिवार परेशान है। जबकि अर्जुन कुमार का आरोप है कि विद्युत आपूर्ति न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। मोबाइल चार्ज करने के लिए दूसरे मोहल्ले में जाना पड़ता है। नन्हू लाल के मुताबिक गांव का ट्रांसफार्मर बदलने के लिए टोल फ्री नंबर 1912, विभागीय अधिकारी व लाइनमैन को कई बार कहा गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। पन्द्रह दिनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर बदलने की कोई सुधि नहीं ली जा रही है। विनोद के मुताबिक विद्युत आपूर्ति न होने के कारण हमेशा चोरी होने का डर बना रहता है। बहरहाल कुछ भी हो विभागीय जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते जहां लोगों को अंधेरे में जीवन जीना पड़ रहा है, वहीं लोगों को चोरी आदि की दहशत भी सता रही हैं लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बिजली समस्या को दुरूस्त कराए जाने की मांग किया है।

# अंतर्राज्यीय चोरों का गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे


घटना का खुलासा करते एएसपी

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली पुलिस को मंगलवार की सुबह बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। थाना क्षेत्र के सकाढा तिराहे पर मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम व गिरोह के अभियुक्तों से सुबह तकरीबन 4:00 बजे मुठभेड़ हुई। इस दौरान पुलिस टीम ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से एक अलद वेन्यू कार जिस पर कूट रचित नंबर प्लेट लगा हुआ था। वहीं तलाशी के दौरान तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस 315 बोर तथा 40000 नगदी भी बरामद हुआ है। इतना ही नहीं टीम ने कड़ाई से पूछताछ किया गया तो अभियुक्तों ने बताया कि 12 जनवरी 2023 को कानपुर रोड जनपद कौशांबी में रात्रि करीब 10:00 बजे जायसवाल होटल पर खड़ी पी आर यादव ट्रैवल्स की बस पर जब यात्री नीचे उतर कर खाना खा रहे थे तो अभियुक्त सोहेल खान ने बस में चढ़कर एक बैग से 47.500 नगदी और एक अदद सोने की अंगूठी चोरी कर लिया था। सोहेल खान, अकरम खान आलम द्वारा बताया गया कि वर्ष 2021 की जुलाई अगस्त माह में हम तीनों ने मिलकर एक पिकअप चालक को लूट कर पैसा कमाने के उद्देश्य से कानपुर में सवारी बनकर अधिक किराया देने का लालच देकर रुकवा लिए थे, पिकअप चालक जो प्रयागराज जा रहा था, उसी गाड़ी में बैठकर कुछ दूर चलने के बाद रास्ते में सुनसान स्थान पर रात के अंधेरे में पिकअप चालक को कौशांबी क्षेत्र के प्रयागराज से पहले हाईवे के बाएं ओर खेत में जहां कोई नहीं था जान से मार कर फेंक दिया था। जिसकी शिनाख्त प्रियंका द्वारा अपने पति शशिकांत गुप्ता निवासी गुजैनी गांव कानपुर नगर के रूप में की गई थी। जिसके संबंध में थाना चरवा में मु.अ सं0 176 21 धारा 302 201 बनाम अज्ञात पंजीकृत हुआ था, उक्त तीनों अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान चोरी की घटना में सम्मिलित दो और अभियुकतो रमजान और इरसाद को भी अभियुक्त की निशानदेही पर लोहरा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कोखराज में केस दर्ज है। अभियुक्तों की लिखा पढ़ी कर चालान न्यायालय भेज दिया गया था।

## 380 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र होंगे अपग्रेड

**कौशाम्बी।** मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों से जुडे कर्मचारियों के लिए खुश खबरी है। अब जिले के मिनी आंगनबाड़ी को सामान्य आंगनबाड़ी केंद्रों में अपग्रेड किया जाएगा। अपग्रेड होने के बाद इन केंद्रों पर मिलने वाली सुविधाओं में न सिर्फ इजाफा होगा बल्कि रोजगार के भी द्वार खुलेंगे। इसके लिए शासन ने फरमान जारी करते हुए ब्योरा तलब किया है। कौशाम्बी में कुल 1775 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इनमें से 1395 आंगनबाड़ी केंद्र व 380 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र है। इन केंद्रों पर 6 से 3 वर्ष के 88 हजार 184 बच्चे व 3.6 वर्ष के 42 हजार 177 बच्चों का दाखिला है। दोआबा में संचालित 380 मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को सामान्य आंगनबाड़ी केंद्रों में अपग्रेड किया जाएगा। निदेशालय के फरमान के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी सीडीपीओं को पत्र भेज ब्योरा तलब किया है। शासन से हरी झंडी मिलने के बाद आगे की कवायद शुरू कर दी जाएगी।

# भाजपा सरकार ने दिया है प्रदेश को सुरक्षा और स्थायित्व : डॉ बाबू लाल त्रिपाठी

**कार्यक्रम**

**भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम**


पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बैठे मंचानीस पदाधिकारी

**कौशाम्बी।** आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं इसी चुनाव को लेकर मंगलवार को एक बैठक का आयोजन पार्टी के जिला कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी उमेश द्विवेदी मौजूद रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ बाबूलाल तिवारी ने शिरकत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया।

इस मौके पर बोलते हुए डॉक्टर बाबूलाल तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य की सरकार ने प्रदेश व देश को सुरक्षा और स्थायित्व का एहसास कराया है। जहां केंद्र में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जी तो प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश की जनता को यह भरोसा दिलाया है कि उनका भविष्य उज्जवल व सुरक्षित है इसके साथ शिक्षकों के दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी का हमेशा जुड़ाव रहा हैए वैचारिक रूप से भी भाजपा शिक्षकों के नजदीक ही रही है। ऐसे में इस चुनाव में अब पार्टी कार्यकताओं को शिक्षक एमएलसी चुनाव में शिक्षक मतदाताओं के पास पहुंचकर अधिक से अधिक मत संगठन के ओर डलवाना है। जिससे इस चुनाव में पार्टी जीत हासिल करें। इस मौके पर बोलते हुए एमएलसी उमेश द्विवेदी ने कहा कि पहली बार पार्टी शिक्षक एमएलसी पर अपने प्रत्याशी खड़े कर रही है ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि अपने जिले से पार्टी को जीत दिलाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिले के प्रभारी अनिल सिंह, अजय पांडे, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, अजय त्रिपाठी, चंद्र दत्त शुक्ला, सोमेश्वर त्रिपाठी, राकेश पांडे, चक्रेश मिश्रा, वेद प्रकाश पांडे सत्यार्थी, रिंकू मौर्य, दिनेश पाण्डेय, महेश लोधी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पानी की टंकी उठा ले गये चोर

**लालगंज।** कोतवाली लालगंज अर्न्तगत प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ रैला में अज्ञात चोर पानी की टंकी उठा ले गये। प्रधानाध्यापिका गायत्री मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि विद्यालय में इक्तीस दिसंबर 2022 से पन्द्रह जनवरी, 2023 तक शीतकालीन अवकाश था। इसी दौरान किसी दिन अज्ञात चोर विद्यालय में बने दिव्यांग शौचालय पर रखी गयी पानी की टंकी चोरी कर उठा ले गये। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### कार की टक्कर से युवक घायल, रेफर

**लालगंज।** साइकिल से लालगंज की ओर आ रहे मजदूर अज्ञात कार की टक्कर से घायल हो गया। बिहार प्रदेश के वैशाली जनपद अर्न्तगत अफजलपुर पुरैना थाना पातेपुर निवासी अभयराज (32) पुत्र रामपित राय यहां सरस्वती डिग्री कालेज लालगंज में मजदूरी करता है। बीते सोमवार की रात करीब आठ बजे वह साइकिल से किसी कार्य से लालगंज चैक की ओर आ रहा था। विद्युत पावर हाउस के पास अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज भेजवाया। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सको ने उसे इलाज के लिए स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया है।

# पहाड़पुर व देवली गौशाला का विशेष सचिव ने किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** निराश्रित गोवंशो के संरक्षण को प्रभावी बनाए जाने को लेकर जिले मे नियुक्त किये गये नोडल अधिकारी विशेष सचिव सामान्य प्रशासन लखनऊ रामकेवल ने मंगलवार को लक्ष्मणपुर ब्लाक के देवली व लालगंज ब्लाक के पहाडपुर स्थित गोआश्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया। विशेष सचिव ने देवली स्थित गोआश्रय केंद्र पर पहुंचकर मवेशियो के रहने की व्यवस्था के अन्तर्गत लगाए गए टिन शेडो, मवेशियो के चारे की व्यवस्था के साथ ही उनके रख-रखाव हेतु अन्य संसाधनो की हकीकत खंगाली। विशेष सचिव ने गोबर से बनने वाले उपली कण्डा के बाबत भी जानकारी ली। प्रधान प्रतिनिधि मनोज सिंह ने विशेष सचिव से गोआश्रय केन्द्रों की समस्याओं को बताते हुए कहा कि गोशाला मे रखे गये मजदूरों का बकाया मानदेय सैंतीस लाख रुपए अभी तक नहीं मिल सका है। यहां मवेशियो की देखरेख के लिए छः हजार रुपए प्रतिमाह के मानदेय पर कुल पन्द्रह मजदूर रखे गये है। मवेशियो के लिए प्रतिमाह सात लाख रुपए का चारे पर


लालगंज ब्लाक के पहाड़पुर स्थित गोशाला का निरीक्षण करते विशेष सचिव रामकेवल

खर्च आता है। गोआश्रय केंद्र मे बैरीकेटिंग हेतु अलग से धन आंवटन की मांग की गयी है जो अभी तक अधर मे है। विशेष सचिव ने डीएम व सीडीओ से बात कर समस्याओं से निजात दिलाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर बीडीओ लक्ष्मणपुर सत्यदेव यादव, आलोक पाण्डेय, अश्विनी यादव, सूर्यमणि शुक्ल, धीरज पाल, जयसिंह, रमाकांत आदि मौजूद रहे। इसके बाद विशेष सचिव लालगंज ब्लाक के पहाडपुर स्थित गोआश्रय केंद्र पहुंचे। यहां उन्होनें मवेशियो के संरक्षण के बाबत व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। विशेष सचिव ने पहाडपुर गोशाला मे तीन नये शेड, दो पानी की टंकी, बिजली की व्यवस्था आदि के लिए शासन को पत्र लिखने हेतु बीडीओ को निर्देशित किया। विशेष सचिव यहां मवेशियों के खाने हेतु भूसा, चूनी चोकर व हरा चारा आदि की व्यवस्था देख खुशी भी जतायी। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. बिरजू यादव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कमलेश कुमार कबीर, डा. रत्नेश, डा. अशोक वर्मा, बीडीओ अश्विनी कुमार सोनकर, अविनाश सिंह राठौर, प्रधान प्रतिनिधि देवदत्त शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## थाने से गायब युवती को पुलिस ने किया बरामद

**प्रतापगढ़।** पुलिस को चकमा देकर थाने से फरार हुई युवती को पुलिस ने बरामद किया हैं । सांगीपुर इलाके की एक युवती शुक्रवार की शाम घर से लापता हो गयी थी। मामले मे युवती के पिता ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। सूचना पर पुलिस युवक को हिरासत मे लेकर थाने ले आयी और पीडित परिवार को बुलाकर पूछताछ कर रही थी। मामले मे पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपित अमृतलाल के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। इसके बाद युवती को बीते सोमवार को मेडिकल परीक्षण के लिए पुलिस थाने ले आयी थी। यहां से शाम को वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गयी। एसओ जितेन्द्र सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह छः बजे युवती को राजमतीपुर तिराहे से दरोगा घनश्याम ने बरामद किया है। वह कहीं जाने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रही थी। युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# महिला मोर्चा ने फूलों की रंगोली बनाकर जताई खुशी


महिला मोर्चा द्वारा बनाई गई फूलों की रंगोली

**प्रतापगढ़।** भारत ने एक दिसंबर को आधिकारिक तौर पर जी-20 की अध्यक्षता भारत के प्रधानमंत्री ने संभाल ली है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 20 देशों की अध्यक्षता करने की खुशी से गदगद जनपद प्रतापगढ़ की भाजपा महिला मोर्चा के नेताओं ने रंगोली बनाकर हर्ष जताया है। कार्यक्रम के अंतर्गत रानीगंज विधानसभा के रानीगंज मंडल में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रुचि केसरवानी के नेतृत्व डॉ. माधवी सिंह जिला प्रभारी की उपस्थिति में रानीगंज मंडल अध्यक्ष श्रीमती वंदना त्रिपाठी के द्वारा जी 20 का कार्यक्रम फूलों से रंगोली बनाकर मां बाराही देवी धाम में मनाया गया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रभारी डॉ माधवी सिंह ने कहा कि यह बड़े गर्व का विषय है कि आज भारत को जी-20 की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा किए गए प्रयासों के कारण यह संभव हो सका।इस मौके पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रुचि केसरवानी ने कहा कि भारत के लिए जी 20 की अध्यक्षता संभालना हर एक भारतीय के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर कंचन, नीलम, प्रीति, राधा आदि बहने उपस्थित रही।

# सर्वोपरि है विद्या मंदिर का स्थान : डॉ आर.के. वर्मा

**प्रतापगढ़।** कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत क्षेत्र के गम्भीरा गांव स्थित बीआरडी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को स्व. बाबू रामदास पटेल की 88 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा अलंकरण सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व प्रधान गम्भीरा विनोद पटेल द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रानीगंज विधायक डा. आर. के. वर्मा ने क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि मेरी नजरों में विद्या मंदिर का स्थान दुनिया के सभी मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारे में श्रेष्ठ है। क्योंकि यही वह स्थान है जहाँ जाति, धर्म, ऊंच, नीच का कोई भेद नहीं होता है। सभी बच्चों को समान शिक्षा दी जाती है। अगर यह विद्या का मंदिर न होता इस मंदिर के श्रेष्ठ गुरुजनों का आशीर्वाद न मिला होता तो आज मैं डा0 आर0 के0 वर्मा न


कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ आर.के. वर्मा

बना होता। बल्कि किसी खेत में फावड़ा कुदाल चला रहा होता। उन्होंने सभी अभिभावकों से कहा कि एक वक्त का खाना मत खाना चलेगा लेकिन बच्चों को अच्छी शिक्षा देने से मत चूकना। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट सत्य नारायण यादव, दूधनाथ पटेल, सुधीर श्रीवास्तव, एस पी पटेल, फूलचंद पटेल, रमेश गुप्ता, प्रेम पटेल, जे पी पटेल, राम अजोर पटेल, अखिलेश यादव, महेंद्र यादव, प्रशांत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## युवती व विवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

**प्रतापगढ़।** परिजनों से नाराज होकर एक किशोरी और एक विवाहिता ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। घबराए परिजनों ने पीड़ितों को इलाज को सीएचसी लाकर भर्ती कराया। बाघराय थाना क्षेत्र के शिवनी का पुरवा देवर पट्टी गांव निवासी आकांक्षा (15) पुत्री रमेश कुमार को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया। जिससे नाराज होकर उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ का लिया। उसे कुण्डा सीएचसी में भर्ती कराया गया।इसी प्रकार मानिकपुर थाना क्षेत्र के ताजउद्दीनपुर गांव निवासी चांदनी (22) पत्नी पंकज परिजनों से किसी बात से नाराज होकर घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराए, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री ने हेल्थ एटीएम का किया उद्घाटन

**पट्टी।** पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में आज पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने हेल्थ एटीएम का फीता काटकर उद्घाटन किया ।


पन्नालाल सेठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी जी एम शुक्ला के सहयोग से हेल्थ एटीएम पट्टी में स्थापित कराया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने मंगलवार को फीता काटकर किया। इस एटीएम के खुलने से क्षेत्र के मरीजों को अब बाहर जांच कराना नहीं जाना पड़ेगा। शुगर, बीपी, हार्ड आदि की जांच अब अस्पताल परिसर में ही होगी। जिससे मरीजों को राहत मिलेगी। इस परिप्रेक्ष्य में जब अधीक्षक डा0 अखिलेश जयसवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मरीजों को अच्छी सुविधा प्रदान करने के लिए जिला अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से यह हेल्थ एटीएम स्थापित हुआ है इसके स्थापित



हेल्थ एटीएम का उद्घाटन करते पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह

होने से मरीजों को जहां बाहर जांच कराने जानी पड़ती थी अब उनको बाहर नहीं जाना पड़ेगा और अंदर ही जांच हो जाएगी इस उद्घाटन के अवसर पर ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह पप्पू सिंह खेदन लाल जयसवाल जुग्गीलाल जायसवाल रामचरित वर्मा एवं अस्पताल के सभी डॉक्टर एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश जयसवाल ने बताया कि सीएमओ की अनुमति 50 बेड चिकित्सालय बनने की प्रदान हो गई है। जिसका आज नींव पूजन अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश जायसवाल के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस 50 बेड चिकित्सालय के तैयार हो जाने से क्षेत्र के मरीजों को राहत प्रदान होगी। हम लोगों का प्रयास यह है कि अच्छी से अच्छी चिकित्सा सुविधा क्षेत्रीय लोगों को प्रदान कराई जा सके।

### भगवान की कथा जीवन के कल्याण का है सुगम मार्ग : देवी रश्मि किशोरी



**लालगंज।** नगर मे हो रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ में तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं का समागम दिखा। कथाव्यास श्रीधाम वृंदावन से पधारीं देवी रश्मि किशोरी जी ने कहा कि जीवन मे कल्याण के लिए भगवान की कथा ही सबसे सुगम और सरल हुआ करती है। उन्होने कहा कि भगवान की कथा को सुनकर उसे जीवन मे अपनाने वाले प्राणी को कभी भी संकट का सामना नही करना पड़ता। देवी रश्मि किशोरी जी ने कहा कि श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ का तत्व दर्शन जीव के कल्याण के साथ सच्चाई के मार्ग तथा अधर्म से संघर्ष मे ही निहित है। उन्होने श्रद्धालुओं को भागवत कथा के महात्म्य के संदर्भ में बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने जीवन के सुचितापूर्ण वैभव को बनाए रखते हुए लोकमंगल का भी इसी कथा मे मार्ग सुझाया है। कथा को सुनने के लिए इधर सोमवार की देर शाम क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना भी मण्डप मे पहुंची। यहां उन्होने क्षेत्रीय लोगों की ओर से कथाव्यास देवी रश्मि किशोरी जी का सारस्वत सम्मान किया। वहीं सार्वजनिक क्षेत्र मे कल्याणकारी मिशन के लिए कथाव्यास ने विधायक मोना को मंगलाशीष सौपे। कथा की संयोजिका मालती देवी एवं अनिल कुमार ने कथाव्यास का श्रीअभिषेक किया। इस मौके पर राजेश मोदनवाल, रीता देवी, अधिवक्ता शुभम, संतोष द्विवेदी, सुनील कुमार गुप्ता, निधि मोदनवाल, राज मोदनवाल, नेहा, स्नेहा, शिव देवी, रामसेवक, बब्लू, प्रमोद, दिलीप, विनोद, राधेश्याम, उदयशंकर दुबे, सुनील तिवारी, पं. श्रीकृष्ण तिवारी व नीरज सिंह आदि रहे।

### संगीतमयी श्रीराम कथा 22 जनवरी से

**प्रतापगढ़।** महामहिम राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित प्रधानाचार्य स्वर्गीय अशोक कुमार तिवारी की छठवीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में 22 जनवरी से 29 जनवरी तक दिन में 3 बजे से 6 बजे तक अशोक कुंज, पश्चिमी सहोदरपुर नया माल गोदाम रोड प्रतापगढ़ में चिन्मय मिशन इंदौर के प्रमुख आचार्य स्वामी प्रबुद्धानंद सरस्वती की वाणी में संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन होगा। उक्त जानकारी आयोजक शिक्षक ज्ञानेश तिवारी ने दी है।

### सेंध काटकर दुकान में चोरी का असफल प्रयास

**पट्टी।** नगर स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के बगल राम आसरे चैरसिया ज्वेलर्स की दुकान स्थित है। मरियमपुर गांव निवासी राम आसरे चैरसिया ने आरोप लगाते हुए बताया है कि सोमवार की रात कस्बे के सिविल लाइन मोहल्ले में बेखौफ चोरों द्वारा दुकान में सेंध काटकर चोरी का प्रयास किया गया। इस दौरान खटपट आहट की आवाज सुनकर आसपास के लोग जग गए जिसके बाद वहां पर मौजूद लोगों ने शोर मचाना सुरु किया तो चोर मौके से भाग निकले। घटना की सूचना सुबह जब पुलिस को दी गई तो थाने के एसआई लक्ष्मी नारायण सिंह मय हमराह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल से सेंधमारी में प्रयोग किए गए दो धारदार लोहे की रॉड व गमछा मौके से बरामद किया। जिसके सहारे चोर दुकान की छत पर चढ़े थे। फिलहाल लोगों के शोर-शराबे के चलते चोर मौके से भाग निकले और दुकान में एक बड़ी चोरी की वारदात होते-होते बच गई। दुकान के बगल में इंडियन ओवर सीज बैंक स्थित है। इसके बावजूद भी मौके पर पुलिस मौजूद न होने से पुलिस की कार्य शैली पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा है।

### प्रधानों ने पीएम को संबोधित बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन की लालगंज ब्लाक इकाई के पदाधिकारियो ने मांगो को लेकर पीएम को संबोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा। संगठन के ब्लाक अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार यादव की अगुवाई में सौपे गये ज्ञापन मे सहायक सचिव, शौचालय केयर टेकर की ग्राम पंचायतों की तैनाती के साथ प्रधानों को मानदेय दिये जाने की प्रधानमंत्री से मांग की गयी है। वहीं ज्ञापन में प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, जिला पंचायत सदस्यों की सहभागिता मे पंचायतों से जुडी समस्याओं के समाधान के लिए जनपद स्तर पर डीएम व एसपी की अध्यक्षता मे पंचायत दिवस शुरु कराए जाने की मांग की गई है। जनता द्वारा निर्वाचित प्रधानो को किसी भी दशा मे सरकारी हतोत्साहन नही किया जाना चाहिए। इस दौरान पड़री प्रधान कमलेश, धधुआगाजन प्रधान आशुतोष जायसवाल, परसपुर प्रधान बीना पाल, गौखाडी प्रधान आदित्य गुप्ता, देल्हूपुर प्रधान उदय सिंह, प्रधान बृजेश वर्मा आदि रहे।

# महिला कबड्डी चैंपियनशिप में इंटर कालेज मोहनगंज विजेता

**खेल**

**पूर्व प्राचार्य अमर बहादुर सिंह व लेखपाल महेंद्र प्रताप सिंह की स्मृति में आयोजित हुई कबड्डी चैंपियनशिप**

**प्रतापगढ़।** जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित पूर्व प्राचार्य अमर बहादुर सिंह एवं महेंद्र प्रताप सिंह लेखपाल की स्मृति में 49 वीं सीनियर महिला जिला कबड्डी चैंपियनशिप में इंटर कालेज मोहनगंज ने पीबी इंटर कालेज को 37 -31 के अंतर से शिकस्त दे चैंपियनशिप पर कब्जा किया।

प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। बतौर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश प्रताप सिंह,संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा की उप प्रधानाचार्य, डा. अलीशा


विजेता टीम के खिलाड़ी

खान ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। अध्यक्षता एबीवीपी के प्रांत उपाध्यक्ष डा. धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किया। लाल जी त्रिपाठी, लालमणि सिंह,मो. आसिफ निर्णायक रहे। स्कोरिंग राम कुमार सिंह,आंचल सिंह, मो.इरफान ने किया। कुंवर वीरेंद्र सिंह ने अतिथियों का अभिनन्दन किया। क्रिकेट टेनिस बाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल करने वाले कर्मराज सिंह मंजीत को कबड्डी एसोशिएशन द्वारा सम्मानित किया गया। संचालन डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। आयोजक राजीव कुमार सिंह, अभिषेक सिंह रामू ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दुर्घटना में युवक की मौत पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**लालगंज।** ट्रैक्टर की टक्कर से घायल बाइक सवार की हुई मौत की घटना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के सरूआ गांव निवासी अजीत वर्मा 20 पुत्र शिव प्रसाद वर्मा बीते सोमवार की शाम बाइक से दीवानगंज बाजार गया हुआ था। पडोसी गांव के साथी अमरेश सरोज के घर पर आयोजित कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए वह ददन के साथ सामान लेकर बाइक से घर जा रहा था। पूरे नेवाजी के पास ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हो गया था। सांगीपुर सीएचसी मे चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया था। घटना को लेकर मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर मालिक अवधेश वर्मा पुत्र बाबूलाल वर्मा तथा चालक झुग्गीलाल पुत्र जगन्नाथ के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

# सिपाही ने पेश की ईमानदारी की मिशाल

**प्रतापगढ़।** समाजसेवी की सुरक्षा में लगे गनर ने रविवार को ईमानदारी की मिशाल पेश की। सफर के दौरान ट्रेन में मिले मोबाइल फोन और चार्जर को वापस लौटा दिया। खोया हुआ मोबाइल पाकर जिसका मोबाइल था वह काफी प्रसन्न हो गया।

शहर के समाजसेवी रोशन लाल अपने सुरक्षा में लगे गनर प्रदीप पाल के साथ लखनऊ गए थे। लौटते समय इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक मोबाइल फोन छूटा था। गनर प्रदीप पाल ने मोबाइल और चार्जर को ले लिया। मोबाइल पर फोन आया तो प्रदीप पाल ने उससे बात की जानकारी दी। युवक ने बताया कि वह अंतू के किसुनगंज निवासी ओमप्रकाश वर्मा है। इस पर सिपाही ने उसे बुलाकर


ट्रेन में खोये मोबाइल फोन और चार्जर को वापस लौटाता सिपाही

आधार कार्ड, एक फोटो लेकर सबके सामने मोबाइल और चार्जर उसको सौंप दिया। ओम प्रकाश ने बताया कि इन दिनों वह भगदौड़ के चलते परेशान चल रहा है। अपना मोबाइल चार्ज के लिए लगाया था। अंतू स्टेशन पर मोबाइल को भूल गया और ट्रेन से उतर गया।

## अब हर माह की पहली तारीख को वेतन पायेंगे परिषदीय शिक्षक, खुशी

**लालगंज।** जिले के परिषदीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों मे कार्यरत शिक्षको एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अब हर माह की पहली तारीख को वेतन मुहैया हो सकेगा। प्रदेश के महानिदेशक स्कूली शिक्षा के फरमान मिलने पर जिले के बीएसए भूपेन्द्र सिंह ने इस बाबत कडे निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वेतन भुगतान की प्रक्रिया विलंबित होने पर जिम्मेदारो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। बीएसए का फरमान यहां पहुंचा तो खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव ने इसे अमल मे लाए जाने के लिए सभी प्रधानाध्यापको को शिक्षको की उपस्थिति शासन के फरमान के मुताबिक मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड कर लॉक करने के मंगलवार को आदेश दिये है। बीएसए भूपेन्द्र सिंह द्वारा जारी आदेश के तहत अभी तक शिक्षको की उपस्थिति का ब्यौरा प्रधानाध्यापको द्वारा माह की इक्कीस से पचीस तारीख तक पोर्टल पर अपलोड कर लाक करना होता था। नए फरमान के तहत यह प्रक्रिया अब प्रधानाध्यापक हर माह की इक्कीस से तेईस तारीख तक ही सुनिश्चित करेंगे। इसके बाद चैबीस से पचीस तारीख तक विकासखण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारियो को ब्यौरे की जांच कर बीएसए कार्यालय अनिवार्य रूप से अग्रसारित करना होगा। बीएसए ने दिये गये आदेश मे कहा है कि वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा माह के छब्बीस से उन्तीस तारीख के मध्य शिक्षको एवं शिक्षणेत्तरकर्मियों की उपस्थिति का ब्यौरा हर हाल मे कोषागार भेज देंगे। इस प्रकिया के तहत अब हर माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा। बीएसए के इस आदेश की जानकारी को लेकर मंगलवार को यहां परिषदीय शिक्षको मे खुशी भी देखी गयी।

# चैम्पियन ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**शुभारंभ**

**कमेटी के अध्यक्ष ने पहले दिन फीता काटकर टूर्नामेंट का किया उद्घाटन**

**पट्टी।** नगर के मेला ग्राउण्ड में चैम्पियन ट्राफी क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन कमेटी के अध्यक्ष संजय सिंह ने फीता काटकर किया। इसके बाद लीग मैच की दोनों टीमों महरुपुर व चिन्तामणिपुर के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। चैपियनं ट्राफी के पहले दिन दो लीग मैच खेले गए।

पहले लीग मैच में महरुपुर की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में गेल के 26 रनों की मदद से 101 रन बनाए। जिसके जवाब में चिन्तामणिपुर की टीम ने अजय के 35 रनों की मदद से बेहद रोमांचक तरीके से मैच जीत लिया। दूसरा लीग मैच विराट नगर व ब्लैक पैंथर के बीच खेला


क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर शुभारंभ करते कमेटी के अध्यक्ष

गया। जिसमें ब्लैक पैथर की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 70 रन बनाए। जिसके जवाब में विराट नगर के अखिलेश के 20 रनों की मदद से यह मैच आसानी से जीत लिया। इस दौरान सजीवन सोनी, सनी जायसवाल, आशीष खण्डेलवाल, पंकज सिंह, संतोष कुमार, सहबान, गोलू, आकाश, रविन्द्र मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# बीएचयू के क्रांतिकारी : दिगम्बर यशवंत लेले



**शुभनीत कौशिक**

बीसवीं सदी के आरम्भ में पंजाब और बंगाल में चले रहे क्रांतिकारी आंदोलन के बीच बनारस एक सम्पर्क सेतु का काम कर रहा था। शचींद्र नाथ सान्याल और रास बिहारी बोस जैसे क्रांतिकारी न केवल बनारस में क्रांतिकारी आंदोलन की कमान सँभाले हुए थे, बल्कि देश के दूसरे हिस्सों में चल रही क्रांतिकारी गतिविधियों से भी बनारस को अभिन्न रूप से जोड़े हुए थे। उसी दौर में बनारस में महाराष्ट्र से विष्णु गणेश पिंगले जैसे क्रांतिकारियों का भी आगमन हुआ। जो अपने साथ, वासुदेव बलवंत फड़के, चापेकर बंधुओं, अनंत लक्ष्मण कान्हेरे जैसे क्रांतिकारियों के बलिदानों से समृद्ध महाराष्ट्र की क्रांतिकारी विरासत लेकर आए। उन दिनों बनारस में हो रही क्रांतिकारी हलचलों का विस्तृत ब्यौरा शचींद्र नाथ सान्याल की प्रसिद्ध आत्मकथा 'बंदी जीवन' में मिलता है।

चालीस के दशक में महाराष्ट्र की उस क्रांतिकारी परम्परा से बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी को जोड़ने का काम दिगम्बर यशवंत लेले ने किया। धारवाड़ (बंबई प्रेसीडेंसी) में वर्ष 1920 में पैदा हुए दिगम्बर यशवंत लेले के पिता का नाम यशवंत गणेश लेले था। मैट्रिक तक की पढ़ाई दिगम्बर लेले ने जामखंडी राज के विभिन्न स्कूलों में की। मैट्रिक के बाद उन्होंने पूना के सर परशुरामभाऊ कॉलेज में दाखिला लिया। वहाँ के बाद वे उच्च शिक्षा के लिए बनारस आए, जहाँ उनका प्रवेश बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुआ। ह्यकद पाँच फुट, इकहरा शरीर, काली आँखें, काले बाल, चौड़ा चेहरा और आगे की ओर मुड़े हुए कानह्न, सीआईडी की फाइल में दिगम्बर लेले की शारीरिक बनावट के बारे में यही बातें दर्ज.हैं।

तब दिगम्बर यशवंत लेले बीएचयू में विज्ञान से एम.एस-सी. कर रहे थे। पढ़ाई के दौरान दिगम्बर लेले पहली बार पुलिस की निगाह में तब आए, जब अगस्त 1939 में कम्युनिस्ट पार्टी के नेता महमूदुज्जफर के साथ उनका पत्राचार सेंसर विभाग ने देख लिया। यह पत्राचार बनारस में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के पत्र 'नैशनल फ्रंट' के बिक्री से जुड़ा हुआ था। ये वही महमूदुज्जफर थे, जिन्होंने वर्ष 1932 में छपे प्रसिद्ध कहानी-संग्रह 'अंगारे' में सज्जाद जहीर, अहमद अली, रशीद जहाँ के साथ एक कहानी लिखी थी, जिसका शीर्षक था - 'जवाँमर्दी'। आगे चलकर महमूदुज्जफर ने सज्जाद जहीर आदि के साथ 1936 में प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना और उसके विस्तार में भी योगदान दिया था।

गौरतलब है कि फरवरी 1936 में रजनी पाम दत्त और बेन ब्रैडले द्वारा साम्राज्यवाद के विरुद्ध भारत में संयुक्त 'नैशनल फ्रंट' बनाने के पक्ष में दिए गए प्रस्ताव (दत्त-ब्रैडले थीसिस) के अनुरूप तब कम्युनिस्ट पार्टी के नेता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के साथ मिलकर काम कर रहे थे। इस दौरान साम्यवादी नेताओं को न केवल कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी में प्रवेश मिला, बल्कि दो प्रमुख साम्यवादी नेता सज्जाद जहीर और ईएमएस नम्बूदरीपाद कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के संयुक्त सचिव भी बनाए गए थे। यही नहीं 1939 की त्रिपुरी कांग्रेस के लिए सुभाष चंद्र बोस को कांग्रेस का सभापति निर्वाचित करने में भी वामपंथी झुकाव वाले दलों की प्रमुख भूमिका रही थी।

दिगम्बर लेले युक्त प्रांत के प्रमुख साम्यवादी नेता रुद्र दत्त भारद्वाज के भी सम्पर्क में थे और साम्यवादी दल की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि रुद्र दत्त भारद्वाज खुद भी बनारस के सेंट्रल हिंदू कॉलेज और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के छात्र रह चुके थे। यूथ लीग के सचिव रहे रुद्र दत्त भारद्वाज ने जवाहरलाल नेहरू के साथ भी काम किया था, जो यूथ लीग के सभापति रहे थे। युक्त प्रांत में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की इकाई की स्थापना में अहम भूमिका निभाने वाले रुद्र दत्त भारद्वाज, पीसी जोशी और अजय घोष के साथ पोलित ब्यूरो के सदस्य भी थे। साथ ही, उन्होंने रेलवे वर्कर्स यूनियन और गिरनी कामगार यूनियन के संगठन का काम भी किया था। कम्युनिस्ट पार्टी के साप्ताहिक पत्र 'नया हिंदुस्तान' के प्रकाशन में भी उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका थी।

दिगम्बर लेले दक्षिण भारत के साम्यवादी छात्र समूहों से भी निरंतर पत्राचार कर रहे थे। यही नहीं उनका नाम सीआईडी को कम्युनिस्ट नेता कृष्णा स्वामीरेड्डी के पास से जब्त किए पत्रों में भी मिला था। जिससे साफ पता चलता है कि दिगम्बर लेले बनारस के साम्यवादी छात्रों में प्रमुखता हासिल कर चुके थे। उस समय बनारस में साम्यवादी छात्रों का नेतृत्व करने वालों में राजशेखर रेड्डी भी शामिल थे।

छात्रों के बीच राजनीतिक विचारों का प्रसार हो, वे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय राजनीति में चल रही उथल-पुथल से परिचित हों, इस उद्देश्य से अक्टूबर 1940 से ही दिगम्बर लेले बीएचयू में स्टडी सर्किल भी चला रहे थे। गौरतलब है कि तब छात्रों की राजनीतिक सक्रियता से सशंकित अंग्रेजी राज की पुलिस द्वारा बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में कई बार तलाशी भी ली जा चुकी थी।

दिगम्बर लेले इलाहाबाद के साम्यवादी छात्र नेता डीएन कचरू से भी सम्पर्क में थे। दिसम्बर 1940 में बीएचयू में गोपाल दास श्रीवास्तव के नेतृत्व में साम्यवादी रुझान वाले छात्रों ने जो नया गुट बनाया, दिगम्बर लेले उससे जुड़ गए। इसके बाद जनवरी 1941 से वे भूमिगत रूप से चल रही साम्यवादी दल की गतिविधियों को संचालित करने लगे। इसी क्रम में वे वीएस रानाडे और नुरूल हसन जैसे इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के साम्यवादी छात्र नेताओं के निकट सम्पर्क में आए। उनके साथ मिलकर वे गुप्त रूप से अंग्रेजी राज के विरुद्ध क्रांतिकारी गतिविधियां भी चला रहे थे।

युक्त प्रांत की स्पेशल ब्रांच द्वारा दिगम्बर लेले की क्रांतिकारी गतिविधियों की सूचना दिए जाने के बाद बम्बई की सीआईडी ने ने उनके माता-पिता को चेतावनी दी और इसके संभावित खतरों और दुष्परिणाम के बारे में आगाह किया। तब उनके अभिभावकों ने सीआईडी को आश्वासन दिया था कि दिगम्बर लेले को जल्द से जल्द बनारस वापस बुला लिया जाएगा। कुछ दिनों के लिए दिगम्बर लेले बनारस से धारवाड़ गए भी। मगर फरवरी 1941 में वे पुनः बनारस लौट आए और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में छात्रों को राजनीतिक रूप से संगठित करने और अंग्रेजी राज का विरोध करने में सक्रिय हो गए।

स्पष्ट है कि जहाँ एक ओर दिगम्बर लेले साम्यवादी दल के राष्ट्रीय नेताओं जैसे महमूदुज्जफर, रुद्र दत्त भारद्वाज आदि के सम्पर्क में लगातार थे, वहीं बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे छात्रों को भी वे राजनीतिक रूप से संगठित कर रहे थे। यही नहीं इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के छात्र नेताओं के सहयोग से वे क्रांतिकारी गतिविधियों का संचालन कर रहे थे और उत्तर भारत के विश्वविद्यालय परिसरों में राजनीतिक चेतना को जगाने का काम निरंतर कर रहे थे।

**(लेखक बलिया के सतीश चंद्र कॉलेज में इतिहास के शिक्षक हैं.)**

# बुलडोजर राज पर अंकुश लगेगा?

## समय- संदर्भ



**सुभाष गाताडे**

राष्ट्र की सबसे मजबूत सरकार,
अपने कदमों से जब नापती है एक राष्ट्र की आबादी
तो इसे वैज्ञानिक भाषा में बुलडोजर कहते हैं.
अब स्मृतियों और सपनों का
एक विशाल मलबा बनेगा एक राष्ट्र
और उस मलबे पर फहराएगा एक मजबूत ध्वज.
आ रही है हर दिशा से
मजबूत सरकार के कदमों की आहट..
मजबूत राष्ट्र में जो टूट नहीं पाए - फरीद खाँ

कुछ कुछ अदालती फैसले समूचे मुल्क में सुर्खियां बनते हैं ! गुवाहाटी उच्च अदालत के पिछले दिनों आए फैसले को लेकर यही कहा जा सकता है जिसमें उच्च न्यायालय - मुख्य न्यायाधीश आर एम छाया और न्यायमूर्ति सौमित्रा सैकिया की बनी की द्विसदस्यीय पीठ - ने असम के सलोनाबाड़ी गांव, जिला नागौन में की गयी गैरकानूनी तोडफोड को लेकर अपना सख्त फैसला सुनाया था।

मालूम हो कि न केवल इस द्विसदस्यीय पीठ ने बिना किसी प्रक्रियाओं का पालन किए किए जा रहे विध्वंस की भर्त्सना की बल्कि ऐसी कार्रवाइयों को 'गैरकानूनी' कहा और भाजपाशासित असम सरकार को यह निर्देश दिया कि वह विध्वंस से प्रभावित पीड़ितों को मुआवजा देने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर 'उचित कदम' उठाएं। खबरों के मुताबिक असम सरकार ने अदालत को यह आश्वासन दिया है कि वह पंद्रह दिनों के अंदर इसपर अमल करेगी।

निस्सदेह एक ऐसे माहौल में जबकि मुख्यतः भाजपा शासित सूबों में बुलडोजर के इस्तेमाल को लेकर जूनून सा बना है, उसे तुरंत न्याय दिलाने के उपकरण के तौर पर देखा जा रहा है, गुवाहाटी उच्च न्यायालय का फैसला उम्मीद की किरण बनकर आया है।

अगर हम ग्राम सलोनाबाड़ी - जहां मुख्यतः बंगालीभाषी मुसलमान रहते आए हैं, लगभग 3000 की आबादी है - में बीत साल के घटनाक्रम पर निगाह दौड़ाएं तो पता चलेगा कि लगभग आठ माह पहले नागौन पुलिस ने वहां सदलबल छापा डाला था, अपने साथ वह बुलडोजर लेकर भी आए थे और वहां उन्होंने कुछ घरों को तबाह भी किया, जिसमें सफीकुल इस्लाम का घर भी था - जिसकी महज एक दिन पहले ही पुलिस हिरासत में कथित तौर पर यातना के चलते मौत हुई थी - और उसके कुछ नजदीकी रिश्तेदारों के मकान भी थे।

दरअसल सफीकुल की मौत से आज भी रहस्य के पर्दे में है। बीस मई 2022 को सफीकुल - जो मछली का व्यापार करता था - अपने धंधे के सिलसिले में शिबसागर जिला जा रहा था, जहां रास्ते में ही उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया, पुलिस का आरोप था कि वह शराब पीए था।अगली सुबह तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस दौरान - उसके रिश्तेदारों के मुताबिक पुलिस ने उसकी रिहाई के लिए कुछ घूस की मांग की थी, जिसे देने की हालत में वह नहीं थे। उसकी मौत से उद्वेलित उसके रिश्तेदारों और बस्ती के लोगों ने बटाद्रवा पुलिस स्टेशन पर प्रदर्शन किया और पुलिस का कहना है कि उन्होंने उसमें आगजनी भी की।

सफीकुल इस्लाम के अंतिम संस्कार के बाद ही पुलिस ने बस्ती पर धावा बोल दिया, बुलडोजर भी पहुंच गए थे ; न केवल उसने कुछ मकानों का तबाह किया बल्कि सफीकुल इस्लाम की पत्नी और आठवीं कक्षा में पढ़ रही उसकी बेटी को तथा उसके भाइयों को भी थाने में एक दिन पहले हुई हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किया। और सभी पर गंभीर आरोप भी लगे है।

गौरतलब है कि न केवल गांव के निवासियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए सुनियोजित हिंसा के आरोपों को सिरेसे खारिज किया बल्कि खुद पुलिस के अधिकारी भी इन मकानों के विध्वंस को परिभाषित करने को लेकर दिग्भ्रमित दिखे, पहले उन्होंने उसे अतिक्रमणविरोधी कार्रवाई बताया, लेकिन बाद में उसे 'सर्च आपरेशन' का हिस्सा घोषित किया। अगर हम बाकी मुल्क के घटनाक्रमों पर गौर करें, हम कह सकते हैं कि सलोनाबाड़ी में मकानों का विध्वंस कोई अपवाद नहीं था। यही वह दौर था जब बुलडोजर के जरिए उन्माद कई सूबों में उजागर हो रहा था

सूबा उत्तर प्रदेश से शुरू होकर, मध्यप्रदेश, गुजरात होता हुआ वह सिलसिला असम और कर्नाटक में भी पहुंचा था - यह महज संयोग नहीं था कि यह सब भाजपाशासित राज्य थे और - पुलिस एवं प्रशासन के लोग निर्द्वन्द होकर बुलडोजर का इस्तेमाल करते दिख रहे थे। तुरंत न्याय दिलाने के नाम पर समूची न्यायप्रणाली को ही पंक्चर किया जा रहा था। न सवाल पूछने की जहमत, न अदालती फैसलों के अंतहीन इन्तजार की जरूरत थी, अब हर 'अपराध' की एक ही दवा पेश की जा रही थी।बुलडोजर..बुलडोजर। फिर वह चाहे वयस्क युगल का घर से भाग कर शादी करना हो, या कानून के साथ किसी विवाद में फंसने का मसला हो या सांप्रदायिक हिंसा का मसला हो, सामूहिक सजा का महिमामंडन तेजी से हो रहा है ।

सबसे विचलित करने वाली बात थी कि ऐसे तमाम तथ्य सामने आने के बावजूद कि राज्य की ऐसी कार्रवाइयां किस तरह प्राकृतिक न्याय के उसूलों का उल्लंघन करती हैं - जिसमें पूर्वसूचना का और पीड़ित की बात सुनने का प्रावधान शामिल रहता है - न्यायपालिका ने मकानों एवं संपत्तियों के इस 'गैरकानूनी किस्म' के विध्वंस पर एक अस्पष्ट सा रूख अपना रखा था।

निचली अदालतों को तो भूल जाएं, मुल्क के उच्च या उच्चतम न्यायालय भी इस मामले में ढुलमुल दिख रहे थे। पिछले ही साल जमीयत उलेमा इ हिंद ने उत्तर प्रदेश में मकानों,प्रतिष्ठानों के विध्वंस को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका दायर की थी। हालांकि यह जाहिर था कि कार्यपालिका ज्यादतियां कर रही हैं, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने भी अंतरिम स्थगन का आदेश नहीं दिया और विध्वंस की प्रक्रिया मुख्यतः मुस्लिम बहुल इलाकों में बदस्तूर जारी रही। अगर हम इस समूची पृष्ठभूमि पर गौर करें तो गुवाहाटी उच्च अदालत के फैसले की अहमियत आसानी से समझ में आती है।

ऐसा कोईभी व्यक्ति जिसने सलोनाबाड़ी के मकानों के विध्वंस के मामले को लेकर अदालती कार्रवाइयों पर गौर किया हो तो वह बता सकते हैं कि पहली ही सुनवाई से अदालत ने अपना रूख स्पष्ट किया था। अदालत ने इस बात पर जोर दिया था कि पुलिस जांच के नाम पर बिना अनुमति के किसी का भी मकान ध्वस्त नहीं कर सकती है और अगर यह सिलसिला जारी रहा तो इस मुल्क में कोई भी सुरक्षित नहीं बचेगा।

उसने यह भी जोड़ा, 'आप अपराध न्यायप्रणाली के किसी भी कोण से हमें समझाइए कि अपराध की जांच करने के नाम पर पुलिस किसी भी व्यक्ति को बेदखल नहीं कर सकती, बुलडोजर का प्रयोग नहीं कर सकती।' अदालत को कार्यपालिका के इस मनमानीपन की तुलना फिल्मों के साथ करने में भी कोई गुरेज नही था। उसने कहा, 'मुमकिन है कि फिल्मों मे आप ऐसी ज्यादतियां देखते हों, लेकिन एक सभ्य समाज में इनकी इजाजत नहीं दी जा सकती।'

क्या यह कहना सही होगा कि कानून के राज की बात पर गुवाहाटी उच्च अदालत का जोर और संवैधानिक सिद्धांतों को बरकरार रखने की उसकी पूरी बेचैनी, इसी वजह से देश के अन्य भागों की न्यायपालिका को भी अपने अस्पष्ट रूख को छोड़ना पडा और एक स्पष्ट स्टेण्ड लेना पड़ा।

साफ है ऐसा कोई सीधा प्रमाण मिलना मुश्किल है, लेकिन हम नहीं भूल सकते हैं कि गुवाहाटी मामले में अदालत के सख्त रूख के बाद ही पटना उच्च अदालत बुलडोजर द्वारा पटना के अंदर भी बुलडोजर के प्रयोग को लेकर सख्त टिप्पणियां की गयी। बिना किसी पूर्वसूचना के एक महिला का मकान ध्वस्त करने के मामले पर गौर करते हुए उसने साफ कहा कि इसमें उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है।

जब याचिकाकर्ता स्त्री ने यह आरोप लगाया कि इस मकान को ध्वस्त क का काम किसी जमीन माफिया के इशारे पर हुआ है, तो न्यायाधीश संदीप कुमार ने पूछा कि ह्यक्या बुलडोजर यहां भी अब पहुंच गया है ? अदालत ने पुलिस से पूछा, 'आप किस की नुमाइंदगी करते हैं, राज्य की या किसी निजी व्यक्ति की ? किसी व्यक्ति का मकान बुलडोजर से ध्वस्त करके आप तमाशा कर रहे हैं।' इतनी दूर से इस बात का अंदाजा लगाना मुश्किल है कि सलोनाबाड़ी के निवासियों की - जितने भी वहां अब बचे हैं - उच्च अदालत के इस फैसले को लेकर क्या प्रतिक्रिया रही?

क्या वह जानते हैं कि उच्च अदालत ने उनके हक में फैसला दिया है ? जब इस बात पर आप सोचते हैं तो बरबस आप की आंखों के सामने साड़े चार साल की तुलतुल बेगम और दस साल के बड़े भाई आदिल का चेहरा आ जाता है, जिनके पिता रोफिकुल इस्लाम भी, उनके दूसरे चाचा, उनकी चाची - जो सफीकुल इस्लाम की पत्नी हैं - और आठवीं कक्षा में पढ़ रही सफीकुलचाचा की बेटी सभी जेल में बंद हैं। निश्चित ही बस्ती में वह एकमात्र बच्चे नहीं है जिनकी जिन्दगी रातोंरात बदल गयी है।

मुमकिन है तुलतुल बेगम को मुआवजे की बात या पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की बात बारीकी से समझ में न आती हो, लेकिन दोनों की सूनी आंखें फिलवक्त यही बताती हैं कि उनमें रौनक तभी लौटेगी जब उनके पिता, उनके चाचा ,उनकी चाची, उनकी चचेरी बहन सभी जल्द से जल्द घर लौटें। वही उनके लिए ईद होगी, वही उनके लिए जश्न की रात साबित होगी !

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार एवं सोशल ऐक्टिविस्ट हैं)**

# हिमालय मंच की साहित्य, संस्कृति यात्रा

## जाता हुआ वर्ष



**एस आर हरनोट**

ऐसी बहुत कम संस्थाएं होती हैं जो सरकारी अनुदान और स्पोंसरशिप के बिना भी केवल सदस्य लेखकों के सहयोग से वर्ष भर राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय साहित्यिक आयोजन करती रहे। प्रख्यात लेखक, सोसिएल एक्टिविस्ट और हिमालय मंच के अध्यक्ष एस.आर.हरनोट की अगुवाई और परिकल्पनाओं से हिमालय साहित्य मंच गत 12 सालों से बहुत सक्रियता से साहित्य, संस्कृति, पर्यावरण और पारंपरिक लोक संगीत के क्षेत्र में यह भूमिका निभा रहा है। ऐतिहासिक गेयटी थियेटर, रोटरी टाउन हाल और विशेषकर सभागारों से बाहर आमजन के बीच हिमालय मंच ने कई अनूठे आयोजन किए हैं। इनमें चाहे बाबा भलखू कालका शिमला साहित्य रेल यात्रा हो, 75 से 85 वर्षीय सक्रिय लेखकों के साथ युवाओं के सम्मान हो, पंचायतों, स्कूलों और कॉलेजों में साहित्यिक उत्सव हो, पर्यावरण यात्राएं और पौध रोपण हो, छात्रों, नवोदित और युवा लेखकों के साथ साहित्य संवाद, गोष्ठियां हों या पुस्तक लोकार्पण व चचाएं हों या पारंपरिक लोक संगीत का भव्य आयोजन इन सभी के अनुशसित आयोजनों का श्रेय हिमालय मंच को ही जाता है।

वर्ष 2022 की बात करें तो अकेले हिमालय मंच ने बिना सरकारी और किसी संस्था के सहयोग के लगभग 16 बड़े आयोजन किए हैं। पूर्व सरकार के चार वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह से साहित्य, कला और संस्कृति के लिए जहां उदासीनता का रहा वहीं जब प्रदेश सरकार के भाषा एवं संस्कृति सचिव श्री राकेश कंवर ने कार्यभार संभाला तो उनसे बहुत सी उम्मीदें जगी। परिणामस्वरूप उन्होंने साहित्यकारों की एक बैठक गेयटी सभागार में उस दिन आमंत्रित की जब लेखकों और संस्कृत कर्मियों को हिमाचल अकादमी पुरस्कार दिए गए। हिमाचल में ये पुरस्कार कभी समय रहते नहीं दिए गए और भाषा विभाग के राज्य सम्मान तो पिछले 15-16 सालों से बंद ही कर दिए गए थे। हिमालय मंच कई सालों से गेयटी सभागार को गोष्ठियों के लिए निःशुल्क देने की मांग कर रहा था। बुक केफे के निजीकरण का पुरजोर विरोध कर रहा था। शिक्षा विभाग में हुए 8 और 12 करोड़ के पुस्तक घोटालें में दोषियों को सजा देने का आग्रह कर रहा था और साथ यह भी पूछ रहा था कि करोड़ों के पुस्तक खरीद बजट में हिमाचल के लेखकों की पुस्तक खरीद का कितना हिस्सा रखा गया है। साथ ही यह मांग भी कर रहा था कि हिमाचल के लेखकों को एक ऐसी जगह उपलब्ध हो जिसमें एक छत के नीचे उनकी किताबें रहें और बिके। इस बैठक में सभी लेखकों के सुझाव के साथ जब एस.आर.हरनोट ने पुनः इन सभी मांगों को दुहराया तो राकेश कंवर जी ने गेयटी सभागार निःशुल्क कर दिया, गेयटी में ही किताब घर की स्थापना हुई जिससे पूर्व सरकार पर पुस्तक संस्कृति के प्रति उदासीनता तो कम हुई ही प्रदेश और प्रदेश से बाहर भी एक सकारात्मक संदेश गया। हरनोट ने कई मुद्दों के साथ एक बड़ा प्रश्न यह भी किया कि जब अकादमी पुरस्कार उसी के नाम से प्रत्येक क्षेत्र में दिए जा रहे थे तो ऐसा क्यों हुआ कि ये पुरस्कार अचानक भाजपा और आर एस एस के नेताओं और कुछ जुनियर चेहते लेखकों के नामों से दिए गए...?

जो संस्थाएं गेयटी में निःशुल्क कार्यक्रमों के लिए पंजीकृत की गई उसमें हिमालय मंच पहले स्थान पर था और प्रत्येक संस्था को वर्ष में बारह आयोजन इस शर्त पर दिए गए कि यदि कोई संस्था सरकारी विज्ञापन, सपांसरशिप या अनुदान लेकर गेयटी में कार्यक्रम करती है तो उसे सभागार और हॉल का पूरा किराया देना पड़ेगा जिसे सचिव भाषा एंव संस्कृति हिमाचल प्रदेश सरकार की 3 फरवरी, 2022 को जारी अधिसूचना के नियम क्रमांक 14 में स्पष्ट किया गया था .....हालांकि यह नियम मात्र कागजों में ही रहे और कुछ संस्थाओं ने खूब सरकारी अनुदान लेकर साहित्य की ह्यसेवाएंह्य कीं। परन्तु हिमालय मंच ने किसी भी साहित्यिक आयोजन के लिए कभी कोई सरकारी अनुदान नहीं लिया और अपनी 14 साहित्यिक गोष्ठियां राज्य स्तर से लेकर स्थानीय रूप से आयोजित की।

पहली गोष्ठी हिमालय मंच ने 13 फरवरी, 2022 में गेयटी सभागार में आयोजित की जिसमें वरिष्ठ लेखकों सहित 25 छात्र-छात्राओं ने कविता पाठ किया। दूसरी गोष्ठी 21 फरवरी को स्थानीय युवा और वरिष्ठ लेखकों और गजलकारों के साथ आयोजित की गई। तीसरी गोष्ठी 7 मार्च, 2022 को हिमालय मंच ने नवल प्रयास संस्था के साथ मिलकर की जिसका अध्यक्षता प्रख्यात गजलकार डॉ.विनोद प्रकाश गुप्ता 'शलभ' ने की। चौथी गोष्ठी नवोदित और युवाओं के लिए 'कहानी कार्यशाला' के रूप में 13 मार्च, 2022 को आयोजित की गई जिसका संचालन डॉ.विद्यानिधि ने किया। इस में सुरेश शांडिल्य, गुप्तेश्वर नाथ उपाध्याय, दीप्ति सारस्वत, हरदेव सिंह धीमान, उमा ठाकुर, सुरेश चंद शुक्ला और रूपेश कुमार ने कहानी पाठ किए। हिमालय मंच का पांचवां अनूठा आयोजन प्रख्यात लेखक निर्मल वर्मा के जन्मदिवस 3 अप्रैल, 2022 को था जिसमें रिज मैदान पर स्थित बंद पड़े शिमला बुक कैफे के प्रांगण से कैथू स्थित भज्जी हाउस, जहां निर्मल वर्मा ने छात्र जीवन के 15 वर्ष गुजारे, तक आयोजित की गई। पूरे दिन के इस यात्रा और गोष्ठी कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक लेखकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

छठा आयोजन हिमालय मंच ने वरिष्ठ लेखक सुंदर लोहिया के 90 वें जन्मदिन पर गेयटी सभागार में आयोजित किया जिसमें भाषा संस्कृति सचिव राकेश कंवर जी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान लोहिया जी की कविता पुस्तक ह्यएक अस्वीकार और अन्य कविताएंह्य को भी लोकार्पित किया गया। स्मरण रहे कि वरिष्ठ लेखकों के सम्मान के तहत अपने पहले आयोजन में हिमालय मंच ने जिन पांच लेखकों को ह्यजीवन उपलब्धि सम्मानह्य से नवाजा था उनमें सुन्दर लोहिया जी को भी सम्मानित किया गया था। यह भव्य आयोजन शिमला जिलाधीश कार्यालय के बचत भवन में हुआ था जिसमें तत्कालीन दिवंगत मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह जी बतौर मुख्य अतिथि पधारे थे। इस आयोजन में प्रख्यात कथाकार गौरीनाथ और इटली की प्रोफेसर 80 वर्षीय मेरिओला ओफरीदी भी विशेष अतिथि के रूप में पधारी थीं।

हिमालय मंच ने सातवां और आठवां आयोजन गेयटी सभागार में 2 और 3 मई को दो दिवसीय ह्यकथा संवादह्य के रूप में किया जिसमें प्रदेश भर से लगभग बीस लेखक पधारे। पहले दिन लेखकों ने एक दूसरे के रचनाकर्म पर बात की जबकि दूसरे दिन दस लेखकों ने अपनी कहानियां पढ़ीं और दस युवा और वरिष्ठ आलोचकों ने उन पर चर्चा की। इस कथा संवाद का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि राकेश कंवर जी ने किया जबकि मंच विशेष अतिथि के रूप में डॉ. देवेन्द्र गुप्ता ने साझा किया। उनके साथ डॉ. हेमराज कौशिक, डॉ.कर्म सिंह और वरिष्ठ उपन्यासकार गंगाराम राजी उपस्थित रहे।

हिमालय मंच का दो दिवसीय नौवां और दसवां राष्ट्रीय आयोजन 'बाबा भलखू कालका शिमला साहित्यिक रेल यात्रा' 13 और 14 अगस्त, 2022 को था जिसमें पहली बार देश भर से 15 प्रख्यात लेखकों सहित 30 से अधिक स्थानीय लेखकों ने भागीदारी कीं। पहले दिन चलती ट्रेन में साहित्य के कई सत्र आयोजित हुए और दूसरे दिन की यात्रा चायल स्थित झाझा गांव में बाबा भलखू के पुश्तैनी घर तक थी। चायल में इस दौरान कवि गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। 13 सितम्बर, 2022 को प्रदेश के कॉलेजों से शिमला आए लगभग चालीस छात्रों के साथ हिमालय मंच ने हिन्दी दिवस पर कविता गोष्ठी और साहित्यिक संवाद का 11वां सफल आयोजन किया जिसकी अध्क्षता सेतु पत्रिका के संपादक और क्रिएटिव राइटर फॉर्म के अध्यक्ष डॉ.देवेन्द्र गुप्ता ने की। मंच का 12वां आयोजन अर्की कॉलेज के साथ मिलकर जिला स्तरीय अर्की उत्सव का रहा जिसमें हिमालय मंच के सदस्य लेखकों, स्थानीय लेखकों और कॉलेज के छात्र छात्राओं ने हिन्दी पहाड़ी कविता पाठ के साथ निबंध भी पढ़ें और खूबसूरत संगीत का कार्यक्रम भी हुआ। मंच ने अपना 13वां कार्यक्रम कांगड़ा ज्वाली में दिव्यांग लेखिका काव्य वर्षा के घर गांव दरकाटी में आयोजित किया जिसमें काव्य वर्षा का ह्यविलक्षण प्रतिभा सम्मानह्य से अलंकरण किया गया और साथ एक संगीत और काव्य गोष्ठी और संवाद का आयोजन भी हुआ। इसमें मंच के सदस्यों सहित कांगड़ा, बिलासपुर, धर्मशाला, मंडी, जोगिन्द्र नगर के युवा और वरिष्ठ साहित्यकारों ने भाग लिया।

हिमालय मंच का 14वां और 15वां राज्यस्तरीय आयोजन 10 दिसम्बर, 2022 को गेयटी सभागार में 'पुस्तक लोकार्पण-परिचर्चा और काव्य गोष्ठी' के रूप में हुआ। योजन में प्रदेश भर से 20 लेखकों ने भाग लिया। 16वां आयोजन 25 दिसम्बर क्रिसमिस के दिन किया गया जो हिमाचली पारंपरिक लोक गीतों पर आधारित था। इस तरह हिमालय मंच ने वर्ष 2022 को अपनी साहित्यिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक लोक संगीत के आयोजनों से सराबोर किए रखा जिसकी प्रदेश में ही नहीं देश भर में धूम रही।

**(लेखक जाने माने कथाकार हैं)**

## उन्हें साहित्य की समझ नहीं है



**अजय तिवारी**

जाहिल राजनीतिज्ञ समाज में विष घोलने के बाद साहित्य को लांछित करने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ मतिमूढ़ 'विचारकों' की भाँति एक राजनेता ने तुलसीदास की रामचरित मानस को मनुस्मृति और बंच ऑफ थॉट्स के समान बताया है। इस राजनेता को जातिवादी भावना भड़काने का जितना अनुभव है उसकी तुलना में साहित्य की समझ रत्ती भर नहीं है। इस मूर्ख के कुतर्क से बहस करने की जरूरत नहीं है। जिसे न इतिहास की जानकारी है, न साहित्य का विवेक, उससे क्या विचार विमर्श?

आज के जनतांत्रिक राजनीतिज्ञों में भी घोर अंतर्विरोध मिलता है, तब प्रारंभिक आधुनिकता के युग में कबीर-तुलसी को अंतर्विरोधों से मुक्त कैसे पाया जा सकता है? जिसे इतनी बुद्धि नहीं है कि किसी महाकाव्य या उपन्यास के खल पात्र के वचनों को रचनाकार के विचार नहीं माना जा सकता, उससे संवाद भी सम्भव नहीं है।समुद्र के मुख से 'ढोल गँवार.....' कहलाने वाले तुलसी राम से यह कहलाते हैं: 'रामहि केवल प्रेम पियारा, जानि लेहु जो जाननि हारा।'


या तो घृणा सच है या प्रेम। दोनों एक साथ सच कैसे हो सकते हैं? आरम्भिक तुलसीदास में ब्राह्मणत्व के जो संस्कार थे, वे परवर्ती तुलसीदास में क्रमशः क्षीण होते गये। यही तुलसीदास आगे चलकर ललकारते हैं: 'मोरे जाति-पाँति न चहां काहू की जाति-पाँति। कोऊ मेरे काम कौ न हौं काहू के काम कौ।'

लेकिन यह सब तो साहित्यकारों के लिए विचारणीय है, जाहिलों और मतिमूढ़ों के लिए नहीं। दुर्भाग्य से बिहार के इस जाहिल राजनीतिज्ञ की बिरादरी के जड़मति कुछ 'बुद्धिजीवी' साहित्य में भी घुसे हुए हैं। वे भी रामचरित मानस को मनुस्मृति और बंच ऑफ थॉट्स के समान, उससे ज्यादा घातक मानते, बतलाते हैं।

इससे यह तो सिद्ध होता है कि साहित्य की प्रभावकारी शक्ति धर्मग्रंथ और राजनीतिक प्रचार से ज्यादा होती है। यदि वह रचनाकार तुलसी हैं तो किसी का कोई मुकाबला नहीं। इसीलिए रह रह कर जाहिलों और मतिमूढ़ों को तुलसीदास सताया करते हैं।

## बहस

# राम की मुक्ति और भविष्य का रामराज्य



**रामप्रकाश कुशवाहा**

रामराज्य के रूप में एक आदर्श राजा और उसके राज्य की अवधारणा वाले महा आख्यान के रूप में रामकथा सामन्तयुग के वांछित आदर्श चरित्र और प्रतिमानों को उपस्थित करने वाला एक यूटोपिया है । कुछ उसको आध्यात्मिक ग्रन्थ मानने के कारण और कुछ औपनिवेशिक सत्ता से संघर्ष के काल में सांप्रदायिक एकता बनाए रखने के नैतिक दबाव के कारण उसके प्रतीकात्मक, अन्योक्तिपरक उन संकेतों को समझने-समझाने से बचा गया जो मुगल शासकों के आधिपत्य को स्वीकार न कर पाने वाले एक जातीय कवि द्वारा उसके रावण राज्य के रूप में देखने यानी मनोविज्ञान की भाषा में प्रत्यक्षीकरण किए जाने को स्वीकार कर पाता।

दरअसल तुलसीदास का रचनाकार अपने जमाने में वही कर रहा था जो अंग्रेजी हुकूमत में अपने नाटकों के माध्यम से जयशंकर प्रसाद कर रहे थे । तुलसीदास की संवेगात्मक नापसंदी अपने समय के यथार्थ की उपज और असली है । इस दृष्टिकोण से तुलसीदास एक अत्यधिक सजग राजनीतिक कवि हैं । इनके विपरीत आदिकाल के कवि गोरखनाथ और परवर्ती कबीर और नानक जैसे निर्गुण परम्परा के संत कवि सम्प्रदाय और जाति निरपेक्ष मानवतावाद के उद्घोषक गैरराजनीतिक कवि कहे जाएंगे । अपने समय के इतिहास में स्थित होकर रचनाशील होने के कारण तुलसीदास का राम चरित्र मानस राम के एक अवचेतन सांस्कृतिक मनोराज्य के संस्थापक और प्रेरक की भूमिका में भी हैं । इस अनचाहे संप्रेषण के बावजूद उनके जातीय सांस्कृतिक प्रतिरोध के कवि होने की ओर हमारा ध्यान इसलिए नहीं जाता कि सचेतन रूप से तुलसी का कवि राम के धीरोदात्त चरित्र और उनके पुरुषोत्तम शील-स्वभाव पर ही रीझा हुआ है । यह कृष्ण भक्ति काव्य का प्रभाव भी हो सकता है कि वे राधा-कृष्ण की तरह सीता-राम को भी अलग-अलग नहीं कर पाते । यह सच को अनदेखा करना तुलसीदास के कवि के साथ ज्यादती होगी कि वे राम की वानर सेना गठित करने की तरह जनयुद्ध की शैली के किसी प्रतिरोधी सैन्य संयोजन का सुझाव दे रहे थे, जिसका इतिहास में अनुसरण शिवा जी के द्वारा मराठा शक्ति की नीव रखने के रूप में सामने आया ।

विडम्बना यह है कि तुलसीदास के राम ऐतिहासिक शक्तियों के प्रभाववश सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और अस्मिताबोध के प्रवर्तक बन गए हैं । राम की आंशिक मुक्ति वाल्मीकि के पुरुषोत्तम रूप में तो है, वाल्मीकि की रामकथा में सीता द्वारा राम के अस्वीकार के रूप में स्त्री की मुक्ति का आख्यान भी है लेकिन शंबूक वध के कारण वाल्मीकि के राम के पास सामाजिक मुक्ति सुरक्षित नहीं है । राम की आध्यात्मिक मुक्ति सिर्फ कबीर के पास है । कबीरदास के पास ही मानवजाति के आदर्श भविष्य का निर्माण करने वाले राम भी हैं । इसलिए कि सिर्फ कबीरदास ही यह देख पाते हैं कि समस्त भारतीयों के जातीय और नस्लीय पूर्वज एक ही हैं । फिर आपस में क्यों लड़ना और किससे लड़ना ! सिर्फ कबीर ही अस्तित्व और अस्मिता के साम्प्रदायिक मिथ्या विभाजन को सही-सही देख पाते हैं । देखना यह है कि कबीर के धर्म और सम्प्रदाय निरपेक्ष राम राज्य की राजनीति कब तक शुरू हो पाती है -क्योंकि भविष्य का राम राज्य तो सिर्फ कबीरदास के पास ही है ।

### तुलसी और कबीर के राम अलग- अलग



**विंध्याचल यादव**

तुलसीदास बेजोड़ कलाकार हैं। गजब के कवि। लेकिन चेतना के स्तर पर वे अपरकास्ट हिंदुओं के कवि हैं। ब्राह्मणवाद की पुनर्विजय के लिए संघर्षरत कवि। वे पूरी सचेतावस्था में गोरखनाथ,कबीर और रैदास की स्थापनाओं का विरोध करते हैं।

मैं उन्हें सिर्फ दो बातों के लिए स्वीकार करता हूं। पहला उत्कृष्ट कवित्व और दूसरा हमारे समाज के अपरकास्ट (सवर्ण) की लोक और संस्कृति के बेधक रचनाकार के नाते। उनकी कविताएं माना कि सवर्ण लोक का पर्याय हैं और उन्हीं के पक्ष से वे खड़ी होती हैं,पर मैं पूछता हूं कि क्या सवर्ण जनता हमारे समाज का हिस्सा नहीं है? वे जैसे भी हैं, हैं तो हमारे ही एक हिस्से।तो तुलसीदास उनकी पीड़ा के कवि तो हैं ही। देखा जाए तो तुलसी महज बीस फीसद जनता के कवि हैं पर वह बीस फीसद जनता इस देश की सबसे तगड़ी-पावरफुल जनता हमेशा से रही है। इसीलिए तुलसी जिनके खिलाफ पड़ते हैं उन्हें भी पता नहीं लगने दिया गया, वे भी उनका जयकार करते रहे हैं।और तुलसी के पास राम नाम की जो चिंतामणि थी, उसका प्रयोग कबीर, रैदास और अवर्ण जनता भी बड़े प्यार से करती आ रही है। राम के नाम के बल पर तुलसी ने वैदिक धर्म की तमाम सड़ी गली चीजें भी चलाईं और वह चल गईं।राम हमारे स्पीरिचुअल हीरो रहे, तुलसी ने उन्हें कल्चरल हीरो बनाया,आज संघ उन्हें पोलिटिकल हीरो बना चुका है।

### तुलसी के समय को नजरंदाज न करें



**जगन्नाथ दुबे**

साहित्य संस्कृति के मोर्चे पर सक्रिय लोग जब राजनीतिक लाभ-लोभ के लिए की जाने वाली बयानबाजियों के पक्ष या विपक्ष में खड़े होने लगते हैं तब वही होता है जो आज तुलसीदास के संदर्भ से हो रहा है। तुलसीदास किसी राजनीतिक बयानबाजी या टूल के इस्तेमाल की चीज नहीं हैं। उनके लिखे की तुलना 'मनुस्मृति' और 'बंच ऑफ थॉट' के साथ भी नहीं हो सकती। वे हमारी भाषा के श्रेष्ठ कवि हैं। उनका लेखन उसी तरह 'मध्यकालीन बोध' से ग्रसित है जैसे दूसरे मध्यकालीन कवियों का है। ऐसा होना कोई अपराध नहीं है। मध्यकालीन कविता को हम आज के सामाजिक मूल्यों के आधार पर परखें यह जरूरी है लेकिन उस परखने में सबकुछ वैसा ही हो जैसा हम चाहें यह भी तो जरूरी नहीं। तुलसी की वर्णव्यवस्था पर बात करते हुए हम यह क्यों भूल जाते हैं कि स्त्री को लेकर कबीर की दृष्टि भी उसी मध्यकालीन बोध का शिकार है। वर्ण और जाति के सवाल पर इतना मुखर कबीर स्त्री पर बात करते हुए पुरुष वर्चस्ववादी मन का शिकार हुए बिना नहीं रहते। तुलसी जिस कुल में पैदा हुए, पले-बढ़े उसके 'संस्कार' को नहीं त्याग सके ठीक उसी तरह जैसे कबीर पुरुष होने के 'संस्कार' को नहीं त्याग सके। अपनी सम्पूर्ण चेतना में वर्णव्यवस्था के पोषक तुलसी इस सामाजिक सच्चाई को भी जानते थे कि 'सबसे अधिक जाति अपमाना'। तुलसी पर जब सम्पूर्णता में बात होती है तब उनकी उत्तरवर्ती रचनाओं पर भी बात होती है जहां वे वर्ण और जाति की नहीं दुःख और करुणा की बात करते हैं,भूख की बात करते हैं। मध्यकाल का कोई दूसरा कवि नहीं है जो पेट की आग पर इतनी मार्मिक कविता लिख सका हो जितनी तुलसी ने लिखी है।

# वसूली की खराब प्रगति पर आठ अधिकारियों से स्पष्टीकरण व एक को दी गयी चेतावनी

**बैठक**

**पांच वर्ष से अधिक वादों व 122बी. के प्रकरणों का गम्भीरता से करे निस्तारण : डीएम**


बैठक में अधिकारियों को संबोधित करतीं डीएम

**मीरजापुर।** डीएम दिव्या मित्तल द्वारा मंगलवार को राजस्व विभाग सहित अन्य राजस्व से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर कर-करेत्तर, मुख्य देय, विविध देय, तहसील न्यायालयों में वादो का निस्तारण सहित अन्य बिन्दुओं पर प्रगति समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान कर एवं करेत्तर की समीक्षा करते हुये आबकारी मद में मासिक एवं वार्षिक दोनों के लक्ष्य प्रगति खराब पाये जाने पर जिला आबकारी अधिकारी को कड़ी चेतावनी देते हुये मासिक लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार वसूली के खराब प्रगति वाले विभागों में वाणिज्य कर, परिवहन, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर, वन विभाग, सिचाई विभाग सिरसी प्रखण्ड, उप निदेशक मण्डी, उद्योग तथा नायब तहसीलदार भुइली से स्पष्टीकरण की मांग करते हुये जनवरी माह की प्रगति में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद के सभी तहसीलों नायब तहसीलदारों की तैनाती कर दी गयी है अतएव बकायें की धनराशि आर.सी. के सापेक्ष वसूली अदि कार्यो में लगाकर वसूली की प्रगति में सुधार लाया जाय। उन्होने कहा कि सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार 122बी. के सभी प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुये अपने क्षेत्र के सभी तालाबों से अवैध अतिक्रमण हटवाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि यदि किसी के क्षेत्र में तालाबों ग्राम समाज की जमीनों आदि पर अवैध कब्जा पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने कहा कि सभी नायब तहसीलदार व तहसीलदार सहित, उप डीएम अपने-अपने न्यायालयों में 05 वर्ष से अधिक प्रकरणों को चिन्हित करते हुये निस्तारण सुनिश्चित करायें। वसूली प्रकरण में 10 बड़े बकायेंदारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुये धनराशि जमा कराये अन्यथा जेल भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में अपर डीएम भू-राजस्व सत्य प्रकाश सिंह, वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल, उप डीएम सदर चन्द्रभान सिंह, चुनार नीरज पटेल, मड़िहान अश्वनी कुमार, लालगंज नवनीत सेहारा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# अराजक तत्वों ने लगाई आग पल्सर व ट्रैक्टर जलकर राख

जनसंदेश न्यूज


आग से जली बाइक व टैक्ट्रर

**अदलहाट।** क्षेत्र के नेवादा गांव में बीतीरात भूसा के गोदाम पर चारदिवारी के अंदर खड़ी ट्रैक्टर और पल्सर में शरारती तत्वों ने आग लगा दिया। जिससे पल्सर और ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों के प्रयास से पास में खड़ी दूसरी ट्रैक्टर में आग लगने से बचा लिया गया। वाहन स्वामी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है।

पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी अखिलेश सिंह पुत्र लालचंद का गांव से सटे बाहर भूसा का गोदाम है। सोमवार की रात्रि अपनी ट्रैक्टर और बाइक को ऊंची चहारदिवारी के अंदर खड़ा कर अपने पुराने घर में सोने चले गए। रात्रि में अज्ञात शरारती तत्वों ने ट्रैक्टर और पल्सर में आग लगा दिया। आग की लपटें इतनी तेज थी की ठंड में घरों के अंदर सोए ग्रामीणों के अंदर तक प्रकाश जाने से आस पास के ग्रामीण जगे और वाहन स्वामी को सूचित किया।

भारी संख्या में ग्रामीण बाल्टी की पानी लेकर आग को बुझाने के लिए दौड़े लेकिन तब तक दोनों वाहन पूरी तरह जल चुके थे।

# गवाहों की उपस्थिति के साथ अधिक से अधिक अभियुक्तों को दिलायें सजा : डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अभियोजन समिति की बैठक कर शासकीय अधिवक्ताओं को विभिन्न मामलों में अधिक से अधिक अभियुक्तों को सजा दिलाये जाने का दिशा निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं के घटित घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुये अधिवक्तागण पैरवी करें ताकि दोषियों को अधिक से अधिक सजा दिलाया जा सकें। इसी प्रकार गैंगेस्टर एक्ट मामलें, खनिज मामलों, गुण्डा एक्ट आदि मामलों में मा. न्यायालय से समन्वय स्थापित कर कम समय अन्तराल पर तिथि लगवाते हुये मुकदमों निस्तारण करायें। उन्होंने कहा कि गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कराया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि जब गवाह न्यायालय में आये तो उनकी गवाही अवश्य लिया जाय। पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र के द्वारा पाक्सों एक्ट के मुकदमों के निस्तारण की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि ऐसे मुकदमों में अधिवक्तागण मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुये अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायें।

**बैठक**

**महिलाओं के विरुद्ध घटित घटनाओं के प्रति गम्भीर होकर पैरवी करे शासकीय अधिवक्ता**

**एसपी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिक से अधिक दिलाई जाये सजा**

उन्होंने कहा कि मुकदमों में की गयी कार्यवाही में वार्षिक रिपोर्ट बनाकर बैठक में रखा जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल, संयुक्त निदेशक अभियोजन सहित शासकीय अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

## बाजार में गिरा पेड़, बाइक सवार सास बहु समेत 5 घायल

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के गणेशगंज बाजार में पुराना नीम का पेड़ मंगलवार को अपराह्न धराशायी हो गया। पेड़ की चपेट में आने से एक ही परिवार की सास बहू समेत पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय भेजा गया। मौके पर पहुंची नगर पालिका की टीम पेड़ को काट कर हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। गणेशगंज सब्जी मंडी में स्थित पुराना नीम का हरा अचानक जड़ से उखड़ कर गिर गया। इस दौरान सड़क से गुजर रहे देहात कोतवाली क्षेत्र के पिपराडांड़ जमुनिया निवासी अंकुर पुत्र शिवपुरी, सोना देवी पत्नी झुमरी, गर्भवती सुमन पत्नी अंकुर, सुमन का पुत्र निखिल घायल हो गए। बाइक से अंकुर अपनी पत्नी सुमन, मां सोना देवी व ढाई साल के बेटे निखिल के साथ गणेशगंज सब्जी मंडी पहुंचा था। इसी बीच अचानक पेड़ गिरने से पेड़ की चपेट में बाइक आ जाने से सभी घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस से मंडलीय अस्पताल भेजा गया। जहां उनका अभी भी उपचार चल रहा है। अन्तत: मंगलवार को वह जमीन पर गिर पड़ा। जिसे काट कर आवागमन बनाएं रखने के लिए नगर पालिका परिषद की टीम जुटी हैं।

# सरकार के मनमाने रवैये से तंग आकर प्रधानों ने किया प्रदर्शन

**रोष**

**प्रधानों ने प्रदर्शन कर बीडीओ को सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन**

जनसंदेश न्यूज


जमालपुर ब्लॉक पर प्रदर्शन करते प्रधान

**जमालपुर।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों की बैठक मंगलवार को ब्लाक सभागार में सम्पन्न हुई। जिसके बाद प्रधानों ने एक जुटता का परिचय देते हुए जिन्दाबाद के नारा लगाते हुए अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित चार सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी मनरेगा पवन सिंह व रविन्द्र नरायण सिंह को सौंपा।

मांग पत्र को लेकर यह अपेक्षा की गई कि यह समस्या शासन स्तर पर अवगत कराते हुए निस्तारण किया जाय। दिए गए मांग पत्र की माध्यम से बताया गया कि मनरेगा मजदूरों की हाजिरी को लेकर नेटवर्किंग इत्यादि की विषंगतियों से उत्पन्न होने वाली परेशानियां, मुख्यमंत्री घोषणा के अनुसार 5 लाख की वित्तीय स्वीकृति के साथ भुगतान ग्राम सचिवालय से हो लेकिन वर्तमान में नहीं हो रहा है, संविदा कर्मियों का भुगतान, बिजली बिल का भुगतान पंचायत से न कराया जाय। राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार के मनमाने रवैये के कारण ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों को करने में दिक्कतें आ रही है जिससे हम सभी प्रधानों में रोष व्याप्त है।

इस दौरान प्रधान सतीश कुमार सिंह, कमलापति सिंह, मुकेश सिंह, रवि गुप्ता, निर्मला गुप्ता, दिनेश बियार, सुरेन्द्र सिंह, विरेन्द्र यादव, मनोज सिंह,कुमारी देवी, अभिनव, अनिल सिंह, श्याम लाल यादव सहित तमाम प्रधान मौजूद रहे।

# वृहद गौ आश्रय स्थल का हाल जानने धमके अपर निदेशक

**निरीक्षण**

**व्यवस्था देख जताई संतुष्टि**

जनसंदेश न्यूज


निरीक्षण करते अपर निदेशक

**मड़िहान।** विकास खण्ड क्षेत्र स्थित बृहद गौ आश्रय स्थल पटेहरा कला का अपर निदेशक प्रबंधन एकाडमी लखनऊ महेंद्र कुमार वर्मा द्वारा मंगलवार को निरीक्षण किया गया। निदेशक द्वारा गौ आश्रय स्थल में बीमार गौवंशों, हरा चारा की उपलब्धता, पानी, भूषा की उपलब्धता रखने के साथ एफएमडी पोर्टल पर अपलोड कराने हेतु प्रभारी पशु चिकित्सक डाक्टर संदीप कुमार सिंह को निर्देश दिया।

बीडीओ शरद कुमार सिंह द्वारा निमार्णाधीन गौ आश्रय गढ़वा के बारे में बृहद जानकारी दी गई। डाक्टर संदीप के द्वारा 94 गोवंश जरूरत मंद को वितरण और 30 गोवंश वितरण की फाइल लंबित बताया गया निदेशक द्वारा हर पहलू पर विस्तृत जानकारी लेकर संतुष्टि जताते हुए जरूरत मन्दो को गौ वंश वितरण को उचित ठहराया और सभी कर्मचारियों को गौ आश्रय की समुचित व्यवस्था देख सराहा। निरीक्षण में अपर निदेशक आईएएस महेंद्र कुमार वर्मा के साथ अपर निदेशक पशु पालन डाक्टर वीके सिंह, डीडीओ श्रवण कुमार राय, एडी मंडल मीरजापुर डाक्टर वीके सिंह, मुख्य पशु चिकित्सक डाक्टर राजेश कुमार व ब्लाक से बीडीओ शरद कुमार सिंह, एडीओ पंचायत श्रीकृष्ण उपाध्याय, प्रधान प्रतिनिधि धर्मराज कोल, सचिव विद्यानन्द सिंह आदि लोग रहे। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल रहा। अपर निदेशक के निरीक्षण की सूचना पर विकास खण्ड कर्मियों में निरीक्षण तक अफरा तफरी बनी रही। सभी ने निरीक्षण सकुशल सम्पन्न होने के बाद राहत की सांस ली।

## सहकारिता निदेशक ने किया निर्माणाधीन कोविड वार्ड का निरीक्षण

**अहरौरा।** नगर पालिका क्षेत्र के नई बाजार मोहल्ले में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में बन रहे कोविड-19 वार्ड का निरीक्षण सोमवार की देर शाम सहकारिता निदेशक ए के सिंह ने किया। इस दौरान निर्माण में भारी खामियां मिली। जिसको उन्होंने एक सप्ताह के भीतर ठीक कराने के निर्देश दिया। अन्यथा कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। निर्माण कार्य में खामियां पाएं जाने पर स्थानीय अधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई। बतादें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास ही 32, 46 लाख रुपए की लागत से कोविड-19 वार्ड का निर्माण सरकार द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य यूपी आर एनएसएस है। सोमवार की देर शाम सहकारिता निदेशक एके सिंह ने मौके पर पहुंच गए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखा तो पाया की दरवाजे और खिड़कियों की ग्रिल की मोटाई मानक के अनुसार नहीं है। इसके साथ ही टाइल्स की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। उन्होंने निर्माण में प्रयोग गिट्टी सहित अन्य मटेरियल की भी जांच किया और मौके पर मौजूद एक्सईएन को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर गुणवत्ता ठीक कर हमें सूचित करें अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा महिला मोर्चा ने रंगोली बनाकर लहराया तिरंगा



रंगोली बनाती भाजपा नेत्रियां

**मीरजापुर।** दुनिया के सर्व शक्तिमान बीस देशों की बैठक की अध्यक्षता का जिम्मा भारत को मिलने से हर्षित भाजपा महिला मोर्चा ने रंगोली बनाकर तिरंगा लहराया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री गुंजन गुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं ने शहर के घंटाघर के पार्क में जी 20 रंगोली बनाकर खुशी व्यक्त किया। भारत को जी 20 की अध्यक्षता मिलने पर खुशी का इजहार करते हुए भारत माता के जयकारे लगाए।

**बैठक**

**भारत को जी 20 की अध्यक्षता मिलने पर खुशी का किया इजहार**

श्रीमती गुप्ता ने कहा कि यह पहला मौका है जब दुनिया के सर्व शक्तिमान बीस देशों की बैठक की अध्यक्षता का जिम्मा भारत को सौंपा गया है। यह सब देश के आम जनता गरीबों के उत्थान के लिए चलाए जा रहे योजनाओं का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुशल नेतृत्व, क्षमता व लोकप्रियता का परिणाम है। इंडिया वेलकम लिखे तख्ती और पोस्टर से खुशी का इजहार किया। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया राष्ट्र को नमन किया। इस मौके पर महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष साधना गुप्ता, सुनीता शर्मा, डॉली अग्रहरि, संतोषी निषाद, राधा, अनिता गुप्ता, शिखा अग्रवाल, मीनू गुप्ता, दीपमाला साहू, गूंजा गुप्ता ऊमर, एवं भावना बरनवाल आदि मौजूद रहीं।

# चयनित पराविधिक स्वंय सेवकों का पांच दिवसीय विधिक प्रशिक्षण


कार्यक्रम का शुभारम्भ करते जनपद न्यायाधीश

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीवानी न्यायालय मीरजापुर तथा तहसील विधिक सेवा समिति सदर चुनार, मड़िहान व लालगंज में गरीब, असहाय वृद्धो मंदबुद्धि एवं महिलओं को विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविरों के कार्य सम्पादन हेतु नामित पैरालीगल वालेंटियर्स को पांच दिवसीय विधिक प्रशिक्षण का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल, अपर जिला जज / त्वरित न्यायालय प्रथम एवं अपर जिला जज एफ.टी.सी. / सचिव लाल बाबू यादव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर में चयनित कुल 46 पराविधिक सेवकों को विभिन्न विधिक विषयों पर पांच दिवसीय विधिक प्रशिक्षण न्यायिक अधिकारीगण द्वारा दिया गया। विधिक प्रशिक्षण में प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय दिवाकर प्रसाद चतुर्वेदी, विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. बलजोर सिंह, अपर जिला जज, एफ.टी.सी.प्रथम वायु नन्दन मिश्र, अपर जिला जज, एफ.टी.सी./ सचिव लाल बाबू यादव, अपर सिविल जज (सी. डि.) प्रज्ञा सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजूम शैफी, सिविल जज (जू. डि.) / एफ.टी. सी महिला उत्पीड़न सुश्री प्रिया सिंह, नायब तहसीलदार सदर लाल चन्द, लेखपाल ओम प्रकाश उपाध्याय, वरिष्ठ सहायक दीपक श्रीवास्तव द्वारा चयनित पैरालीगल वालेंटियर्स को विधिक प्रशिक्षण दिया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, 33 पशुओं की मौत

**जांच**

**सीओ सदर ने मौके का किया निरीक्षण**

**थानाध्यक्ष को तहरीर लेकर मुकदमा पंजीकृत करने का दिया निर्देश**

जनसंदेश न्यूज


मौके पर जांच करते सीओ सदर

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के भरपुरा गांव में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों मड़ई में आग लगने से कई दर्जन से अधिक बकरियां व 3 भैंस 2 पड़वा जलकर खाक हो गये। घटना के सम्बंध में बताया गया पशुपालक भरपुरा गांव निवासी नाजिर पुत्र स्व0 रसीद घर के सामने मड़हे में 126 बकरियां व 4 भैंस, 3 पड़ीया व 2 पड़वा प्रतिदिन की भांति बांधता था। जब सोमवार की रात आग की लपटें देखकर मवेशी चीख पुकार करने लगे। चीख पुकार सुनकर परिजन व अगल बगल लोग जग गए।

अचानक आग की लपट देखकर लोग पुलिस को सूचना देते हुए जब तक आग पर काबू पाते तब तक 100 से अधिक बकरिया, 3 पड़ीया, 2 पड़वा जलकर खाक हो गये।

सुबह होते होते घटना स्थल पर भारी भीड़ लग गई। उधर सूचना मिलते ही पशु चिकित्साधिकारी डॉ कमलेश कुमार सिंह ने मौके पर पशुओं के पोस्टमार्टम के दौरान बताया कि पशुपालक के 28 बकरिया व 4 भैंस एक पड़वा मृत है और 30 बकरिया व 4 भैंस घायल है। आग की लवर देख और बकरियां पानी की तलाश में कुछ दूर पांच सौ मीटर की इर्द गिर्द में चली गई है। मृत पशुओं का का पोस्टमार्टम व घायल पशुओं का दवा उपचार किया जा रहा है। घटना की जांच करने मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सदर शैलेंद्र त्रिपाठी पशुपालक नजीर से बात करने के दौरान बताया कि गांव के ही एक महिला व दो पुरुष द्वारा पुरानी रंजिश द्वारा मड़हे में आग लगाकर घटना को अंजाम दिया गया है। क्षेत्राधिकारी सदर ने थानाध्यक्ष माधव सिंह को निर्देशित किया कि पशुपालक से तहरीर लेकर जांच पड़ताल करते हुए मुकदमा पंजीकृत करते हुए उचित कानूनी कार्यवाही करें।

घटना में पशुपालक के जलकर मरे बकरियों व भैंस से लगभग 5 लाख रुपए की आर्थिक नुकसान हुआ है। जिसके लिए मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल सुनील मिश्रा ने अपनी रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही, जिससे पशुपालक को उचित मुयावजा मिल सके। घटना को लेकर गांव में तरह तरह की चचाएं हो रही है। थानाध्यक्ष माधव सिंह ने बताया कि पशुपालक द्वारा 1 महिला समेत 2 पुरुष के खिलाफ नामजद तहरीर दिया गया है। पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा मरे हुए मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा। रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जायेगी।

## संक्षेप

### पुरानी इमली के पेड़ में लगी आग



**सीखड़।** अदलपुरा चौकी क्षेत्र के अदलपुरा गांव में स्थित पुराना इमली के पेड़ में आग लगने से पूरा पेड़ धधक कर जलने लगा। ग्रामवासियों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी लेकिन दो घंटे के बाद भी समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू पाने के लिए कोई गंभीर प्रयास होता नहीं दिखाई दिया। घटना स्थल के आसपास ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। पेड़ के पास ही एल टी लाईन का बिजली का खंभा स्थित है जिसमें करंट प्रवाहित है। गांव के ही 85 वर्षीय बलई सिंह ने बताया कि 150 साल से भी अधिक का पेड़ हो सकता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बगल में स्थित घूर की राख की चिंगारी से आग लगी होगी।

### बोलेरो की टक्कर में अधेड़ की मौत

**लालगंज।** थाना क्षेत्र के दुबार कला पुलिस चौकी अंतर्गत लालगंज कलवारी रोड पर दुलही तालाब के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से सोमवार को शाम अधेड़ की मौत हो गई। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। पुलिस मौके पहुंचकर पोस्टमार्टम के लिए शव को कब्जे में ले लिया। लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कला निवासी 55 वर्षीय सुबराती पुत्र मोहम्मद रफी सोमवार को शाम 7 बजे बजे अपने घर के सामने रोड क्रास कर घर की तरफ आ रहे थे, कि लालगंज से कलवारी तरफ जा रही अज्ञात बोलेरो वाहन ने धक्का मार दिया। जिसमें शुबराति गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में आसपास के लोगों की मदद से परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाल लालगंज लेकर गए जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुबराती घर पर रहकर गांव गांव से कपड़े लेकर सिलाई का काम करते थे उसी से अपने परिवार का जीवन यापन करते थे। उनकी मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कार्रवाई में जुट गई। चौकी प्रभारी दुबार कला श्री राम पटेल ने बताया कि सीसी कैमरे की मदद से बोलेरो वाहन की पहचान कराई जा रही है। परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### टीबी मरीजों के बीच बांटा गया कम्बल

**चुनार।** विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार में अधिकारियों व कर्मचारियों के आर्थिक सहयोग से कुष्ठ रोगियों, क्षय रोगियों एवं अन्य असहाय लोगो में कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चुनार अनुराग सिंह, विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि एक ओर जहां सरकार असहाय गरीब लोगों को ठंड में राहत पहुंचाने के लिए प्रयासरत है ऐसे में हॉस्पिटल की तरफ से कंबल वितरण एक सराहनीय कार्य है। यहां पर कुष्ठ रोगी, क्षय रोगी नारायणपुर ब्लॉक और सीखड़ ब्लाक के लगभग 100 लोगों को कंबल वितरित किया गया। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबोधित करते हुए बताया कि क्षय रोगियों को सरकार प्रतिमाह 500 उनके खानपान के लिए देती है। हमें ऐसे लोगों का सदैव सहयोग करना चाहिए जिससे इनके अंदर आत्मविश्वास बना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष नगर अध्यक्ष चंद्रहास गुप्ता ने किया। कार्यक्रम व्यवस्था में सर्वेश सिंह (एच.एस.) लगे रहे। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार पटेल, डॉ. वी बी मौर्य, संजय गुप्ता, डा0 चन्द्रशेखर, मंजरी सिंह, अंकित सिंह सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### बीडीओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**हलिया।** मंगलवार को खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार ने ब्लॉक सभागार में संबंधित सचिव रोजगार सेवक एवं टीए के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में बताया कि वर्ष 2022 -23 में 1621 प्रधानमंत्री आवास के सापेक्ष में 1022 आवासों की प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। 27 लोगों की दूसरी किश्त जारी करनी है। संबंधित सचिवों को निर्देशित किया कि आवास की द्वितीय किस्त एक हफ्ते में लगा दी जाए। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 597 आवास शासन से मुहैया कराया गया था जिसमें 57 की तृतीय किस्त अवमुक्त हो गई है शेष 33 आवासों की द्वितीय किस्त बाकी है। एक हफ्ते में संबंधित सचिवों को उनके खाते में भेजने को कहा गया है। यह भी बताया कि विकास खंड में पशु आश्रय स्थल बनाने हैं जिसमें गोर्गी, बबुरा रघुनाथ सिंह, नैड़ी कठारी, हरबरा, नौगवा गांव शामिल हैं। इसके अलावा सभी सचिवों को निर्देशित किया कि अमृत सरोवर का कार्य एक हफ्ते में प्रत्येक ग्राम पंचायतों में प्रारंभ करा दिया जाए। माड्यूल गाँव के विकास कार्यों मे तेजी लाए। लापरवाही पर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, एडीओ एजी नरेंद्र, सचिव अमर बहादुर, राजेन्द्र, शिव शंकर, विवेक, विध्येश्वरी आदि लोग मौजूद रहे।

### संयुक्त विकास आयुक्त ने विकास कार्यों का किया सत्यापन

**हलिया।** विकास खंड में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के तहत कराए गए विकास कार्यों का मंगलवार को संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्र ने स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों का सत्यापन किया। संयुक्त विकास आयुक्त ने चककोटार गांव में नाले पर बने 22 लाख की लागत से कराए गए चेक डैम तथा अहुँगी कला गांव में अदवा नहर से मुसहर बस्ती तक बनाई गई 500 मीटर ईंटरलाकिंग अनुमानित लागत 24.20 लाख व हथेडा गांव के धरकार बस्ती 700 मीटर इंटर लाकिंग अनुमानित लागत 33.60 लाख रुपए के कार्यो का जेई एमआई विजय कुमार के साथ स्थलीय कराए गए कार्यों का निरीक्षण कर नापी आदि करवाई। इस मौके पर जेईएमआई विजय कुमार सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन में यात्रा के दौरान बिगड़ी बच्चे की हालत

**मीरजापुर।** ट्रेन में यात्रा के दौरान 14 महीने के बच्चे की हालत बिगड़ गयी। स्टेशन मास्टर ने प्लेटफार्म नंबर 3 पर ट्रेन रुकवा कर उपचार कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 10:30 हावड़ा से अहमदाबाद यात्रा कर रहा कोलकाता सोनापुर निवासी एक परिवार जोकि 14 महीने के बच्चा सागर कुमार गुप्ता पुत्र गौरव कुमार गुप्ता पत्नी व मां के साथ गर्भा एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे कि बच्चे की हालत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने टीटी के माध्यम से कंट्रोल को सूचना दिया। जहां कंट्रोल की सूचना पर गर्भा एक्सप्रेस जो कि मीरजापुर रेलवे स्टेशन पर नहीं रुकती है। बच्चे की तबीयत ज्यादा खराब होने की वजह से उसे मीरजापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर रोका गया। जहां मौके पर पहुंचे डॉक्टर द्वारा उसका उपचार कराया गया। जिसके बाद ट्रेन को यथाशीघ्र रवाना किया गया। इस मौके पर डॉ. बीके सिंह, टीटीई सुधीर यादव, टीटीई शकील, पोर्टर व अन्य रेलवे कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

### 15 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक थाना लालगंज ज्ञानू प्रिया मय टीम द्वारा थाना क्षेत्र से अभियुक्त धर्मराज पुत्र स्व0 कंचन निवासी खजुरी थाना लालगंज मीरजापुर को 15 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अहरौरा पर पंजीकृत धारा 3(1) उ.प्र.गिरोह बन्द में कार्यवाही करते हुए मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक अहरौरा कुमुद शेखर सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र से गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त रामप्रताप यादव पुत्र स्व0 संकठा यादव निवासी भगन्दा रामगढ़ थाना चैनपुर भभुआ बिहार को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### नहर की कटिंग कर खेत की सिंचाई करने वालों के खिलाफ पड़ी तहरीर

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत हिनौता पड़रवा में नहर की अवैध कटिंग कर अपने खेत की सिंचाई करने वाले किसानों पर स्थानीय गांव निवासी किसान ने राजगढ़ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग किया है। किसान ने तहरीर के माध्यम से आरोप लगाया है कि स्थानीय गांव के किसानों ने अपनी फसल सिंचने के लिए नहर के भीटे को अवैध रूप से काटकर खेतों की सिंचाई कर लिए जिसके बाद बगल के खेतों में भी पानी भर गया जिससे गेहूं का फसल बर्बाद हो रहा है।इस दौरान आपत्ति जताने पर दबंग किस्म के किसान मारने पीटने व गाली गलौज दे रहे हैं। इस तरह से किसान धनंजय सिंह पुत्र जय सिंह ने स्थानीय गांव के ही दो लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है।

### एसटीएफ की टीम ने पुआल से गांजा किया बरामद

**जिगना।** एसटीएफ और जिगना पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार की शांम 7 बजे तबड़तोड़ छापेमारी कर शिवराजपुर गौरा गांव निवासी राज बिंद पुत्र नंद लाल बिंद के घर के बगल रखे पुआल से गांजा बरामद किया गया। संयुक्त टीम ने बिना नंबर मोटरसाइकिल को भी अपने कब्जे में लिया। इस दौरान एसटीएफ प्रभारी व थाना प्रभारी जिगना अरविंद कुमार सरोज हल्का एसआई सच्चिदानंद राय द्वारा यह संयुक्त रूप से यह कार्यवाही की गई। टीम राज बिंद को रंगे हाथ पकड़ कर ले गई। इलाके में अबैध कारोंबार में लगे लोगों में हडकंप मचा गया।

### वारंटी को भेजा न्यायालय

**हलिया।** न्यायालय द्वारा वारंट जारी होने पर मंगलवार को हलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। क्षेत्र के धमौली गांव निवासी वारंटी इरफान अली को मतवार चौकी प्रभारी लल्लन यादव व हेड कांस्टेबल अजय यादव ने मंगलवार सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि किसी मुकदमें में सूचना के बाद भी न्यायालय में पेश नही होने पर न्यायालय के आदेश पर धमौली गांव से एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# स्पोर्ट्स

## नीरज राष्ट्रीय बैडमिंटन में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे

लखनऊ। नीरज सिंह राजस्थान के उदयपुर में खेली जाने वाली आल इंडिया मास्टर्स रैंकिंग बैडमिंटन टूनामेंट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। नीरज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र हैं। नीरज ने एक ट्वीट कर यह जानकारी दी और कहा में उनका ये राष्ट्रीय स्तर का पहला टूनार्मेंट है। उन्होंने लिखा ह्राह्मआशा करता हूँ की आप सभी की शुभकामनाएं मुझे प्राप्त होगी और मैं कल अपने प्रदेश का नाम रोशन करूँगा। नीरज ने इससे पहले भी कई घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लिया है पर राष्ट्रीय स्तर पर उनका यह पहला टूनार्मेंट है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय में जीत से शुरूआत करने उतरेगी टीम इंडिया

### दोपहर डेढ़ बजे से शुरू होगा मैच

हैदराबाद। श्रीलंका के खिलाफ शानदार जीत के बाद अब भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां बुधवार को होने वाले पहले एकदिवसीय में जीत से शुरूआत करने उतरेगी। इस मैच में युवा विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल के नहीं होने से ईशान किशन को अवसर मिल सकता है। सलामी बल्लेबाज के तौर पर शुभमन गिल के होने से ईशान को इस मैच में मध्यक्रम में जगह मिल सकती है। शुभमन ने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में पारी की शुरूआत करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में उन्हें सलामी बल्लेबाज के तौर पर बरकरार रखे जाने की पूरी संभावनाएं हैं। ईशान ने सलामी बल्लेबाज के अलावा मध्यक्रम में भी बल्लेबाजी की है। इसलिए उन्हें इसमें परेशानी नहीं रहेगी।

वहीं टीम में शामिल दूसरे विकेटकीपर केएस भरत को अवसर शायद ही मिले क्योंकि उन्हें विकेटकीपर के कवर के तौर पर ही रखा गया है। इस साल होने वाले विश्व कप को देखते हुए यह सीरीज अहम रहेगी। इस सीरीज में भारतीय टीम जीत का सिलसिला बरकरार रखना चाहेगी। भारतीय टीम को इस सीरीज में घरेलू माहौल का लाभ मिलेगा। इसके अलावा विराट कोहली शुभमना गित सहित शीर्षक्रम के तीन बल्लेबाजों और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का प्रदर्शन श्रीलंका के खिलाफ अच्छा रहा था। ऐसे में इन खिलाड़ियों से भारतीय टीम को इस सीरीज में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। अब देखना है कि विराट रोहित और शुभमन को कीव गेंदबाज किस प्रकार रोकते हैं।

इनके अलावा श्रेयस अय्यर भी कमर में चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गये हैं। श्रेयस ने श्रीलंका के खिलाफ 28 28 और 38 रन बनाये। उनकी जगह पर रजत पाटीदार को टीम में जगह मिली है। ऐसे में अंतिम ग्यारह में अब देखना है कि अय्यर की जगह पर

सूर्यकुमार यादव या रजत पाटीदार को टीम में जगह मिल सकती है। सूर्यकुमार और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या से भारतीय मध्यक्रम मजबूत होगा। ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी इस मैच में नहीं खेलेंगे। ऐसे में अक्षर की जगह पर शाहबाज अहमद या वाशिंगटन सुंदर को टीम में जगह मिल सकती है।

स्पिनर के तौर पर युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव को जगह मिलेगी। अब देखना होगा कि दोनो को ही शामिल किया जाता है या किसी एक को। चहल श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में कंधे में सूजन की वजह से नहीं खेले पर इस सीरीज के लिये वह उपलब्ध होंगे। तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज मोहम्मद शमी और उमरान मलिक के पास रहेगी। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम न्यूजीलैंड नियमित कप्तान केन विलियमसन और मुख्य तेज गेंदबाज टिम साउदी के बिना ही भारत आई है पर इसके बाद भी टीम को कम नहीं आंका जा सकता है। कीवी टीम के कार्यवाहक कप्तान टॉम लाथम ने पिछली बार भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। न्यूजीलैंड टीम पाकिस्तान को हराकर भारत आई है जिससे उसका मनोबल भ बढ़ा हुआ है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान) शुभमन गिल ईशान किशन विराट कोहली रजत पाटीदार सूर्यकुमार यादव केएस भरत हार्दिक पंड्या वाशिंगटन सुंदर शाहबाज अहमद शार्दुल ठाकुर युजवेंद्र चहल कुलदीप यादव मोहम्मद शमी मोहम्मद सिराज उमरान मलिक।

न्यूजीलैंड : टॉम लाथम (कप्तान) फिन एलेन डग ब्रासवेल माइकल ब्रासवेल मार्क चैपमैन डेवोन कोंवे जैकब डफी लॉकी फर्ग्युसन डेरिल मिचेल हेनरी निकोल्स ग्लेन फिलिप्स मिशेल सेंटनेर हेनरी शिपले ईश सोढ़ी ब्लेयर टिकनेर।





दोहा में हांगकांग की ली हो मान महिलाओं के एकल मुकाबले में रिटर्न शॉट खेलती हुई।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : रोहित

हैदराबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि एकदिवसीय सीरीज में उनकी टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। रोहित ने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में मिली शानदार जीत के बाद भी न्यूजीलैंड की चुनौती को कमजोर नहीं माना जा सकता है। मैच के लिए यहां पहुंचने के बाद रोहित ने कहा न्यूजीलैंड टीम भी पाकिस्तान को हराकर भारत आई है। ऐसे में उसे कम आंकना भूल होगी। इस दौरे में नियमित कप्तान केन विलियम्सन और अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी कीवी टीम में शामिल नहीं है पर इसके बाद भी टीम को कमजोर नहीं माना जा सकता है। पहले एकदिवसीय में अंतिम ग्यारह को लेकर कप्तान ने कहा कि वह पिच देखने के बाद ही इसका फैसला करेंगे। इस सीरीज में लोकेश राहुल और अक्षर पटेल निजी कारणों से शामिल नहीं है। ऐसे में देखना होगा कि इनकी जगह किसे जगह मिलती है। संभावना है कि सूयाकुमार यादव और ईशान किशन को इसमें अवसर मिल सकता है।



वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम न्यूजीलैंड भी शानदार फॉर्म में है। टीम ने अब तक लगातार दो एकदिवसीय सीरीज जीती हैं। गत वर्ष उसने भारतीय टीम को अपनी धरती पर 1-0 से हराया था। जिसका मनोवैज्ञानिक लाभ भी उसे मिलेगा। भारत आने से पहले उसने पाकिस्तान को उसी की धरती पर एकदिवसीय सीरीज में 2-1 से हराया। न्यूजीलैंड की टीम इस दौरे में नियमित कप्तान विलियमसन और साउदी के बिना ही भारत आई है। ऐसे में टीम की कप्तानी टॉम लाथम संभाल रहे हैं।

## आरआरआर टीम के साथ पार्टी में शामिल हुए भारतीय क्रिकेटर

हैदराबाद। भारतीय क्रिकेट टीम श्रीलंका से जीत के बाद अब न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज के लिए हैदराबाद पहुंच गयी है। यहां पहला मैच बुधवार को खेला जाएगा। इस मैच से पहले टीम इंडिया के खिलाड़ियों को फिल्म आरआरआर के स्टार जूनियर एनटीआर की टीम के साथ पार्टी का अवसर मिला।

आरआरआर फिल्म के ह्वनाटू-नाटूह्व गाने को ग्लोडन ग्लोब अवॉर्ड मिला था। जिसकी खुशी में ये पार्टी आयोजित की गयी थी। ऐसे में जूनियर एनटीआर ने भारतीय खिलाड़ियों को अपनी फिल्म की पार्टी के लिए बुलाया। इसमें शुभमन गिल सूर्यकुमार यादव शार्दुल ठाकुर ईशान किशन सहित पूरी भारतीय टीम पहुंची थी। इस पार्टी से जुड़ी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है। न्यूजीलैंड अभी एकदिवसीय रैंकिंग में पहले स्थान पर है। वहीं भारतीय टीम दूसरे नंबर पर है। ऐसे में इस सीरीज में जीत के साथ ही भारतीय टीम के पास नंबर एक स्थान पर आने का अवसर है पर इसके लिए उसे सभी तीनों मैच जीतने होंगे। वहीं दूसरी ओर कीवी टीम पाकिस्तान में सीरीज जीतकर आई है। ऐसे में उसका भी मनोबल बढ़ा हुआ है।

## ईशान को पारी की शुरूआत के लिए भेजें : मांजरेकर

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में युवा बल्लेबाज ईशान किशन को पारी की शुरूआत के लिए भेजें। मांजरेकर ईशान को पारी की शुरूआत करते हुए देखना चाहते हैं। मांजरेकर ने कहा कि विराट कोहली को अब नंबर-3 से नीचे आना चाहिये। मांजरेकर ने कहा यह अभी भी कठिन होने वाला है। शुभमन गिल नंबर 3 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं उन्हें लगता है कि वह उस स्थिति को संभाल सकते हैं और फिर विराट नंबर 4 पर उतर सकते हैं।

वहीं कोहली द्वारा नंबर 4 के लिए अपना नंबर 3 स्थान छोड़ने को लेकर मांजरेकर ने कहा कोहली ने बहुत पहले टीम के लिए नंबर 3 की स्थिति का त्याग किया था और किशन निश्चित रूप से शीर्ष क्रम में धमाकेदार साबित हो सकते हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ कई साल पहले एक बार अंबाती रायुडू के साथ ऐसा किया है। ईशान के सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरने से दायें और बाएं हाथ का संयोजन अधिक बेहतर साबित होगा।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में टीम इंडिया शीर्ष पर पहुंची

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में टीम इंडिया टेस्ट में शीर्ष पर पहुंच गयी है। वहीं भारतीय टीम टी20आई में पहले ही नंबर पर बनी हुई है हालांकि एकदिवसीय में वह चौथे नंबर पर खिसक गयी है। एकदिवसीय में न्यूजीलैंड शीर्ष पर है उसके 117 रेटिंग अंक हैं। इंग्लैंड के रेटिंग 113 जबकि ऑस्ट्रेलिया के 112 और भारत के रेटिंग 110 हैं।

भारतीय टीम टेस्ट में 115 रिटिंग अंक लेकर शीर्ष पर आई है। भारत ने पिछले माह टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश को 2-0 से हराया था। इसके आधार पर वह रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया से आगे आ गयी है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम 111 रेटिंग अंक लेकर दूसरे नंबर पर है जबकि 106 रेटिंग अंक लेकर इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है। एकदिवसीय की बात करें तो

दोनों ही टीमें अगले माह सीरीज भी खेलेंगी जिससे भी रैंकिंग में बदलाव का अवसर इनके पास रहेगा। इस साल होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप भी काफी कुछ इस सीरीज पर आधारित रहेगी। इसमें तय होगा कि कौन सी टीम फाइनल में पहुंचेगी। टीम इंडिया अगर ऑस्ट्रेलिया से सभी मैच जीतती है तो उसके 122 अंक हो जाएंगे और वह बेहतर स्थिति में पहुंच जाएगी। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर फिसल जाएगी और इंग्लैंड दूसरे स्थान पर आ जाएगी।

## भारत दौरे पर आये वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ग्रीनिज का हुआ सम्मान

नई दिल्ली। आजकल भारत दौरे पर आये वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर गॉर्डन ग्रीनिज ने कहा है कि टी20 क्रिकेट फास्ट फूड की तरह है। ग्रीनिज के अनुसार असली क्रिकेट टेस्ट क्रिकेट को ही कहा जा सकता है। ग्रीनिज वेस्टइंडीज के सबसे बेहतरीन सलामी बल्लेबाज थे और उन्होंने अपने डेब्यू मैच में शतक लगाया था।

क्रिकेट के साजोसामान बनाने वाली कंपनी बी डी एम के एक कार्यक्रम के लिए ग्रीनिज यहां पहुंचे थे। 71 साल के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज का इस अवसर पर सम्मान किया गया। ग्रीनिज इसी कंपनी के बल्ले से खेलते थे। ग्रीनिज इस बात से निराश हैं कि उनकी टीम इस समय अच्छा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा इससे पहले मुझे दुख होता था लेकिन अब मुझे दुख नहीं होता क्योंकि मैं अब क्रिकेट नहीं देखता। केवल अगर यह टेस्ट क्रिकेट है और केवल अगर यह एक युवा खिलाड़ी के बारे में है जिसके बारे में मैंने सुना है तो मैं अपनी पूरी कोशिश करता हूं कि जाकर उस बच्चे को खेलते हुए देखूं और उस खिलाड़ी के बारे में मैं जो महसूस करता हूं उसके बारे में अपना फैसला कर सकूं। ग्रीनिज ने अपने करियर के दौरान भारत के शीर्ष स्पिनरों लेग स्पिनर बीएस चंद्रशेखर ऑफ स्पिनर ईएएस प्रसन्ना और एस वेंकटराघवन का भी सामना किया था।





मेलबोर्न मे ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में जीत के बाद उत्साहित फ्रांस की कैरोलिना ग्रेसिया।

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय लीग में बाउंड्री के बाद भी मिला एक रन

दुबई। यहां खेली जा रही टी-20 अंतरराष्ट्रीय लीग में बल्लेबाज ने शॉट खेला पर उसे केवल एक रन ही मिला। इसमें अंपायर ने पहले गेंद को नोबॉल करार दिया और फिर डेड बॉल दे दिया। यह मामला टी-20 लीग में डिजर्ट वाइपर्स और शारजाह वॉरियर्स के बीच मुकाबले का है। इस मैच में शारजाह वॉरियर्स कोलमर कॉडमर ने शानदार चौका लगाया और गेंद नो-बॉल रही फिर भी केवल एक रन मिला। इस मुकाबले के 5वें ओवर की 5वीं गेंद वेस्टइंडीज टीम के तेज गेंदबाज शेल्डन कट्रेल के हाथ से गिर गयी। इस पर कॉडमर ने जबरदस्त शॉट खेला। शॉट इतना करारा था कि गेंद सीमारेखा से बाहर चली गई।

यहां हालांकि हैरानी तब हुई जब मैदानी अंपायर ने पहले तो नोबॉल का इशारा किया और फिर इसे डेड बॉल करार दिया। इस तरह जिस गेंद पर 5 रन मिलने चाहिए थे टीम को उस पर केवल एक रन मिला। इस बारे में एमसीसी के 21.8 नियम का हवाला दिया गया। इसमें कहा गया है कि अगर बल्लेबाज को गेंद पर शॉट खेलने के लिए पिच से बाहर जाना पड़ता है तो ऐसे में मैदानी अंपायर पहले नोबॉल का इशारा करेगा। इसके बाद तत्काल उसे डेडबॉल करार देगा।

## भारतीय टीम जीत सकती है बॉर्डर-गावस्कर सीरीज : हीली

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज इयान हीली के अनुसार भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर सीरीज जीत सकती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह सीरीज अगले माह 9 फरवरी से शुरू होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया चार टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेंगे। यह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बनाने के लिए काफी अहम है। हीली ने कहा ह्वभारतीय टीम बहुत अच्छी है पर मैं उनके स्पिनरों को लेकर ज्यादा परेशान नहीं हूं अगर वे अजीब से विकेट नहीं बनाए। उन्होंने कहा ह्वयदि वे ऐसा करते हैं जैसा पिछली बार आधी सीरीज में हुआ था।

तब विकेट खतरनाक थे और पहले ही दिन से स्पिनरों का दबदबा हो गया था। उन्होंने कहा ह्वउस तरह के विकेट होने पर वे बेहतर खेलेंगे पर अगर विकेट सपाट होते हैं जैसे कि भारत में होते हैं और बल्लेबाजों की मदद करते हैं तो हम जीत सकते हैं। मेरा अनुमान है कि अगर मिशेल स्टार्क पहला टेस्ट नहीं खेल पाते हैं तो भारत 2-1 से जीतेगा। गौरतलब है कस्टार्क को ऊंगली की चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहना पड़ सकता है।

हीली ने कहा ह्वअगर स्टार्क पहला टेस्ट नहीं खेलता है तो उसके पास दूसरे के लिये भी तैयार होने का पूरा समय नहीं होगा। कोई अभ्यास मैच भी बाद में नहीं है। उन्हें हालांकि एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के कामयाब रहने का भरोसा है।

## विश्वकप हॉकी : ऑस्ट्रेलिया ने अर्जेंटीना को 3-3 से ड्रॉ पर रोका

भुवनेश्वर। यहां खेले जा रहे एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के पूल-ए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना का मुकाबला 3-3 से ड्रॉ रहा है। कलिंगा स्टेडियम पर हुए इस रोमांचक मुकाबले में अर्जेंटीना की ओर से थॉमस डोनेल ने 18 वें मिनट में मैको कसेलो ने 32 वें और मार्टिन फरेरो ने 48 वें मिनट में गोल किये। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी हेवर्ड ने नौवें डेनियल बील ने 29 वें और ब्लेक गोवर्स ने 57वें मिनट में गोल किये। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में फरेरो के गोल से अर्जेंटीना ने 3-2 से बढ़त हासिल कर ली पर अंत में ऑस्ट्रेलिया ने गोवर्स के गोल से मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

तीन बार की खिताब विजेता ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के बीच इस मुकाबले में शुरुआत से ही रोमांचक संघर्ष हुआ। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी ने नौवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को पहली सफलता दिलायी। वहीं दूसरे क्वार्टर में अर्जेंटीना के थॉमस ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मुकाबला 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद हाफ टाइम से ठीक एक मिनट डेनियल ने एक गोल कर ऑस्ट्रेलियाई टीम को फिर आगे कर दिया। अर्जेंटीना ने इसके बाद पलटवार करते हुए और ब्रेक के बाद दूसरे मिनट में ही मैको के मैदानी गोल से स्कोर 2-2 से बराबर पर ला दिया। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने के प्रयास किये पर असफल रहीं। दोनो ही टीमें अपने पेनल्टी कॉर्नरों को गोल में नहीं बदल पायीं। अर्जेंटीना के फरेरो ने 48वें मिनट में एक मैदानी गोल कर अपनी टीम को फिर बढ़त दिला दी लेकिन ऑस्ट्रेलिया की ओर से अंतिम क्षणों में गोवर्स ने फ्री हिट पर गोल कर मुकाबला 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इस प्रकार दोनो ही टीमों को बराबर अंक मिले हैं। पूल-ए में दोनो ही टीमों के चार-चार अंक हैं और ये पहले और दूसरे स्थान पर हैं।

## न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के कोच बने मोर्कल

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्नी मोर्कल न्यूजीलैंड महिला टीम के कोच बने हैं। मोर्कल अगले माह 10 फरवरी से दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड महिला टीम के कोचिंग स्टाफ से जुड़ गए हैं। न्यूजीलैंड टीम 23 जनवरी को विश्वकप के लिए दक्षिण अफ्रीका रवाना होगी। उसे ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका बांग्लादेश और श्रीलंका के साथ रखा गया है। मोर्कल पिछले साल टी20 विश्व कप में नामीबिया की पुरुष टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल थे। वह न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्वकप में होने वाले पहले मैच से पूर्व टीम से जुड़ जाएंगे। मोर्कल ने कहाह्वविश्व भर में अब महिला क्रिकेट तेजी से बढ़ रहा है। इसमें कोच की भूमिका निभाना मेरे लिये अपना अनुभव बांटने का अच्छा अवसर है। पिछले कुछ साल से न्यूजीलैंड महिला टीम का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। बिग बैश में भी टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

## 360 डिग्री बल्लेबाज बन रहे गेंदबाजों के लिए मुसीबत : एंडी फ्लावर

अबू धाबी। जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर एंडी फ्लावर ने कहा है कि सूर्यकुमार यादव जैसे आक्रामक बल्लेबाज गेंदबाजों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। फ्लावर के अनुसार ये 360 डिग्री खिलाड़ी खिलाड़ी अपनी बल्लेबाजी से गेंदबाजों की लाइन और लैंथ खराब बिगाड़ देते हैं। फ्लावर ने कहा सूर्यकुमार जैसे 360 डिग्री खिलाड़ी गेंदबाजों के लिए बहुत परेशानी पैदा कर रहे हैं। तेज गेंदबाज अपनी सर्वश्रेष्ठ लैंथ पर गेंदबाजी कर सकते हैं पर ये बल्लेबाज कीपर या फाइन लेग पर स्कूप कर सकते हैं। इसी कारण अब हमें तेज गेंदबाजों के खिलाफ शॉर्ट थर्ड मैन पर रिवर्स स्वीप भी देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा इन कौशलों को देखना अच्छा लगता है। इन शॉट्स को खेलने के लिए साहस की जरूरत होती है। खेल अधिक विविधता और कौशल की अधिक रेंज की मांग कर रहा है और खिलाड़ी इसे हासिल करने के तरीके तलाश रहे हैं। हाल के दिनों में टी20 क्रिकेट में कम स्ट्राइक पर खेलने के लिए खेल कई बड़े खिलाड़ियों की भी आलोचना की गई है। वहीं इसको लेकर फ्लावर ने कहा कि अलग तरह के खिलाड़ियों की भूमिका भी अहम होती है पर यह इस बात पर निर्भर करता है कि एक कोच और कप्तान टीम को कैसे संतुलित कर सकते हैं। उन्होंने कहा हम सभी निश्चित रूप से आक्रामक खेल पसंद करते हैं पर मुझे अभी भी लगता है कि विभिन्न प्रकार के खिलाड़ियों के लिए एक भूमिका है। यह चयनकर्ताओं कोच और कप्तान पर निर्भर करता है कि वे इसे कैसे संतुलित करते हैं लेकिन निश्चित रूप से ताकत महत्वपूर्ण है लेकिन क्रिकेट में तेजी से स्कोरिंग करने के अलग-अलग तरीके हैं। सूर्यकुमार ने हमें हाल ही में दिखाया है कि इसे कौशल और नवीनता के साथ कैसे किया जाता है।

# ललित मोदी ने बेटे रुचिर को सौंपी 4555 करोड़ की संपत्ति

नई दिल्ली। गंभीर रुप से बीमार चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व अध्यक्ष ललित मोदी ने अचानक ही अपनी संपत्ति अपनी बेटे रुचिर को सौंप दी है। ललित मोदी को कोरोना संक्रमण के बाद इंफ्लुएंजा और निमोनिया होने कारण ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। इसी दौरान उन्होंने अपने उत्तराधिकारी का फैसला कर सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी सार्वजनिक की है। उन्होंने अपने एकलौते बेटे रुचिर को अपना उत्तराधिकारी बनाया है और 4555 करोड़ की संपत्ति सौंप दी है। कारोबारी केके मोदी फैमिली ट्रस्ट की संपत्ति उन्होंने अपने बेटे रुचिर के नाम की है। इसके बाद से ही लोग रुचिर के बारे में जानकारी प्राप्त करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि बेटी आलिया से बात करने के बाद उन्होंने ये फैसला किया है।

रुचिर मोदी इंटरप्राइजेज गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड मोदी केयर केके मोदी ग्रुप के डायरेक्टर हैं। वो मोदी वेंचर के संस्थापक भी है। वह अभी कई प्रोजेक्ट के प्रमुख हैं। रुचिर ट्वेंटी फोर सेवन कन्वीनियंस स्टोर्स और कलर बार कॉस्मेटिक ब्रांड जसे प्रोजेक्ट को भी चलाते हैं। रुचिर भी क्रिकेट के प्रशंसक हैं और अलवर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं।

ललित मोदी को इलाज के लिए मेक्सिको सिटी से लंदन लाया गया है पर वो अभी ऑक्सीजन सपोर्ट पर बने हुए हैं। उन्होंने लिखा कि अब उन्हें फैमिली ट्रस्ट की संपत्ति और कमाई में कोई रुचि नहीं है। वो केकेएमएफटी में बने रहेंगे। ललित मोदी साल 2010 में आईपीएल घोटाले के बाद भारत से भागकर लंदन चले गए थे और तभी से वहीं हैं। उनके पास सभी तरह की सुविधाएं हैं। लंदन में आलीशान महल हैं जो 7000 एकड़ में फैला है। उनके पास लग्जरी कारों को कलेक्शन है। ललित मोदी का नेटवर्थ लगभग 12 हजार करोड़ हैं। जिसमें से 4500 करोड़ की उनकी संपत्ति है।





मेलबोर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में पोलैंड की इगा स्वाटेक पहले दौर के मैच में उत्साहित नजर आयीं।

# कर्नाटक राज्य वक्फ बोर्ड ने अवैध रूप से बनी फातिमा मस्जिद में ताला लगाया

बेलागवी। कर्नाटक राज्य वक्फ बोर्ड ने बेलगावी जिले के सरथीनगर इलाके में अवैध रूप से बनी फातिमा मस्जिद पर ताला लगाया है। पुलिस विभाग ने इमारत के चारों ओर सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया। विवादित इमारत के सामने कर्नाटक स्टेट रिजर्व पुलिस (केएसआरपी) की एक प्लाटून भी तैनात की गई है। इलाके के रिहायशी घरों को मस्जिद में बदलने पर बीजेपी नेताओं और हिंदू कार्यकताओं ने आपत्ति जाहिर की है। भाजपा और हिंदू कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि एक आवास को मस्जिद में बदल दिया गया है और उस वक्फ बोर्ड को सौंप दिया जा रहा है। कार्यकताओं ने इस संबंध में स्थानीय निवासियों के साथ बैठक कर भाजपा के पूर्व विधायक संजय पाटिल के नेतृत्व में इलाके से मस्जिद खाली कराने के लिए आंदोलन शुरू किया।

पाटिल ने प्रशासन और निगम से मस्जिद खाली करने की मांग की थी। लोगों के अनुसार अधिकारियों ने विकास के नाम पर आंखें मूंद रखी हैं। इसबारे में बेलगावी ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के कांग्रेस विधायक लक्ष्मी हेब्बलकर द्वारा उन पर दबाव डाला गया है। उनका कहना था कि एक साल से ज्यादा समय होने के बाद भी शिकायत नहीं की गई है। श्रीराम सेना ने मस्जिद खाली करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया था।

इसबारे में रहवासी बताते हैं कि मूल मालिक ने मौलाना अब्दुल कलाम एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसाइटी को संपत्ति उपहार में दी थी। बाद में संपत्ति को मस्जिद में बदल दिया गया। इस संबंध में निगम ने निवास के लिए निर्धारित संपत्ति में निर्माण लाइसेंस के उल्लंघन और धार्मिक गतिविधियों को अंजाम देने के संबंध में नोटिस जारी किया है। मुस्लिम नेताओं का कहना है कि यह वक्फ बोर्ड की संपत्ति है।

बेलगावी निगम के आयुक्त रुद्रेश घाली ने इसबारे में वक्फ बोर्ड को नोटिस जारी किया था। केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश जारकीहोली ने टिप्पणी की कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं ये चीजें सामने आएगी। उन्होंने बीजेपी पर परोक्ष रूप से हमला कर कहा हमने देखा है कि कैसे मेंगलुरु उडुपी और कारवार में चीजें प्रतिकूल हुई हैं वे लोगों इस यहां और अन्य जगहों पर भी करने वाले हैं। लेकिन इससे उन्हें मदद नहीं मिलेगी। जारकीहोली ने कहा देश में चर्च और मस्जिद हजारों साल से हैं। अब विवाद पैदा करना जरूरी नहीं है।

## महिला ने पति से कराया कॉन्ट्रैक्ट साइन तलाक देने पर 15 साल तक मुआवजा देना होगा

लंदन। शादी के बाद आज भी दुनिया के कई देशों में महिलाएं गृहणियां बनकर अपनी नौकरी छोड़ केवल घर तक सिमटकर रहती हैं। ऐसा हम दुनिया भर के कई देशों में होते देखते हैं। इस बीच इसका नुकसान बताने वाले कई मामले भी सामने आए हैं। तलाक के बाद इन महिलाओं को नौकरी मिलने में काफी दिक्कत होती है क्योंकि सीवी में अच्छा खासा काम का अंतराल आता है।

इसी समस्या का समाधान निकालने के लिए एक महिला ने अपने पति से कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करवाए हैं। महिला ने कहा है कि अगर पति उसे तलाक देता हैंतब अगले 15 साल तक उसे भुगतान करेगा। ये पैसा उसके सीवी में आए गैप के लिए मुआवजे की तरह होगा। महिला ने मामले में सोशल मीडिया पर जानकारी दी है। हालांकि कुछ लोगों को उसका ये फैसला गलत लग रहा है तब कई उसकी तारीफ करते नहीं थक रहे। महिला के टिकटॉक पर 26 हजार से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं। जिसपर महिला ने पति से साथ किए कॉन्ट्रैक्ट को दिखाया है। वीडियो को अभी तक 6.3 मिलियन से ज्यादा लोगों ने देख लिया है।



वेनेजुएला में बढ़ती महंगाई के बीच ही शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों ने वेतन बढ़ाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

## 91 टेक कंपनियों ने 15 दिन में छिनी 24 हजार की नौकरी

**- अब डुन्जो ने 90 लोगों को किया बाहर**

नई दिल्ली। ग्रोसरी डिलीवरी ऐप डुंजो ने 16 जनवरी को बताया कि उसने अपने 3 फीसदी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी ने कहा है कि ऐसा रीस्ट्रक्चरिंग के तहत किया गया है। बता दें कि डुंजो को गूगल से समर्थन प्राप्त है। मीडिया के अनुसार कंपनी के सीईओ कबीर बिस्वास ने एक बयान में कहा कि लोगों को प्रभावित करने वाला कोई भी फैसला मुश्किल होता है। पिछले हफ्ते हमें हमारी कुल क्षमता में से 3 फीसदी लोगों से अलग होना पड़ा। हालांकि डुन्जो ने बाहर किए गए कर्मचारियों की कुल संख्या नहीं बताई। डुन्जो ने अपने लिंक्डिन प्रोफाइल पर लिखा है कि उसके पास 3000 कर्मचारी हैं। इसका मतलब है कि कंपनी ने करीब 90 लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया है। डुन्जो के सीईओ ने कहा कि इन लोगों ने हमारे साथ अपना करियर बनाने का विकल्प चुना और ऐसे प्रतिभाशाली लोगों को जाते देखना दुखी करने वाला है। उन्होंने कहा कि कंपनी इस बदलाव में उनकी मदद के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। 2023 की शुरूआत टेक कर्मचारियों के लिए अच्छी नहीं हुई है। छंटनियों को ट्रैक करने वाली एक वेबसाइट के अनुसार जनवरी के पहले 15 दिन में 91 टेक कंपनियों के 24151 लोगों ने अपनी नौकरियां गंवाई। अमेजन सेल्सफोर्स क्वाइनबेस और अन्य टेक आधारित कंपनियां कर्मचारियों को निकालने में सबसे आगे रहीं। क्रिप्टो एक्सचेंज क्रिप्टो.कॉम ने भी कहा है कि वह अपने मानव संसाधन में 20 फीसदी की कटौती करेगी। भारत में ओला ने साल के पहले महीने छंटनी की घोषणा कर सुर्खियां बटोरी। वेबसाइट के अनुसार 2022 में 153110 लोगों को नौकरी से निकाला गया। छंटनी करने वाली कंपनियों में अधिकांश टेक कंपनियां रहीं। छंटनी करने वाली प्रमुख कंपनियों में मेटा ट्विटर ओरेकल स्नैप ऊबर और इंटेल आदि शामिल रहीं। केवल नवंबर में ही 51489 लोगों की छंटनी हुई। ऐसा माना जा रहा है कि इस साल गूगल भी अपने कई कर्मचारियों की छुट्टी कर देगी। गूगल इस साल करीब 11000 कर्मचारियों को निकाल सकती है। अगर ऐसा सच में होता है तो 2023 टेक की नौकरियों के लिए अब तक का सबसे बुरा साल साबित हो सकता है।

# मार्टिन लूथर किंग ने समानता की आवाज बुलंद की उनकी विरासत अमूल्य : कमला हैरिस

**भारतीय अमेरिकियों ने मार्टिन लूथर किंग की विरासत को बताया अमूल्य**

वाशिंगटन। उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस सहित भारतीय अमेरिकियों ने नागरिक अधिकारों के नेता मार्टिन लूथर किंग जूनियर की विरासत को अमूल्य बताते हुए कहा कि देश को मतदान करने की स्वतंत्रता और सभी की आजादी के लिए लड़ाई जारी रखनी चाहिए। अश्वेतों के लिए नागरिक अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले किंग का जन्म 15 जनवरी 1929 को जॉर्जिया के अटलांटा में हुआ था। हैरिस ने कहा डॉ मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने नस्ली न्याय आर्थिक न्याय और उस स्वतंत्रता पर जोर दिया जो इन सभी की राहें खोलती है यानी मतदान करने की स्वतंत्रता। उन्होंने कहा आज हम जिस व्यक्ति की विरासत का जश्न मना रहे हैं उसने सबके लिए समानता की आवाज बुलंद की उसकी विरासत अमूल्य है और उसका सही मायने में सम्मान करने के लिए हमें वोट देने की स्वतंत्रता और सभी की आजादी के लिए लड़ाई जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा डॉ मार्टिन लूथर किंग जूनियर की विरासत का जश्न मनाते हुए आइए हम सभी एक बेहतर निष्पक्ष अधिक न्यायसंगत दुनिया के निर्माण के लिए फिर से प्रतिबद्ध हों।

भारतीय अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा मार्टिन लूथर किंग जूनियर के सपने को पूरा करने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। सांसद रो खन्ना ने कहा हम मार्टिन लूथर किंग जूनियर का सम्मान करते हैं जो हमारे देश के इतिहास में न्याय और मानवाधिकारों के महानतम समर्थकों में से एक हैं। जब हम उनकी विरासत पर विचार करते हैं तो हम आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक समान और न्यायपूर्ण अमेरिका बनाने के लिए फिर से प्रतिबद्धता जताते हैं।

सांसद प्रमिला जयपाल ने कहा कि डॉ किंग जैसे नेता एक पीढ़ी में एक बार आते हैं। उन्होंने हमें मुश्किल वक्त में सपने देखने और एकजुट होने का पाठ पढ़ाया।

रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा कि मार्टिन लूथर किंग के शब्द अनंत काल तक याद रखे जाएंगे कि हमें अपने देश की चुनौतियों का मिलकर सामना करना होगा। हममें से सभी अपना एक छोटा हिस्सा इसके लिए योगदान करेंगे। इस बीच अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू भारतीय अमेरिकी समुदाय के कई सदस्यों के साथ किंग के गृह नगर जॉर्जिया के अटलांटा पहुंचे और वहां किंग सेंटर में उन्हें श्रद्धांजलि दी। संधू ने किंग को अमेरिकी नागरिक अधिकार आंदोलन का नेता और अहिंसा की वकालत करने वाला बताया।

## बुरी तरह चरमराई चीन की अर्थव्यवस्था बदहाली की कगार पर पहुंचा

**1976 के बाद फिर सिकुड़ी चीन की अर्थव्यवस्था टूटा 40 साल का रिकॉर्ड**

बीजिंग। कोरोना के व्यापक प्रसार और रियल एस्टेट मंदी के दबाव के कारण पिछले साल चीन की आर्थिक वृद्धि दर तीन प्रतिशत तक गिर गई। लाखों लोगों को घरों में बंद रखने वाले प्रतिबंधों के चलते चीन की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। हालांकि अब प्रतिबंधों के हटने के बाद धीरे-धीरे इसमें सुधार हो रहा है। विश्व बैंक ने अनुमान लगाया है कि चीन की जीडीपी 2023 में 4.3 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी हालांकि यह अभी भी अपेक्षाओं से कम है।सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दिसंबर में 2.9 प्रतिशत तक गिर गई है। मंगलवार को जारी आंकड़े के अनुसार 1976 में अर्थव्यवस्था के 1.6 फीसद सिकुड़ने के बाद से चीन के सबसे खराब विकास के आंकड़े हैं। रिपोर्ट के मुताबिक चीन में आर्थिक गतिविधि फिर से शुरू हो रही है लेकिन सतर्क उपभोक्ता धीरे-धीरे ही शॉपिंग मॉल और रेस्तरां में लौट रहे हैं। इस बीच कोविड-19 संक्रमण में वृद्धि हुई है। सरकार का कहना है कि ऐसा लगता है कि उस लहर का चरम बीत चुका है। 2021 में चीन की अर्थव्यवस्था 8.1 फीसद की दर से आगे बढ़ी थी। अब इसमें आधे से अधिक की गिरावट हुई है। यह दर 2021 के प्रदर्शन की तुलना में पहले से ही बहुत कम है। सरकार ने 5.5 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित किया था। चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने कहा कि चौथी तिमाही में चीन की अर्थव्यवस्था साल-दर-साल 2.9 प्रतिशत बढ़ी जबकि तीसरी तिमाही में यह 3.9 प्रतिशत थी। मंगलवार को जारी आंकड़े 1976 में चीन अर्थव्यवस्था के 1.6 फीसदी सिकुड़ने के बाद से चीन के सबसे खराब विकास के आंकड़े हैं। माओत्से तुंग की मृत्यु और 2019 के अंत में वुहान में कोरोनोवायरस के उभरने के बाद 2020 में अर्थव्यवस्था में तेज गिरावट देखने को मिली थी।

सख्त लॉकडाउन क्वारंटीन और अनिवार्य सामूहिक कोरोना टेस्टिंग से चीन के प्रमुख मैन्युफैरिंग केंद्रों में विनिर्माण सुविधाओं और व्यवसायों को अचानक बंद करना पड़ा। दुनिया की सबसे बड़ी आईफोन फैक्ट्री झेंग्झौ भी इसका शिकार हई। इसके चलते अर्थव्यवस्था में निर्यात प्रतिशत काफी घट गया। बीजिंग ने दिसंबर की शुरूआत में विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर अचानक महामारी प्रतिबंधों को ढीला कर दिया था।



चीन में एक महिला और उसकी बेटी स्पिंग समारोह में भाग लेती हुई।

## इन्दौर देश का सबसे स्वच्छ शहर; अब स्वस्थ शहर भी बने : अमिताभ बच्चन

**इन्दौर में बीसीएम कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल का लोकार्पण**

इन्दौर। फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन ने मंगलवार को इन्दौर में बीसीएम कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल का लोकार्पण किया। उन्होंने अनिल अंबानी टीना अंबानी और जया बच्चन के साथ अस्पताल का फीता काटा। इस मौके पर अमिताभ बच्चन ने इन्दौर शहर की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इन्दौर आकर मुझे आनंद आया यह देश का सबसे साफ शहर है और अब मैं चाहता हूं कि इन्दौर स्वस्थ शहर भी बने।

अमिताभ ने कहा कि मुझे अस्पताल के उद्घाटन के लिए इसलिए नहीं चुना गया कि मैं अभिनेता हूं बल्कि इसलिए कि मैंने सबसे ज्यादा अस्पतालों के दर्शन किए हैं। मेरा कई बार ऑपरेशन हुआ। मुझे भारतीय डॉक्टरों पर बहुत भरोसा है। उन्हीं की वजह से आज मैं जिंदा हूं। भविष्य में भी मुझे अस्पताल की जरूरत पड़ी तो मैं भारतीय डॉक्टरों पर ही भरोसा करूंगा। फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कहा कि फिल्म कुली की शूटिंग के दौरान उनके साथ एक हादसा हो गया था तब उन्हें हिपेटाइटिस वाला रक्त चढ़ गया। उस वजह से उनका 15 प्रतिशत लीवर ही काम करता है लेकिन उन्होंने जांच कराई सही समय पर इलाज कराया और आज वह जिंदा हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समय पर जांच जरूरी है।

टीना अंबानी की आंखें भर आईं - अस्पताल के लोकार्पण अवसर पर टीना अंबानी की आंखें भर आईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टीना ने कहा कि मेरे लिए यह भावनात्मक पल है। हमने वर्ष 2009 में मुंबई में अस्पताल शुरू किया था अब हमने मध्यप्रदेश में अस्पताल की शुरूआत की है। अपनी बात कहते-कहते टीना की आंखों में आंसू भी आ गए। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के लिए इन्दौर सबसे सही शहर है यह शहर न्यू इंडिया की इबारत लिख रहा है। देश के सबसे साफ शहर को हमने अस्पताल खोलने के लिए चुना है।

कोकिलाबेन ने कहा टीना का सपना पूरा हुआ- दिवंगत उद्योगपति धीरूभाई अंबानी की पत्नी कोकिलाबेन अंबानी ने भी वर्चुअली इस कार्यक्रम में जुड़ीं। कोकिलाबेन ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए महत्वपूर्ण है। इन्दौर में हमने आधुनिक अस्पताल खोला है। अस्पताल खुलने के बाद आज टीना का सपना पूरा हो गया। कोकिलाबेन ने कहा कि अस्पताल में लोग रोते हुए आते हैं लेकिन हंसते हुए जाएं तो मन को खुशी होती है। हमारी यही कोशिश होगी।

मरीजों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं देगा अस्पताल- कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल इंदौर में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं देगा। अस्पताल के निदेशक और प्रमुख डॉ.विशाल गोयल ने कहा कि हमारे मुंबई के अस्पताल को क्लीनिकल एक्सीलेंस के अपने उच्च मानकों लिए लगभग 14 सालों से मान्यता प्राप्त है। जिसने सालों से लाखों रोगियों का विश्वास जीता है। इन्दौर में हमारा नया अस्पताल भी हर मरीज को बेहतर और गुणवत्ता पूर्ण सुविधाएं देगा।

## भारत की जीत अब्दुल रहमान मक्की वैश्विक आतंकवादी घोषित

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने लिया फैसला**

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तानी आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध कर दिया। बता दें कि मक्की आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज मोहम्मद सईद का रिश्तेदार है। भारत ने पिछले साल लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के इस नेता को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने की मांग की थी लेकिन चीन ने बीच में अडंगा लगा दिया था। जून में इस लेकर भारत ने चीन की कड़ी आलोचना भी की थी। लेकिन 16 जनवरी 2023 को चीन ने अपना हाथ पीछे खींच लिया और इसके साथ अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विवक आंतकी घोषित कर दिया गया है। 16 जनवरी 2023 को सुरक्षा परिषद समिति ने आईएसआईएल अल-कायदा प्रतिबंध समिति के तहत अब्दुल रहमान मक्की को प्रतिबंधित लिस्ट में डाला है। अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े आतंकवादियों को लिस्टेड करने पर यूएनएससी के प्रस्ताव के मुताबिक मक्की अब धन का इस्तेमाल नहीं कर सकता है वह हथियार खरीद नहीं कर सकता और अधिकार क्षेत्र से बाहर यात्रा भी नहीं कर सकता।

मक्की आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा यानी जमात उल दावा का पॉलिटिकल विंग का मुखिया है। मक्की को एलईटी के अंतरराष्ट्रीय मामलों का प्रमुख भी बताया जाता है। आंतकी मक्की भारत के जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाने आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने आतंकी संगठन के लिए पैसे जुटाने और आतंकियों को भर्ती करने का काम करता रहा है।

गौरतलब है कि अमेरिकी सरकार ने मक्की पर 2 मिलियन डॉलर का इनाम घोषित किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के फैसले से पहले ही वाशिंगटन और दिल्ली ने मक्की को घरेलू कानूनों के तहत आतंकवादी घोषित किया हुआ है।

# मैं वरुण को गले लगा सकता हूं लेकिन मेरी पार्टी की विचाराधारा उनसे अलग : राहुल गांधी

**कभी भी आरएसएस के ऑफिस नहीं जा सकता**

होशियारपुर। कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सांसद और मेनका गांधी के सुपुत्र वरुण गांधी के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों को लेकर बयान दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी विचार धारा अलग-अलग है। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा इन दिनों पंजाब में है। यात्रा के दौरान अपनी प्रेसवार्ता में राहुल गांधी ने बीजेपी के खिलाफ जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी भारत जोड़ो यात्रा नफरत और हिंसा के खिलाफ है। साथ ही कहा कि हमारी भारत जोड़ो यात्रा का मकसद देश में महंगाई-बेरोजगारी को उखाड़ फेंकना है। राहुल ने कहा कि देश के संस्थानों पर आज के समय में आरएसएस और बीजेपी का पूरी तरह नियत्रंण है। वहीं बीजेपी के पूंजीपतियों के लिए काम करने को लेकर आरोप लगाकर राहुल गांधी ने कहा कि देश एक फीसद अमीर के पास देश का 40 फीसद धन है। राहुल ने केंद्र पर आरोप लगाकर कहा कि देश में जांच एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है।

वहीं अपने भाई वरुण गांधी के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों के बीच राहुल ने बड़ा बयान दिया। राहुल गांधी ने कहा कि वरुण चूंकि बीजेपी में हैं। राहुल ने कहा कि मेरी विचार धारा उनकी विचारधारा से नहीं मिलती है।

मैं कभी आरएसएस के ऑफिस में नहीं जा सकता। उसके लिए आपको पहले मेरा गला काटना पड़ेगा। राहुल ने कहा कि मेरा जो परिवार है उसकी एक अलग विचारधारा है। वरुण ने दूसरी विचारधारा को अपनाया। जिसे मैं कभी स्वीकार नहीं कर सकता हूं। राहुल ने कहा कि मैं जरूर वरुण से प्यार से मिल सकता हूं... गले लग सकता हूं। मगर मैं उस विचारधारा को कभी भी स्वीकार नहीं कर सकता हूं।

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सुरक्षा में चूक को लेकर बयान दिया। राहुल ने कहा कि उत्साह में अक्सर ऐसी घटनाएं हो जाती है। दरअसल एक शख्स राहुल से गले मिलने के लिए अचानक दौड़ पड़ा था।

## पुरानी पेंशन लागू करने से राज्यों को हो सकती है परेशानी

**आरबीआई की चेतावनी**

**- राज्यों को वित्तीय प्रबंधन के लिए एक बड़ा खतरा**

नई दिल्ली। देश में कई राज्य एक के बाद एक अपने यहां पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की तैयारी कर रहे हैं। कुछ राज्य तो इसे लागू भी कर चुके हैं लेकिन सोमवार को आरबीआई ने पेंशन स्कीम पर वापस लौटने पर राज्य सरकारों को चेतावनी दी। आरबीआई ने कहा कि राज्य पुरानी पेंशन स्कीम लागू करते हैं तो उन्हें वित्तीय प्रबंधन के लिए एक बड़ा खतरा है। आरबीआई ने राज्यों के वित्त व्यवस्था पर सालाना रिपोर्ट जारी की है जिसमें कोरोना महामारी के बाद राज्यों की वित्तीय स्थिति को काफी आशाजनक बताया है लेकिन पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर चिंता जाहिर की है। आरबीआई का यह बयान ऐसे समय में आया है जब कुछ राज्य सरकारें पुरानी पेंशन योजना बहाल कर रही हैं। इस महीने की शुरूआत में हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए ओपीएस में वापस आने वाला चौथा राज्य बन गया। छत्तीसगढ़ राजस्थान और पंजाब ने भी ओपीएस शुरू कर दी है।

## पर्चा लीक मामले में गहलोत ने कहा नेता नाम बताए हम उनपर कार्रवाई करने को तैयार

जयपुर। राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं के पर्चे लीक मामले में छोटे-मोटे दलालों की जगह बड़े सरगनाओं को पकड़ने के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बयान पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पलटवार कर जवाब दिया है। गहलोत ने कहा पर्चा लीक मामले में जिनके वे सरगना ही हैं। नेता लोग नाम बता दें हम उन पर भी कार्रवाई करने को तैयार हैं। हमारी यही सोच है कि जिसने पर्चा लीक करने का यह षड्यंत्र किया है। हम पर्चा लीक करने वालो तक पहुंचें। हम पहुंचें भी हैं। सीएम ने कहा कि विपक्ष के लोग पर्चा लीक मामले में नेताओं और अफसरों के झूठे नाम ले रहे हैं। जानबूझकर नेताओं को बदनाम कर रहे हैं। कोई नेता अथवा अधिकारी इस काम में शामिल नहीं है।

गहलोत ने कहा कि कई राज्यों में पर्चा लीक करने वाले फर्जी तरीके से नियुक्तियां पा जाते हैं। राजस्थान एकमात्र राज्य है जहां पर्चा लीक करने वालों तक हम पहुंचे हैं। कई अधिकारी निलंबित किए हैं कुछ को बर्खास्त किया गया है। गिरोह के लोगों के घरों पर बुलडोजर चला है। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में भी पर्चे लीक हुए हैं। लेकिन वहां कोई कार्रवाई नहीं हुई। सरकार ने तीन लाख से ज्यादा नौकरियां दी है। विपक्ष चाहता है कि सरकार को इसका क्रेडिट नहीं मिले।


नेपाल में येती विमान हादसे के स्थल से राहत टीम को एक और व्यक्ति की लाश मिली।

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुम्बई। मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 562 अंक ऊपर आकर 60655.72 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 158 अंकर बढ़कर 18000 के ऊपर बंद हुआ। इससे निवेशकों को जमकर लाभ हुआ है और उनकी संपत्ति आज करीब 1.23 लाख करोड़ रुपये बढ़ी है। इस दौरान एचयूएल के शेयरों में तीन फीसदी उछाला आया पर नायका के शेयर चार फीसदी गिरे। बीएसई पर स्पेशलिटी रेस्तरां लिमिटेड के शेयरों में 11 फीसदी से अधिक की तेजी दर्ज की गई।

आज सुबह बाजार की अच्छी शुरुआत हुई और उसमें तेज आने लगी जो दिन भर बनी रही। सेंसेक्स?स सुबह 49 अंकों की बढ़त के साथ 60142 पर खुला जबकि निफ्टी 28 अंक ऊपर आकर 17923 पर खुला और कारोबार शुरू हुआ जबकि गत दिवस बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। निवेशकों ने आज खरीदारी पर बल दिया जिससे भी बाजार उछला है।

कारोबार के दौरान बीएसई इंडेक्स के 30 शेयरों में 22 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। लार्सन एंड टुब्रो के शेयर सबसे ज्यादा 3.51 फीसदी ऊपर आये। इसके अलावा हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) एचसीएल टेक एचडीएफसी बैंक एचडीएफसी रिलायंस इंडस्ट्रीज टीसीएस पावरग्रिड भारती एयरटेल अल्ट्राटेक सीमेंट टेक महिंद्रा एनटीपीसी और मारुति के शेयर एक फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं एसबीआई बजाज फिनसर्व इंडसइंड बैंक विप्रो टाटा स्टील बजाज फाइनेंस और सन फार्मा के शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए।

## छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का पिछला रिकॉर्ड भी टूटा

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का पिछला रिकॉर्ड भी टूट गया है। 16 जनवरी तक 98.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। जबकि पिछले वर्ष 2021-22 में 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। धान खरीदी का यह आकड़ा और भी बढ़ेगा क्योंकि धान खरीदी 31 जनवरी तक चलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि किसान हितैषी फैसलों और न्याय योजनाओं से किसानों की जेब में सीधा पैसा आया इससे किसानों की समृद्धि के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। राज्य सरकार ने चालू खरीफ सीजन में 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है। धान खरीदी केन्द्रों में दिख रही किसानों की चहल-पहल और धान की आवक से यह अनुमान है कि यह लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त हो जाएगा। राज्य में एक नवम्बर से शुरू हुई धान खरीदी का महाभियान निरंतर जारी है। राज्य के 22.32 लाख किसानों ने धान विक्रय किया है। धान के एवज में इन किसानों को 20 हजार 375 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है।

अब तक कुल धान खरीदी 98.92 लाख मीट्रिक टन धान में से 84.62 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 75 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव कर लिया गया है।

## गोफर्स्ट से 1199 में करें हवाई यात्रा!

नई दिल्ली। इंडियन एयरलाइन कंपनी गो फर्स्ट एक खास ऑफर लेकर आई है जिसमें आप सिर्फ 1199 रुपए में अपना हवाई टिकट बुक करा सकते हैं। घरेलू टिकट के साथ ही इसमें इंटरनेशनल टिकट भी सस्ते में मिल जाएगा। गोफर्स्ट ने ऑफिशियल ट्वीट में लिखा है कि अब आप सिर्फ 1199 रुपए में घरेलू हवाई यात्रा कर सकते हैं। इसके साथ ही इंटरनेशनल सफर करने के लिए आपको 6599 रुपए खर्च करने होंगे।

कंपनी के इस ऑफर में फ्री रिशेड्यूलिंग की सुविधा मिल रही है। इसके साथ ही फ्री कैंसिलेशन का भी फायदा मिलेगा। बताया गया है ?कि गोफर्स्ट की इस सेल में 1 मिलियन से ज्यादा सीट मिलेंगी जिसके लिए आप बुकिंग कर सकते हैं। इस सेल में 16 जनवरी से लेकर 19 जनवरी 2023 तक बुकिंग कर सकते हैं। इसके साथ ही यात्रा अवधि 4 फरवरी से 30 सितंबर 2023 तक सफर कर सकते हैं। आने वाले 8 महीनों के लिए भी टिकट बुकिंग करा सकते हैं।

## वैश्विक मंदी की आहट से सावधान हुई कंपनियां

नई दिल्ली। वैश्विक मंदी की आहट ने दुनियाभर में माहौल बिगाड़ दिया है। भारतीय बाजारों पर भी इसका असर दिखाई देने लगा है। बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच बड़ी संख्या में भारतीय सीईओ ऑपरेशनल कॉस्ट कम कर रहे हैं या कम करने की योजना बना रहे हैं। जानकारों का कहना है कि इससे आने वाले दिनों में नए जॉब के अवसर में कमी आ सकती है। हालांकि देश की आर्थिक संभावनाओं को लेकर वे अन्य देशों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों की तुलना में अधिक आशान्वित हैं। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के पहले दिन सोमवार को सलाहकार कंपनी पीडब्ल्यूसी द्वारा जारी वैश्विक सीईओ सर्वे में यह निष्कर्ष निकलकर आया है।

हालांकि ज्यादातर कंपनियों की अपने कर्मचारियों की संख्या या वेतन में कटौती की योजना नहीं है। सर्वेक्षण में 10 में से चार (वैश्विक स्तर पर 40 प्रतिशत और भारत में 41 प्रतिशत) मुख्य कार्यपालक अधिकारियों ने कहा कि यदि वे मौजूदा रास्ते पर चलते रहते हैं तो उन्हें नहीं लगता कि 10 साल बाद उनकी कंपनी आर्थिक रूप से व्यवहार्य रह जाएगी। 93 प्रतिशत भारतीय सीईओ ने कहा कि वे अपनी परिचालन लागत घटा रहे हैं या घटाने की योजना बना रहे हैं। 85 प्रतिशत वैश्विक और एशिया-प्रशांत के 81 प्रतिशत सीईओ ने भी कुछ इसी तरह की राय जताई।

लगभग 78 प्रतिशत भारतीय सीईओ ने कहा कि अगले 12 माह में वैश्विक आर्थिक वृद्धि में गिरावट आएगी। वैश्विक स्तर पर 73 प्रतिशत और एशिया-प्रशांत के 69 प्रतिशत सीईओ ने भी यही राय व्यक्त की है। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य निराशाजनक रहने की आशंका के बावजूद भारत के 10 में से 5 से ज्यादा यानी 57 प्रतिशत सीईओ अगले एक साल के दौरान देश की अर्थव्यवस्था को लेकर आशान्वित दिखाई दिए।

इसकी तुलना में एशिया प्रशांत के केवल 37 प्रतिशत और वैश्विक स्तर पर और कम यानी 29 प्रतिशत सीईओ अगले 12 महीनों में अपने देशों या क्षेत्रों में आर्थिक वृद्धि को लेकर आशान्वित थे। पीडब्ल्यूसी ने कहा कि भू-राजनीतिक चिंता के बीच मुख्य कार्यपालक अधिकारी इसकी वजह से होने वाली अड़चनों को भी अपनी योजना में शामिल कर रहे हैं।

यह पूछे जाने पर कि यूरोप में तनाव के बीच वे क्या करेंगे 67 प्रतिशत भारतीय सीईओ ने कहा कि वे अपनी आपूर्ति श्रृंखला का समायोजन कर रहे हैं। वहीं 59 प्रतिशत का कहना था कि वे अपने उत्पादों और सेवाओं में विविधता ला रहे हैं जबकि 50 प्रतिशत ने कहा कि वे साइबर सुरक्षा और डेटा निजता पर निवेश बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा 48 प्रतिशत मुख्य कार्यपालक अधिकारियों ने मौजूदा बाजारों में मौजूदगी बढ़ाना या नए बाजारों में विस्तार की बात कही। यह सर्वेक्षण 105 देशों और क्षेत्रों के 4410 मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के बीच किया गया। इनमें 68 भारतीय सीईओ है। सर्वेक्षण अक्टूबर-नवंबर 2022 के दौरान हुआ था।

## आईबीए ने कहा- बायोगैस अवशेषों के लिए सरकार को कोष बनाना चाहिए

मुंबई। इंडियन बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने बायोगैस अवशिष्ट फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मेन्योर (एफओएम) के कृषि क्षेत्र में उर्वरक के तौर पर इस्तेमाल बढ़ाने के लिए सरकार से 1000 करोड़ रुपए का कोष बनाने का अनुरोध किया है। बायोगैस संयंत्र फसलों के अवशिष्ट जानवरों के गोबर नगरीय अपशिष्ट और सब्जियों के कचरे जैसे ऑर्गेनिक अवशिष्ट को स्वच्छ बायोगैस में बदल देते हैं। इस प्रक्रिया में अवशिष्ट के तौर पर एफओएम पैदा होता है। आईबीए ने कहा कि देश भर के बायोगैस संयंत्रों से करीब 2000 टन एफओएम अवशिष्ट हर रोज निकलता है जिसका इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में किया जा सकता है। इसके लिए सरकार को आगामी बजट में एक कोष बनाने की घोषणा करनी चाहिए। बायोगैस क्षेत्र के इस निकाय ने अपनी बजट अनुशंसा में कहा है कि खेतों में जैविक उर्वरक के तौर पर एफओएम के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए 1000 करोड़ रुपएका एक कोष बनाने की घोषणा सरकार करे। आईबीए ने कहा ?कि यह कोष जरूरी है ताकि सरकारी प्रतिनिधियों उद्योग संगठनों एवं बायोगैस से जुड़े लोगों की एक समिति बनाकर समूची प्रक्रिया तय की जा सके। इस कोष का एक हिस्सा जैव-उर्वरकों के उत्पादकों को प्रोत्साहित करने और अनुबंध खेती जैसे अलग-अलग कारोबारी मॉडल को आजमाने में हो सकता है।

## टाटा मोटर्स किया और हुंदै को इस साल बिक्री में तेजी बरकरार रहने की उम्मीद

मुंबई। टाटा मोटर्स किआ इंडिया और हुंदै को वर्ष 2023 में भी बिक्री की रफ्तार बरकरार रहने की उम्मीद है। पिछले साल डीलरों को इन कंपनियों की आपूर्ति में अच्छी तेजी देखने को मिली थी। हालांकि इन कंपनियों को ऊंचे आधार प्रभाव महंगाई और उच्च ब्याज दरों के दबाव को झेलना पड़ सकता है। टाटा मोटर्स आंतरिक दहन इंजन मॉडलों इलेक्ट्रिक वाहनों और सीएनजी श्रेणी इस साल कई नए वाहनों को पेश करने के कारण मजबूत प्रदर्शन को लेकर आशान्वित है।

टाटा मोटर्स ने 2022 में समग्र रूप से पांच लाख से ज्यादा वाहनों की बिक्री की। टाटा ने पिछले साल 43000 के करीब इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री की वहीं इस साल कई नए इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार में पेश होने की उम्मीद है जिससे इस श्रेणी में भी वाहनों की बिक्री बढ़ेगी। टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों की बिक्री उद्योग की वृद्धि को पार कर पांच लाख इकाइयों से अधिक रही। किआ इंडिया ने कहा कि कंपनी इस साल भी वृद्धि की उम्मीद कर रही है। पिछले साल लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि की जबकि उद्योग में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बाजार में हमारी हिस्सेदारी भी 2021 के 5.9 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 6.7 प्रतिशत हो गई। हुंदै मोटर इंडिया के एक अ?धिकारी ने कहा ?कि मैं भारत की अर्थव्यवस्था को अन्य विकसित और विकासशील देशों की तुलना में काफी सकारात्मकता से देखता हूं। भारत अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेजी से प्रगति कर रहा है। इसके अलावा भारत में जनांकिकीय लाभ के साथ-साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही अच्छी पहल से भी सहयोग मिल रहा है।

## सरकार ने घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटाया डीजल-एटीएफ निर्यात पर भी शुल्क घटा

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में गिरावट के मद्देनजर सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल के साथ डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती की है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) जैसी कंपनियों द्वारा उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर 2100 रुपये प्रति टन से घटाकर 1900 रुपए प्रति टन किया गया है। यह आदेश 16 जनवरी को जारी किया गया। कच्चे तेल को परिष्कृत कर पेट्रोल डीजल और एटीएफ जैसे ईंधन में बदला जाता है। इसके अलावा सरकार ने डीजल के निर्यात पर कर 6.5 रुपये से घटाकर पांच रुपये प्रति लीटर कर दिया है। एटीएफ के निर्यात पर कर को 4.5 से घटाकर 3.5 रुपये प्रति लीटर किया गया है।नई दरें 17 जनवरी से प्रभावी हैं।

घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर सबसे पहले अप्रत्याशित लाभ कर जुलाई 2022 में लगाया गया था। इस पर अप्रत्याशित लाभ कर की दर इस समय दूसरे सबसे निचले स्तर पर है। दिसंबर 2022 के दूसरे पखवाड़े में घरेलू कच्चे तेल पर कर 1700 रुपये प्रति टन था। इससे पहले तीन जनवरी की पखवाड़ा समीक्षा में कर दरों में बढ़ोतरी की गई थी। उस समय वैश्विक स्तर पर कच्चा तेल मजबूत हुआ था। उसके बाद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम नीचे आए हैं। भारत ने पहली बार अप्रत्याशित लाभ कर एक जुलाई को लगाया था। इस तरह भारत उन कुछ देशों में शामिल हो गया था जो ऊर्जा कंपनियों के सामान्य से अधिक मुनाफे पर कर वसूलते हैं।

उस समय पेट्रोल और एटीएफ पर छह रुपये प्रति लीटर (12 डॉलर प्रति बैरल) और डीजल पर 13 रुपए प्रति लीटर (26 डॉलर प्रति बैरल) का निर्यात शुल्क लगाया गया था। इसके अलावा घरेलू कच्चे तेल पर 23250 रुपए प्रति टन (40 डॉलर प्रति बैरल) का अप्रत्याशित लाभ कर लगाया गया था। पहली समीक्षा में ही पेट्रोल पर निर्यात कर को समाप्त कर दिया गया था। पिछले दो सप्ताह की कच्चे तेल की औसत कीमत के आधार पर कर दरों की प्रत्येक पखवाड़े में समीक्षा की जाती है।

## 128 दवाओं के दामों में कमी

**- दमा बुखार और कैंसर की दवाएं सस्ती**

नई दिल्ली। सरकारी नियामक राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने 128 एंटीबायोटिक और एंटीवायरल दवाओं की कीमतें संशोधित की है। जिन दवाओं के रेट को संशोधित किया गया है। उनमें एमोकिसलीन और कलेवुलिनिक एसिड के एंटीबायोटिक इंजेक्शन। वैकोंमायसिन दमा के रूप में उपयोग होने वाली सैलबुटेमोल कैंसर की दवा ट्रेसटूजुमैब दर्द निवारक दवा आइब्रोफेन और पेरासिटामोल की दवाइया शामिल हैं।

अमोक्सिलीन के एक कैप्सूल की कीमत अब 2.18 पैसे के स्थान पर 1.68 पैसे होगी। आइब्रुफैन की 400 एमजी की गोली 1 रुपए 7 पैसे अधिकतम निर्धारित की गई है। औषधि कीमत नियंत्रण आदेश 2013 के तहत 12 अधिसूचित दवाओं की खुदरा कीमतें भी तय की गई हैं।

मुकेश अंबानी को गवाह के रूप में बुलाने की अनुमति नहीं

मुंबई ईएमएस केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने बहुचर्चित कारोबारी नुस्ली वाडिया की हत्या के कथित प्रयास से संबंधित 1989 के एक मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी को गवाह के रूप में बुलाने की अर्जी को खारिज कर दिया है। यह मामला 33 साल पुराना है।

आरोपियों में से एक आरोपी इवान सिकेरा ने पिछले साल सीबीआई की विशेष अदालत में मुकेश अंबानी को गवाह के रूप में बुलाने का आवेदन किया था। मामले की जांच कर रही सीबीआई ने इस अर्जी का विरोध किया। उसके बाद न्यायालय ने आवेदन को खारिज कर दिया।

## भारतीय कंपनियां इस साल वेतन में कर सकती है 10 प्रतिशत की वृद्धि

**कोर्न फेरी के नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार लगाया गया अनुमान**

नयी दिल्ली। भारतीय कंपनियां इस साल वेतन में औसतन 9.8 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती हैं। यह पिछले वर्ष 2022 में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि से थोड़ा अधिक है। कोर्न फेरी के नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार शीर्ष प्रतिभाओं के लिए यह वेतनवृद्धि कहीं अधिक होगी। कंपनियां विभिन्न प्रतिभा प्रबंधन कदमों और क्षतिपूर्ति योजनाओं के माध्यम से महत्वपूर्ण और प्रमुख प्रतिभाओं को बनाए रखने पर ध्यान दे रही हैं। सर्वेक्षण में लगभग 8 लाख से अधिक कर्मचारियों वाले 818 संगठनों को शामिल किया गया। इस सर्वेक्षण के अनुसार 2023 में भारत में वेतन में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। महामारी से प्रभावित वर्ष 2020 में वेतन वृद्धि 6.8 प्रतिशत से काफी कम थी। लेकिन मौजूदा वृद्धि का रुख मजबूत और बेहतर स्थिति को दशार्ती है। भारत के बढ़े हुए डिजिटल क्षमता निर्माण पर ध्यान दिए जाने के अनुरूप सर्वेक्षण में जीवन विज्ञान और स्वास्थ्य देखभाल और उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में क्रमशः 10.2 प्रतिशत और 10.4 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। कोर्न फेरी के अध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रबंध निदेशक नवनीत सिंह ने कहा कि देश में मंदी और आर्थिक नरमी की चर्चा हो रही है लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के छह प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का आशा की जा रही है। सिंह ने आगे कहा कि प्रमुख प्रतिभाओं के लिए वेतनवृद्धि 15 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक भी हो सकती है। कुछ अन्य क्षेत्रों के लिए यह वेतनवृद्धि सेवा क्षेत्र के लिए 9.8 प्रतिशत वाहन के लिए 9 प्रतिशत रसायन के लिए 9.6 प्रतिशत उपभोक्ता सामान के लिए 9.8 प्रतिशत और खुदरा क्षेत्र में 9 प्रतिशत होने का अनुमान है।

## ऑल-इलेक्ट्रिक कार की नई टीजर छवि जारी

**-टाटा को चुनौती देने आ रही सस्ती इलेक्ट्रिक कार**

नई दिल्ली। सीट्रोन कंपनी ने अपनी पहली ऑल-इलेक्ट्रिक कार की एक नई टीजर छवि जारी की है। इस कार को सीट्रोन ईसी3 कहा जाता है। यह इलेक्ट्रिक हैचबैक मार्च 2023 तक सड़कों पर उतरेगी। यह फ्रांसीसी वाहन निमार्ता की ओर से एक मास-मार्केट एंट्री-लेवल इलेक्ट्रिक पेशकश होगी जो सीधे टाटा टियागो ईवी को टक्कर देगी।इसका मीडिया ड्राइव जनवरी के तीसरे सप्ताह में शुरू होगा। मॉडल की कीमत लगभग 10 लाख रुपये से 12 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) होने की उम्मीद है। इसके कट्टर प्रतिद्वंद्वी झ टियागो ईवी को 8.49 लाख रुपये झ 11.79 लाख रुपये (सभी एक्स-शोरूम) की कीमत सीमा के भीतर पेश किया गया है।

सीट्रोन ईसी3 के पावरट्रेन सेटअप में 30.2केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक और फ्रंट एक्सल पर लगा एक इलेक्ट्रिक मोटर शामिल होगा। ई-मोटर 86बीएचपी की पीक पावर और 143 एनएम का टार्क पैदा करता है। कार निमार्ता चीनी इलेक्ट्रोमोबिलिटी फर्म झ स्वोल्ट से बैटरी पैक लेगा। कंपनी इलेक्ट्रिक सी3 के साथ 3.3केडब्ल्यू ऑनबोर्ड एसी चार्जर देगी। यह सीसीएस2 फास्ट चार्जिंग को भी सपोर्ट करेगा। इलेक्ट्रिक हैचबैक के एक बार चार्ज करने पर लगभग 350 किमी की रेंज का वादा करने की संभावना है।मॉडल में टाटा की जिपट्रॉन हाई-वोल्टेज आर्किटेक्चर है जिसमें एक स्थायी चुंबक तुल्यकालिक इलेक्ट्रिक मोटर शामिल है।

इसका छोटा बैटरी वेरिएंट 114 एनएम के साथ 74बीएचपी की पीक पावर पैदा करता है और बड़ा बैटरी वर्जन 110 एनएम के साथ 61बीएचपी बनाता है। हालांकि इसमें फ्रंट फेंडर पर रखा गया एक नया चार्जिंग पोर्ट होगा और टेलपाइप नहीं होगा। अंदर इसमें एक नया ड्राइव कंट्रोलर (मैनुअल गियर लीवर के बजाय) और अपडेटेड सेंटर कंसोल हो सकता है।टाटा की टियागो ईवी 19.2केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ 250केएम और 24केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ 315' की दावा की गई एमआईडीसी रेंज प्रदान करती है।

## कच्चा तेल नरम कई शहरों में बढ़े पेट्रोल-डीजल के भाव

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कच?चे तेल की कीमतों में थोड़ी नरमी जरूर आई है लेकिन अभी यह 84 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर ही बना हुआ है। मंगलवार सुबह सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी तेजी दिख रही है। यूपी से गुजरात तक कई शहरों में तेल के दाम बढ़े हैं लेकिन दिल?ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। यूपी की राजधानी लखनऊ में सोमवार को पेट्रोल 13 पैसे महंगा हुआ और 96.57 रुपए लीटर पहुंच गया जबकि डीजल 12 पैसे चढ़कर 89.76 रुपए लीटर रहा। गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में पेट्रोल की कीमतों में 14 पैसे का उछाल दिख रहा और यह 96.56 रुपए लीटर पहुंच गया है। डीजल की कीमतों में भी 13 पैसे की तेजी है और यह 92.30 रुपए लीटर बिक रहा है। कच?चे तेल की बात करें तो पिछले 24 घंटे के दौरान इसकी कीमतों में भी मामूली गिरावट दिखी है। ब्रेंट क्रूड का भाव करीब एक डॉलर गिरावट के साथ 84.11 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब?ल?यूटीआई का भाव भी करीब 0.80 डॉलर गिरकर 78.77 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। अहमदाबाद में पेट्रोल 96.56 रुपए और डीजल 92.30 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

### केजी- डी6 ब्लॉक की नीलामी स्थगित

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज और उसकी पार्टनर बीपी पीएलसी ने नेचुरल गैस की बिक्री के लिए प्रस्तावित नीलामी को स्थगित कर दिया है। 60 लाख घन मीटर नियमित गैस बिक्री के लिए ई बोली 18 जनवरी को आमंत्रित की गई थी। दोनों कंपनियों ने गैस मार्केटिंग के नियमों में हुए बदलाव के कारण केजी-डी 6 ब्लॉक से नेचुरल गैस की बिक्री के लिए प्रस्तावित नीलामी को अगली सूचना तक के लिए स्थगित कर दिया है। उद्योग मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार यह कदम सरकार द्वारा जो नए नियम लागू किए जाने के कारण उठाया गया है।नए नियम में नेचुरल गैस की बिक्री पर मार्जिन को सीमित कर दिया गया है।

### दिसंबर में भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 24 अरब डॉलर

नई दिल्ली। दिसंबर 2022 में भारत का व्यापार घाटा साल-दर-साल 21.10 बिलियन डॉलर के मुकाबले बढ़कर 23.89 बिलियन डॉलर हो गया। व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात भी दिसंबर 2022 में 12 प्रतिशत घटकर 34.48 अरब डॉलर रह गया जो पिछले साल की इसी अवधि में 39.27 अरब डॉलर था। दिसंबर 2022 में आयात भी पिछले वर्ष की इसी अवधि के 60.33 बिलियन डॉलर के मुकाबले घटकर 58.24 बिलियन डॉलर रह गया। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान भारत का कुल निर्यात 9 प्रतिशत बढ़कर 332.76 अरब डॉलर हो गया। इसी अवधि में आयात 25 प्रतिशत बढ़कर 551.7 अरब डॉलर हो गया।

### सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली। घरेलू बाजार में मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने में मामूली गिरावट देखी जा रही है। फरवरी डिलिवरी वाला सोना सुबह के 17 रुपए की मामूली गिरावट के साथ 56465 रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी में 177 रुपए की गिरावट देखी जा रही थी। मार्च डिलिवरी वाली चांदी 69600 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही थी। वै?श्विक बाजार में स्पॉट गोल्ड 7 डॉलर की गिरावट के साथ 1910 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर है। चांदी 24.14 डॉलर प्रति आउंस पर है। सोमवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोने की कीमत में 314 रुपए और चांदी की कीमत में 1173 रुपए की बड़ी तेजी दर्ज की गई थी। इस तेजी के बाद दिल्ली में सोने का भाव 56701 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। चांदी की कीमत 70054 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। बता दें कि प्र?तिदिन 2 बार सोना-चांदी के नए दाम जारी किए जाते हैं।

### स्विगी ने डिलिवरी कर्मचारियों के लिए शुरू की एंबुलेंस सेवा

नई दिल्ली। ऑनलाइन खाना ऑर्डर की सुविधा देने वाले मंच स्विगी ने आपात स्थिति में अपने सक्रिय डिलिवरी कर्मियों और उनके आश्रितों के लिए एंबुलेंस सेवा शुरू करने की घोषणा की। स्विगी ने कहा कि डिलिवरी कर्मचारी डिलिवरी से पहले उसके दौरान या बाद में आपातकालीन स्थिति में मुफ्त एंबुलेंस सेवा का उपयोग करने के लिए टोल-फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं या पार्टनर ऐप पर आपातकालीन मदद का बटन दबा सकते हैं। स्विगी ने कहा ?कि वर्तमान औसत प्रतिक्रिया समय 12 मिनट है। इस प्रक्रिया के लिए किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। डिलिवरी कर्मियों को केवल अपने पहचान पत्र की पुष्टि करनी होगी।

### चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2022 में घटकर तीन प्रतिशत हुई

बीजिंग। पिछले साल कोरोना वायरस से निपटने के लिए लगाई गईं पाबंदियों रियल एस्टेट क्षेत्र में मंदी के कारण चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2022 में घटकर तीन प्रतिशत पर आ गई है। यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में 50 साल में दूसरी सबसे धीमी वृद्धि की रफ्तार है। मंगलवार को जारी ?किए आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार 2022 में चीन का सकल घरेलू उत्पाद 17940 अरब डॉलर रहा। चीन की जीडीपी वृद्धि दर 5.5 प्रतिशत के आधिकारिक लक्ष्य से काफी नीचे रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि पाबंदियां हटने के बाद से धीरे-धीरे शॉपिंग मॉल और रेस्तरां में लोगों की मौजूदगी बढ़ रही है। वहीं सरकार के अनुसार ऐसा प्रतीत होता है कि संक्रमण की मौजूदा लहर गुजर चुकी है।

## सारी दुनिया में राज करने की दिशा में बढ़ा माइक्रोसॉफ्ट

**- गूगल और एंड्रॉयड जैसे सर्च इंजन डायनासोर की तरह लुप्त होंगे?**

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट एआई प्लेटफॉर्म तकनीकी पर तेजी के साथ काम कर रहा है। एआई सिस्टम को लेकर माइक्रोसॉफ्ट बहुत उत्साहित है। माइक्रोसॉफ्ट एआई तकनीकी से कुछ ही सालों में पूरी दुनिया का डिजिटल और ऑनलाइन चेहरा बदल जाएगा।

गूगल जैसे सर्च इंजन डायनासोर की तरह विलुप्त होने की कगार में पहुंच जाएंगे। माइक्रोसॉफ्ट ने अपने ओपन एआई परियोजना को शुरू करने के लिए 2019 में 8000 करोड़ का निवेश किया था। उसके बाद 16000 करोड रुपए का निवेश किया था। जल्द ही माइक्रोसॉफ्ट ओपन एआई परियोजना में 80000 करोड़ का निवेश करने जा रही है।

माइक्रोसॉफ्ट के इस कदम से दुनिया के डिजिटल कारोबार पर माइक्रो सॉफ्ट का एक बार फिर से दुनिया भर में एकाधिकार होगा। दुनिया में सबसे बड़ी कमाई करने वाला प्लेटफार्म माइक्रोसॉफ्ट बनेगा।

माइक्रोसॉफ्ट ने सबसे पहले कंप्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम यूनिवर्सल तैयार कर सारी दुनिया के देशों में अपनी तकनीकी से सारे पेशेवर डेवलपर को जोड़कर माइक्रोसॉफ्ट को सबसे बड़ी कमाई वाला संस्थान बनाकर सारी दुनिया में एकाधिकार बनाया था।अब उस रिकॉर्ड को भी तोड़ने की तैयारी माइक्रोसॉफ्ट स्वयं कर रहा है।

चैटजीपीटी सॉफ्टवेयर (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के माध्यम से मेल से लेकर रिसर्च पेपर तक लिखे जा सकते हैं।यह सॉफ्टवेयर सवालों के जवाब भी देता है।कविताएं भी लिख सकता है। किसी भी विषय पर सटीकता के साथ जवाब दे और लिख सकता है। इस सॉफ्टवेयर के जरिए सर्च इंजन की जरूरत लगभग खत्म हो जाएगी।

माइक्रोसॉफ्ट को इसका एकाधिकार होगा। एक तरह से यह जानकारियों के साथ डिजिटल तकनीकी के माध्यम से मानव मस्तिष्क को नियंत्रित करने की बहुत बड़ी क्षमता प्राप्त कर लेगा।

माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला का कहना है कि अगले 3 साल में दुनिया भर में मौजूद डेटा का 10 फीसदी हिस्सा एआई जेनरेटेड होगा। यह तकनीकी का सबसे बड़ा स्वर्ण युग होगा।सत्य नडेला को विश्वास है कि नया एआई सिस्टम 60000 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई अगले 3 सालों में करेगा।

## पल्सर और अपाचे की टक्कर में आ गई नई इलेक्ट्रिक बाइक 2 साल तक फ्री में होगी चार्ज

नई दिल्ली। भारत में सबसे बड़े इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल ब्रांडों में से एक टार्क मोटर्स ने क्राटोस एक्स इलेक्ट्रिक बाइक लॉन्च कर दी है। यह एक पूरी तरह से नई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल है जिसमें बेस्ट टेक्नोलॉजी और डिजाइन का इस्तेमाल किया गया है। ऑटो एक्स्पो 2023 में कंपनी ने इस बाइक को पेश किया है। इसे क्राटोस आर के अपडेट वर्जन के रूप में शोकेस किया जा रहा है जबकि कंपनी ने स्टैंडर्ड क्रोटोस को बंद करने की घोषणा की है। पुणे की टार्क मोटर्स वर्तमान में केवल पुणे हैदराबाद पटना समेत कुछ शहरों में अपनी बाइक बेचती है। हालांकि कंपनी अब मार्च 2023 तक कुछ और भारतीय शहरों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करेगी। टॉर्क मोटर्स ने पिछले साल भारत में पहली इलेक्ट्रिक बाइक लॉन्च की थी। क्राटोस एक्स इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल में लिथियम-आयन बैटरी पैक मिलता है। यह सिंगल चार्ज में 120 किमी की रेंज 4 सेकंड में 0-40 किमी/घंटा की स्पीड और 100 किमी/घंटा की टॉप स्पीड के साथ आती है। इसकी तुलना मेंटार्क मोटर्स आर 9 केडब्ल्यूएच इलेक्ट्रिक मोटर से चलती है जो 12 एचपी की पावर और 38 एनएम का टार्क देती है। बाइक का पिकअप और टॉप स्पीड नई बाइक की तरह ही है।कंपनी का दावा है कि क्राटोस एक्स में एक आरामदायक और अच्छी परफॉर्मेंस वाली राइड देखने को मिलेगी। इसमें एक बड़ी बैटरी भी मिलती है जबकि सुविधाओं में एंड्रॉइड के साथ 7 इंच की टचस्क्रीन और कई सुरक्षा सुविधाओं के साथ नेविगेशन शामिल है। एक एल्यूमीनियम स्विंगआर्म इसके साइड पैनल पर नए डिजाइन तत्व और एक नया फ्यूरियस फास्ट राइडिंग मोड भी इसके मेकअप का एक हिस्सा है।टार्क मोटर्स के सभी ग्राहक 2 साल की अवधि के लिए मुफ्त चार्जिंग नेटवर्क का लाभ उठा सकते हैं साथ ही उन्हें जियो-फेंसिंग फाइंड माय व्हीकल ट्रैक मोड क्रैश अलर्ट और वेकेशन मोड जैसी फीचर्स भी मिलेंगे। नया पोर्टेबल चार्जर जो बाइक को होम चार्जर की तरह तेजी से चार्ज कर सकता है जबकि ई-बाइक्स को एक्सेसरीज के तौर पर पैनियर्स भी मिलेंगे।

### भारत 33 गुना अधिक रूसी तेल खरीद रहा

नई दिल्ली। भारत रूस से एक साल पहले की तुलना में 33 गुना अ?धिक रूसी तेल की खरीदारी कर रहा है। पिछले महीने भारत ने रूस के अलावे दो अन्य मुख्य आपूर्तिकताओं से भी आयात बढ़ाया है। इराक से तेल की खरीदारी 7 फीसदी बढ़कर लगभग 886000 बैरल प्रति दिन हो गई है जबकि सउदी अरब से 12 फीसदी बढ़कर लगभग 748000 बैरल प्रति दिन हो गई। वोर्टेक्सा लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार दुनिया के तीसरे सबसे बड़े क्रूड आयातक देश भारत ने दिसंबर महीने में रूस से औसतन 10.2 लाख बैरल तेल की खरीदारी की है। यह नवंबर में आयात किए गए तेल से 29 प्रतिशत अधिक है। रूस अब भारत के लिए तेल का सबसे स्त्रोत देश बन गया है। इस मामले में पिछले कुछ महीने के दौरान उसने इराक और सउदी अरब को पीछे छोड़ दिया है। यूक्रेन पर हमले के बाद से भारतीय रिफाइनर सस्ते रूसी कच्चे तेल का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसी स्थिति रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद दुनिया के तेल खरीदारों के रूस से तेल खरीदने से परहेज करने के बाद पैदा हुई है।

# बेटियों के महत्व को समझना जरूरी

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का हुआ शुभारम्भ, दिलायी गयी शपथ

जनसंदेश न्यूज


बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के शुभारम्भ पर शपथ लेते लोग

**जौनपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार 18 से 24 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम के तहत मंगलवार को साजिदा गर्ल्स इंटर कॉलेज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान के प्रथम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाकर महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक ने कहा कि हमें लड़कियों के महत्व को समझना होगा। लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अगर उन्हें सही समय पर उपयुक्त अवसर और सुविधाएं दी जाएं तो वे क्या नहीं कर सकती। इसके विपरीत हम बेटियों को बोझ मानकर गर्भ में ही मरवाना चाहते हैं अगर वो पैदा हो जाती है तो हर स्तर पर उसके साथ भेदभाव करते हैं, विवाह की चिंता में लगे रहते हैं। गांव और शहर दोनों ही जगह लड़कियों की सुरक्षा के लिए खतरा हमारे अपने ही बेटों से रहता है अगर बच्चों के पालन-पोषण में समानता रखी जाएगी तो बेटे-बेटियों का सम्मान करना सीखेंगे। लड़कियों को आगे बढ़ने और हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित करते हुए बेटियों को शिक्षा व आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह व बबिता, विद्यालय की प्रधानाचार्या और समस्त शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पूर्व प्राचार्य डॉ. एनके सिंह का निधन

**गौराबादशाहपुर।** मुफ्तीगंज ब्लाक के भदेवरा गांव निवासी डॉक्टर एनके सिंह पूर्व प्राचार्य राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ का सोमवार की देर रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे। उनकी मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। एनके सिंह राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बीएड एमएड के संयोजक रहे तथा वर्तमान में राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में बीएड और एमएड के विभागाध्यक्ष पद पर तैनात थे। महाविद्यालय में प्राचार्य के रूप में करीब 3 वर्ष तक 2018 से 2021 तक अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके थे। वह वर्तमान में जौनपुर के नईगंज में रह रहे थे। उनके निधन से महाविद्यालय के प्रबंधक कुंवर जय सिंह जय बाबा, प्राचार्य डॉक्टर अरुण सिंह, सती प्रसाद मिश्र सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने श्री सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। गांव से ही उनका शव अंतिम संस्कार के लिए जौनपुर के रामघाट पर ले जाया गया।

# कुंवर बहादुर अध्यक्ष, अखिलेश चुने गये वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**चुनाव**

**केराकत तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न**

**बराबरी पर रहे महामंत्री पद के दो दावेदार, निर्णय आज**

जनसंदेश न्यूज


केराकत तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी

**केराकत।** तहसील बार चुनाव में कुंवर बहादुर यादव को अध्यक्ष, अखिलेश पाण्डेय को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रविकांत नाथ मिश्रा को कोषाध्यक्ष चुना गया। कुंवर बहादुर यादव को 68 वोट जबकि उनके प्रतिद्वंदी राजेश पाण्डेय को 64 वोट मिला। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अखिलेश पाण्डेय को 75 मत जबकि इनके प्रतिद्वंदी छोटेलाल को 39 मत मिले।

इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर रविनाथ मिश्रा और आत्मा प्रसाद के बीच हुए चुनाव में रविनाथ मिश्रा को 63 जबकि आत्मा प्रसाद को 51 वोट मिला। महामंत्री पद पर तीन उम्मीदवारों मे से दो उम्मीदवारों राजवंत कुमार और अशोक कुमार को बराबर बराबर वोट मिलने से हार जीत का निर्णय नहीं हो सका। राजवंत और अशोक कुमार को 44-44 वोट, उदयराज कन्नौजिया को 25 मत मिले। चुनाव समिति के पुनीत चंद श्रीवास्तव, दिनेश पाण्डेय और अनिल सोनकर गांगुली ने बताया कि महामंत्री पद का निर्णय बुधवार को लिया जायेगा।

# सामाजिक न्याय के लिए हमेशा संघर्षरत रहे शरद यादव

जनसंदेश न्यूज

**बोले लाल बहादुर**

**जिला मुख्यालय पर दिवंगत आत्मा को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि**


शरद यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते सपाजन

**जौनपुर।** सामाजिक न्याय के पुरोधा शरद यादव के निधन पर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय पर आयोजित शोकसभा में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शरद यादव जीवन पर्यन्त समाजवादी विचारों और सामाजिक न्याय के लिए संघर्षरत रहे। उन्होंने आपातकाल में लोकतंत्र बचाने के लिए जेल की यातनाएं भी सही। उन्होंने सड़क से सदन तक पिछड़ों, दलितों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। संसद में उनके विचारों को सभी लोग बहुत गम्भीरता से सुनते थे। उनका निधन समाजवादी आंदोलन के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

इस अवसर पर शरद यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट मौन रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। शोकसभा में पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, महासचिव हिसामुद्दीन शाह, उपाध्यक्ष राम बहादुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, लाल मोहम्मद रायनी, जयप्रकाश प्रिन्शू, आशा राम यादव, इरशाद मंसूरी, विक्की यादव, सोनी यादव, आसिफ शाह आदि ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कान्हा गो-आश्रय स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कान्हा गो-आश्रय स्थल प्यारेपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि गो-आश्रय स्थल में 190 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि गोवंश के लिए हरे चारे की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में रहे और तिरपाल एवं बोरे पशुओं के लिए उपलब्ध रहे। जिलाधिकारी द्वारा गो-आश्रय स्थल के निर्माण के जाँच के संबंध में एक टीम गठित की गई जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी एवं एक अन्य जिला स्तरीय अधिकारी की टीम द्वारा गुणवत्ता की जांच की जाएगी और खराब गुणवत्ता पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए।


गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण करते डीएम

# डीएम व एसपी ने सैकड़ों गरीबों और असहायों के बीच वितरित किया कंबल

**नेक कार्य**

**एकमा के कंबल वितरण कार्यक्रम में उमड़ी जरूरतमंदों की भीड़**


डीएम गौरांग राठी को बुके देकर स्वागत करते एकमा अध्यक्ष मो.रजा खां

**भदोही।** नगर के मर्यादपट्टी स्थित कालीन भवन परिसर में मंगलवार को आल इंडिया कार्पेट मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन (एकमा) द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों गरीबों, असहायों व कालीन बुनकरों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी गौरांग राठी व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार मौजूद रहें। डीएम व एसपी ने अपने हाथों से लोगों को कंबल वितरित किया। इससे पूर्व एकमा के पदाधिकारियों मो.रजा खां व असलम महबूब आदि ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को बुके देकर स्वागत किया। जहां पर डीएम व एसपी ने वहां पर मौजूद लोगों संबोधित करते हुए कहा कि निर्यातकों द्वारा उद्योग को बढ़ाने और लोगों को रोजगार देने के साथ ही समय-समय पर गरीबों व असहायों की सेवा कर अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया जा रहा है।

ये सराहनीय कार्य है। कंबल वितरण कार्यक्रम में सबसे अधिक भीड़ महिलाओं की रहीं। जो अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ वहां पर कंबल लेने के लिए पहुंची थी। भीड़ अधिक होने के कारण पुलिस के जवान भी अंत तक लगे रहें। ठंड के इस मौसम में कंबल पाकर सभी गरीबों, असहायों व बुनकरों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर राजेश कुमार, जयप्रकाश गुप्ता, शमीम अंसारी, शिवसागर तिवारी, पीयूष जायसवाल, अमित मौर्य, उपजिलाधिकारी डॉ.कृपाशंकर पांडेय, तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, नगर पालिका परिषद के ईओ जी लाल, उपायुक्त उद्योग के साथ ही सभासद गिरधारी जायसवाल, अरविंद मौर्य आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# पब्लिक एड्रेस सिस्टम से सूचना तकनीक का मॉडल बना महजूदा

**बोले शाहनवाज खान**

**योगी सरकार में ग्राम्य स्वराज की संकल्पना को कर रहा साकार**

**भदोही ।** सूचना तकनीकी के प्रयोग से जहाँ ग्राम स्वराज की संकल्पना को नया आयाम मिल रहा है। वहीं दूसरी तरफ गांव को आधुनिक मॉडल बनाने एक और क्रांति का इजाद हुआ है। भदोही जनपद का महजूदा गांव पहला ऐसा गांव है जहां पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किया गया है। राज्य की योगी सरकार में आधुनिक सूचना तकनीक का प्रयोग कराने वाला यह अनूठा गांव है। महात्मा गांधी और योगी सरकार के ग्राम स्वराज की विकास परियोजनाओं को अच्छे ढंग से महाजूदा गांव में लागू किया गया है। पत्रकार से प्रधान बने राजमणि पांडेय गांव को नई दिशा और दशा दे रहे हैं। विकास को लेकर गांव की सोच बदल रहे हैं। संकुल भवन, पंचायत भवन और गांव में पब्लिक ऐडस सिस्टम को स्थापित कर उन्होंने यह साबित करने की कोशिश की है कि नेक इरादा और संकल्प शक्ति से कोई कार्य असंभव नहीं है। जिलाधिकारी गौरांग राठी उनके विकास कार्यों की खूब प्रशंसा कर चुके हैं। जनपद के दूसरे पंचायतों और ग्राम प्रधानों को सीखने की सलाह दी है। जिलाधिकारी राठी ने हाल में गांव में 32 लाख की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया है। युवा ग्रामप्रधान राजमणि पांडेय ने बातचीत के दौरान बताया कि भदोही जनपद का पहला पब्लिक एड्रेस सिस्टम हमने गांव में स्थापित किया है। उन्होंने बताया इस आधुनिक सिस्टम के जरिए गांव में पुरानी मुनादी व्यवस्था से जहाँ निजात मिली है। वहीं दूसरी तरफ इस व्यवस्था से हर व्यक्ति तक आसानी से जरुरी सूचना पहुंच जाती है। पंचायत की खुली मीटिंग करवानी पड़ती है तो हम सीधे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से गांव वालों को सूचना देते हैं।

# चीन और अमेरिका को पछाड़कर भदोही ने बनाया दुनिया का सबसे बड़ा कार्पेट

**उपलब्धि**

**विधायक जाहिद बेग ने कम्पनी के मालिक रवि पटोदिया को बुके दे कर दी बधाई**

जनसंदेश न्यूज


पटोदिया कम्पनी के मालिक रवि पटोदिया को बुके दे कर बधाई देते विधायक जाहिद बेग

**भदोही।** कालीन के क्षेत्र में भदोही पुरे विश्व में विख्यात हैं। भदोही के निर्मित कालीन की मांग विदेशो में यूं ही नही की जाती बल्कि कालीन नगरी के नाम से विख्यात भदोही के कालीन की गुणवत्ता भी बेहतरीन होती हैं।

भदोही के पटोदिया कार्पेट ने जो ख्याति अर्जित की है उसे सुनकर हर भारतीय सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा। पटोदिया कार्पेट ने चीन और अमेरिका को पछाड़कर दुनिया का सबसे बड़ा कार्पेट बनाया हैं।भदोही से निर्मित बारह हजार स्क्वायर मीटर का कालीन कजाकिस्तान में नूर मस्जिद में लगा है। 150000 स्क्वायर फीट गोल आकार, 70 मीटर 240 फीट गुम्बज 400 मीटर बाई 400 मीटर की आकृति में बना हैं। ओपन ग्लोबल टेंडर में चाइना और अमेरिका आदि देशों के निर्यातकों ने हिस्सा लिया था। देश का मान बढ़ाने के लिए भदोही के कालीन निर्यातक रवि पटोदिया ने यह टेंडर प्राप्त किया। कालीन निर्यातक रवि पटोदिया ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया के बाद कालीन का कार्य पूर्ण करने पर देश का नाम बढा हैं हम लोग लाभ के बजाय देश को वरीयता देते हैं, गुणवत्ता भी ऐसी रखी जाती हैं कि विदेश में भी भारत का मस्तक ऊंचा रहें।

उन्होंने बताया कि पचास दिनों तक बीस आदमियों ने लग कर फीटिंग किया था। पटोदिया कार्पेट के मालिक रवि पटोदिया ने बताया कि अपूर्व पाटोदिया व प्रणय पटोदिया अब कार्यभार संभालने का काम करते हैं, हमारा काम सिर्फ सुपर विजन का ही हैं। इस सफलता से निश्चित ही गर्व की अनुभूति हो रही हैं।सपा विधायक जाहिद बेग ने पटोदिया कार्पेट के मालिक रवि पटोदिया को इस सफलता पर उनसे मुलाकात करके बुके भेंट कर बधाई दी और उन कारीगरों को जिन्होंने इस कालीन को तैयार किया उनको भी शुभकामनाएं दी।

## संक्षेप

### जीवन ज्योति हॉस्पिटल एंड फैक्चर सेंटर अस्पताल का हुआ भव्य उद्घाटन


पूर्व प्रो.डॉ.शांतनु लहकर को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते डॉ.के पी जायसवाल और डॉ. ए के गुप्ता

**भदोही।** जीवन ज्योति हास्पिटल एंड फैक्चर सेंटर के नवनिर्मित भवन का मंगलवार को मुख्य अतिथि पूर्व प्रोफेसर प्रमुख हड्डी रोग विभाग आसाम मेडिकल कॉलेज डिब्रूगढ़ डॉ.शांतनु लहकर द्वारा फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूरा हास्पिटल लोगों से खचाखच भरा रहा। मुख्य अतिथि डॉ.शांतनु लहकर के वहां पर पहुंचने के बाद उनका भव्य स्वागत किया गया। जहां पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए डॉ.शांतनु लहकर ने हास्पिटल के संचालक डॉ.केपी जायसवाल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। जहां पर मरीजों का कुशल और समुचित इलाज किया जाएगा। इसके साथ ही हास्पिटल के उद्घाटन समारोह को मड़ियाहूं के विधायक डॉ.आरके पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि भदोही-जौनपुर मार्ग का अगले दो साल के बाद निर्माण हो जाएंगा। सड़क निर्माण के बाद लोगों के लिए जौनपुर का सफर आसान हो जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ.एके त्रिपाठी ने किया। अंत में हास्पिटल के संचालक डॉ.केपी जायसवाल ने कार्यक्रम में आएं सभी लोगों का आभार जताया। विधायक जाहिद बेग और जीवनदीप हॉस्पिटल के मालिक डॉ. ए के गुप्ता ने डॉक्टर के पी जायसवाल को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, अशोक कुमार जायसवाल, विजय श्रीवास्तव, डॉ.एके गुप्ता, डॉ.एके रहमान, डॉ.पीयूष जायसवाल, डॉ.अश्विनी कुमार मौर्य, डॉ.अरशद महमूद, बाल विद्या विकास यादव, विनीत बरनवाल, हाजी शाहिद हुसैन अंसारी, सत्यशील गुप्ता, लालता प्रसाद सोनकर, सुभाष यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहें।

### रोमांचक मुकाबले में कौशाम्बी को कैमूर ने एक रन से हराया

**सुरियावां।** क्षेत्र के आजाद स्पोर्ट्स स्टेडियम मेढ़ी में तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ के तीसरे दिन मंगलवार को कौशांबी टीम का मुकाबला बिहार से आई कैमूर की टीम से हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे बेहद ही रोमांचकारी मैच में कैमूर की टीम ने कौशांबी को एक रनों से पराजित किया। कैमूर जनपद के कैप्टन संदीप दुबे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कैमूर की टीम के सलामी बल्लेबाजों में अपने कैप्टन के निर्णय को सही ठहराते हुए शतकीय साझेदारी करते हुए 13 ओवरों में पहले विकेट पर 105 रन जोड़ दिए। आलोक कुमार ने सात चौकों की मदद से 69 रन एवं अजीत यादव ने 7 चौकों की मदद से 53 रन बनाए। कैमूर की टीम ने 25 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाकर कौशांबी से 189 रनों का लक्ष्य दिया।189 रनों के लक्ष्य के जवाब में खेलने उतरी कौशांबी की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही, कौशांबी के सलामी बल्लेबाज प्रद्युम्न प्रजापति बिना खाता खोले हुए दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट हो गए। बल्लेबाज प्रीतम दुबे व आकाश कुमार ने दूसरे विकेट पर 75 रनों की साझेदारी की। जिसमें प्रीतम दुबे ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 64 रन बनाए जबकि आकाश कुमार ने 25 गेंदों पर 43 रनों की पारी खेली कुश सिंह ने 23 रनो का योगदान किया। इस मैच में कौशाम्बी की टीम 25 ओवर में 187 रन बना पायी। इस प्रकार कौशाम्बी की टीम एक रन से रोमांचक मुकाबला हार गई।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनीता यादव ने डिंपल को दी जन्मदिन की बधाई


सांसद डिंपल यादव को जन्मदिन की बधाई देती प्रमुख सुनीता यादव दाएं

**भदोही।** मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की लोकप्रिय सांसद डिम्पल यादव का जन्म दिवस रविवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पार्टी मुख्यालय के सभागार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ डिम्पल की मौजूदगी से सैकड़ों महिला कार्यकर्ता उत्साह से भर उठीं और उन्होंने गर्मजोशी के साथ फूल मालाएं भेंट कर सांसद डिम्पल का अभिनंदन किया। मैनपुरी की सांसद डिम्पल यादव के उपचुनाव में प्रचंड विजय हासिल करने व जन्मदिन के अवसर पर भदोही नगर पालिका से समाजवादी पार्टी की भावी प्रत्याशी भदोही की पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनीता यादव ने पार्टी कार्यालय पहुँचकर डिम्पल यादव को जन्मदिन की बधाई देते हुए अखिलेश यादव की प्रबल विजय एवं दंपत्ति के दीर्घ-सुखी जीवन की कामना की। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व ब्लाक प्रमुख विकास यादव की पत्नी सपा नेत्री सुनीता यादव ने कहा कि सांसद डिम्पल ने न सिर्फ.अपने विचारों से सबको प्रेरित किया है बल्कि अपने व्यवहार से बातों से सबको जोड़ने व संजोने का कार्य किया हैं। राजनीति में उन्होंने सबको खासकर महिलाओं को आगे बढ़ाया है, उन्हें बल देते हुए कभी हतोत्साहित नहीं होने दिया। संसद में डिम्पल जी हम सबकी की मजबूत आवाज हैं और हमारी पहचान हैं।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक - सुभाष राय
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

### गोवंश लदे ट्रक के साथ दो पशु तस्कर गिरफ्तार

**ज्ञानपुर।** गोपीगंज पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग कौलापुर मे घेराबंदी कर मवेशी भरे ट्रक के साथ दो पशु तस्करो को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। मवेशियो को आश्रय स्थल भेज तस्करो के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गये ट्रक मे 22 राशि गोवंश क्रूरतापूर्वक भरकर वध के लिए ले जाए जा रहे थे। 22 राशि मे से 5 मवेशी की मौत हो गई थी। पुलिस अधीक्षक भदोही डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर गौ तस्करोंके विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

मुखबिर की सूचना पर गोपीगंज पुलिस टीम कौलापुर ओवर ब्रिज के पश्चिमी छोर के पास घेराबंदी कर दो तस्कर सहित ट्रक को कब्जे में ले लिया। वाहन में क्रूरतापूर्वक भरकर कुल 22 राशि मवेशी वध के लिए ले जाए जा रहे थे। इसमे पांच मवेशी की मौत हो गई थी। गोवंश के साथ दो पशु तस्कर मोहम्मद सिरीयावां थाना चरवां जनपद कौशांबी, सलमान अहमदपुर असरौली थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पूछताछ में पशु तस्करों द्वारा गोवंश को वध हेतु जनपद फतेहपुर से लादकर बिहार व बंगाल ले जाना बताया गया।

# आम नागरिकों के लिए सूचना का अधिकार महत्वपूर्ण : सूचना आयुक्त

**समीक्षा**

**राज्य सूचना आयुक्त प्रमोद कुमार तिवारी ने गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में आरटीआई के लंबित प्रकरणों पर की समीक्षा बैठक**

**भदोही।** राज्य सूचना आयुक्त प्रमोद कुमार तिवारी (अवकाश प्राप्त आईपीएस) ने गेस्ट हाउस ज्ञानपुर पहुंचकर जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के साथ राज्य सूचना आयोग में लंबित प्रकरणों के संदर्भ में समीक्षा किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) शैलेंद्र कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, तहसीलदार विजय यादव ने बताया कि सूचना अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्राप्त अधिकांश आवेदनों का निस्तारण कर दिया गया है। राज्य सूचना आयुक्त ने इस स्थिति पर संतोष व्यक्त किया तथा उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रकरणों का समयांतर्गत निस्तारण सुनिश्चित करें।

मांगी गई सूचना के सही तथ्यों की जानकारी दें। उन्होंने बताया कि सूचना अधिनियम 2005 में सूचना दिए जाने का अधिकार प्रदान किया गया है। सादे कागज पर दिए गए आवेदन पत्र के साथ रू. 10 का पोस्टल ऑर्डर लगाना अनिवार्य होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय से सूचना प्रदान कर अधिनियम के निदेशों का कड़ाई से पालन करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि यदि जनसूचना अधिकारी निर्धारित अवधि में मांगी गयी सूचना देने में असमर्थ रहता है तो आयोग दोषी जनसूचना अधिकारी पर 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगा सकता है। अंत में जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने सूचना के अधिकार अधिनियम की उपादेयता व प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।


उड़ता हुआ हाट एयर बैलून


लैंड करने के बाद बैलून को देखने के लिए उमड़े ग्रामीण

# हॉट एयर बैलून फेस्टिवल का आगाज


सेल्फी लेती महिलाएं

## सीएचएस व डोमरी से उड़ाये गये हॉट एयर बैलून

## पायलट ने बैलून से उतारी गंगा की विहंगम तस्वीरें

## रोजाना 100 लोग हवा में भर सकेंगे उड़ान

## झलकी काशी-विश्वनाथ धाम व गंगा की भव्य छटा

वाराणसी। किसी बैलून में बैठकर अलौकिक काशी नगरी तथा गंगा के विहंगम घाटों का नजारा लेना अपने आप में कम सुखद नहीं है। जरा कल्पना करिये पतित पावनी मां गंगा की धारा के ऊपर उड़ते हुए आंखों से काशी के घाटों व गंगा का नजारा कम एडवेंचर से भरा नहीं है। इसको पर्यटन विभाग ने साकार किया है। वैसे इस हाट एयर बैलून का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा था। काशी में एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए हाट एयर बैलून फेस्टिवल का दूसरा सीजन का मंगलवार को आगाज हो गया। प्रातःकाल छह बजे दो छोटे गुब्बारे उड़ा कर हवा के रूख के अनुसार उड़ान स्थल निर्धारित किया गया। इसके लिए तीन स्थानों सीएचएस कमच्छा, एमपी थियेटर ग्राउण्ड बीएचयू व डोमरी को पहले से ही चिन्हित किया गया था। सीएचएस कमच्छा व डोमरी (रामनगर) दोनों जगहों पर एक ही समय पर उड़ाये गये बैलून ने एक-दूसरे को गंगा के ऊपर क्रास किया। इस दौरान अधिक ऊंचाई पर उड़ रहे बैलून के पायलट व इंस्ट्रक्टर टीम ने रोमांचित कर देने वाली विहंगम तस्वीरें भी उतारी। बैलून में सवार पायलट दल के सदस्य काशी विश्वनाथ धाम व गंगा की भव्य व अलौकिक छटां देख कर भाव विह्वल हो गये। पहले दिन प्रतिनिधियों व विशिष्ट मंडल की टीम ने सैर की। बैलून में सवार एक्सपर्ट ने उड़ान के दौरान हवा में होने वाली गतिविधियों को जांचा व परखा। इसके साथ हवी बैलून में सुरक्षा प्रबंधों की भी जांच की गई। पायलटों ने सुरक्षित ऊंचाई पर उड़ान तय समय में पूरी कर ली। सुबह 8 बजे से सीएचएस कमच्छा से उड़ान भरने वाला हाट एयर बैलून अगले 30 मिनट में गंतव्य पर पहुंच गया था। ठीक इसी वक्त डोमरी में उड़ान भरे बैलून को सीएचएस पहुंचने में थोड़ा अधिक समय लगा। रोजाना पायलट के अलावा चार दिनों में 100 लोग उड़ान भर सकेंगे। यूके के सबसे बड़े बैलून में 16, जबकि भारत के बैलून में तीन लोग ही उड़ान भर सकेंगे। अन्य दिनों में संघाई सहयोग संगठन देशों के प्रतिनिधि भी हवा में सैर कर रोमांचित हो सकेंगे। सुबह की उड़ान के बाद सभी 10 एयर हाट बैलून शाम पांच से सात बजे तक गंगा पार डोमरी में होंगे।

# रंग-बिरंगी नाव लेकर गंगा में उतरे नाविक

## नावों पर हनुमान के झंडे और जय श्रीराम लिखा था

## कमिश्नर कौशलराज शर्मा व विधायक नीलकंठ तिवारी ने किया शुभारंभ

### जय श्रीराम लिखकर नाविकों ने रेस लगाई





## नाविकों को पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर किया गया प्रशिक्षित

### राजघाट में नाविकों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन

वाराणसी। भारत सरकार की हॉली सिटी योजना के अर्न्तगत राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान की ओर से नाविकों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन राजघाट में किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के दौरान निसबड के वरिष्ट सलाहकार पीके अरोड़ा ने बताया कि भारत सरकार की हॉली सिटी योजना के तहत चिन्हित बनारस में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े 25 नाविकों को व्यवसाय के लिए उन्हें उद्यमिता के तहत प्रबन्धन, विपणन, सम्प्रेषण तथा वित्तीय नियोजन की जानकारी देने के साथ-साथ नाव तथा पर्यटकों की सुरक्षा के मापदण्ड एवं स्वच्छता को लेकर प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नाविकों की आय वृद्धि के लिए डिजिटल एवं इलैक्ट्रोनिक माध्यमों की जानकारी भी दी गई है। संस्थान की निदेशक डा पूनम सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान उद्यमिता को बढ़ाने के लिए कार्यरत एक राष्ट्रीय संस्थान है। भारत में हमारी आस्था के साथ-साथ पर्यटन के बढ़े स्त्रोतों के रूप में कई नगर समय के साथ विकसित होने के साथ साथ स्वरोजगार के लिए असीम अवसर भी लेकर आये है। हमारी संस्कृति को वैश्विक पहचान देने के साथ साथ उद्यम तथा रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए हॉली सिटी योजना के तहत संस्थान द्वारा उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।





**वाराणसी।** शहर के प्रसिद्ध दशाश्वमेधघाट पर मंगलवार को दोपहर 12 बजे काशी बोट रेस प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया। कमिश्नर कौशलराज शर्मा व शहर दक्षिणी के विधायक डा. नीलकंठ तिवारी ने हरी झंडी दिखा कर इस रेस का शुभारंभ किया। इस मौके पर डा. नीलकंठ तिवारी ने कहा कि नौका रेस पर्यटन के दृष्टिकोण से बहुत ही खास व महत्वपूर्ण है। इस नौका रेस प्रतियोगिता से काशी का नाम और भी ऊंचाई तक जायेगा। काशी अब आध्यात्मिक नगरी के साथ इवेंट की नगरी भी बन रही है तथा टेंट सिटी, क्रूज आदि से काशी एक नए कलेवर से संपूर्ण विश्व को लुभा रही है।

इस मौके पर कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने कहा कि नौका रेस प्रतियोगिता से पर्यटन को और भी बढ़ावा मिलेगा। इससे नाविकों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा का पता चलेगा। इसके बाद यूपी के अन्य जिलों में भी कई टीमों को रेस में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। नौका रेस प्रतियोगिता में कई नाविकों ने शिरकत की। सुंदर व सजी धजी नावें जब गंगा में उतरी तो वहां का नजारा देखने लायक था। नाविकों ने नावों पर जयश्री राम लिख कर रेस लगायी। नावों पर हनुमान का ध्वज भी लगाया गया था। इस दौरान पूरा गंगा तट जयश्री राम के उद्घोष से गूंजता रहा। गंगा की लहरों पर दर्जन भर चप्पू की चाल संग लहरों पर जब रंगीन नावें लहराई तो काशी के साथ-साथ देश-विदेश के सैलानी भी इसके गवाह बने रहे। पर्यटन विभाग को और भी रफ्तार देने के उद्देश्य से इस नौका रेस का आयोजन किया गया है। चार दिवसीय काशी बोट रेस प्रतियोगिता 20 जनवरी तक होगी। केरल से आये निर्णायक मंडल ने 12 टीमों के खिलाड़ियों का परिचय लिया। इससे पूर्व बनारस घराने के नर्तक सौरव व गौरव ने कथक की मनमोहक प्रस्तुति कर सभी को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही अन्य कलाकारों ने पारम्पिक लोक नृत्य की प्रस्तुति की।

# कड़ाके की ठंड में छुट्टा जानवरों से फसल बचाते हुए जान गंवा रहे हैं किसान

### केस- 1

मृतक किसान का नामरू नन्हा लोधी, उम्र 49 साल। गांवरू देवराकला, उन्नाव, उत्तर प्रदेश। मौत का कारणरू छुट्टा पशुओं से फसल बचाते हुए ठंड से मौत का दावा। नन्हा लोधी छोटी जोत के किसान थे। उनके पास आधा बीघा से भी कम जमीन थी, जिसमें उन्होंने गेहूं लगाया था। इस फसल को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए खेत में ही मचान बनाकर रहते थे। 25 दिसंबर की रात घर से खाना खाकर फसल की रखवाली के लिए खेत पर चले गए। इसके बाद उनकी मौत की खबर घर आई। नन्हा लोधी फसल की रखवाली के लिए बनाए गए मचान में ही मृत पाए गए। परिवार का कहना है - उनकी मौत ठंड लगने से हुई।

### केस-2

मृतक किसान का नामरू राजू बरार, उम्र 45 साल। गांवरू पपिरोखर, झांसी, उत्तर प्रदेश। मौत का कारण- छुट्टा पशुओं से फसल बचाते हुए ठंड से मौत का दावा। राजू बरार छोटे किसान थे। उनको सरकारी पट्टे से करीब 3 बीघा जमीन मिली थी। इसी से परिवार का गुजर बसर होता था। इस बार राजू ने मटर और गेहूं की फसल लगाई थी। फसल को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए खेत पर ही बांस और कपड़े की एक झोपड़ी बना रखी थी। 7 जनवरी की रात फसल की रखवाली करने खेत पर गए। इसी झोपड़ी में सोए, लेकिन सुबह उठ न पाए, उनकी मौत हो गई। परिवार का कहना है - श्राजू की मौत ठंड लगने से हुई।

### केस-3

मृतक किसान का नामरू चंद्रभान पटेल, उम्र 59 साल। गांवरू रुझाई, उन्नाव, उत्तर प्रदेश। मौत का कारणरू खेत की रखवाली करते हुए छुट्टा पशु के हमले से मौत। चंद्रभान पटेल 4 जनवरी की रात छुट्टा पशुओं से फसल बचाने के लिए खेत पर गए थे। यहाँ छुट्टा पशु ने उन पर हमला कर दिया। चंद्रभान के पैर की हड्डी टूट गई और वो खेत में लगे कटीले तारों में उलझ गए। सर्दी की रात में घायल अवस्था में खेत पर पड़े रहे, मौत हो गई। घर वाले उनकी मौत के लिए छुट्टा पशुओं को दोषी मानते हैं।



इन तीन घटनाओं में मृतक किसान के नाम जरूर अलग हैं, लेकिन कहानी एक सी है और मौत के पीछे की प्रत्यक्ष या परोक्ष वजह भी एक है - छुट्टा पशु। उत्तर प्रदेश (यूपी) का किसान इन दिनों छुट्टा पशुओं से खासा परेशान है। आलम यह है कि फसल बचाने के लिए किसान ठंड की रात में खेत पर रहने को मजबूर है। ऐसी स्थिति में कई किसानों की ठंड से मौत भी हो गई।

## यूपी चुनाव में था बड़ा मुद्दा

छुट्टा पशुओं की यह समस्या 2022 के यूपी तिधानसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनी थी। विपक्ष जहाँ इसे लेकर आक्रामक था, वहीं मौजूदा सरकार इसे लेकर नीतियाँ बनाने की बात कह रही थी। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्नाव में एक चुनावी सभा में कहा था, ष्यूपी के किसानों को छुट्टा जानवरों से हो रही समस्याओं को हम गंभीरता से ले रहे हैं। हमने रास्ते खोजे हैं। 10 मार्च को आचार संहिता समाप्त होने के बाद, नई सरकार बनने के बाद, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उन सारी नई योजनाओं को हम लागू कर देंगे। हालांकि, यूपी चुनाव के नतीजों को आए 10 महीने से ज्यादा हो गए और अब भी छुट्टा पशुओं की समस्या जस की तस बनी हुई है।

## यूपी में 11 लाख से ज्यादा छुट्टा पशु

साल 2019 में आई 20वीं पशुगणना के मुताबिक, यूपी में 11।8 लाख छुट्टा पशु हैं। हालाँकि, यूपी सरकार के पशु पालन विभाग ने जून 2022 में छुट्टा पशुओं की वास्तविक संख्या जानने के लिए एक सर्वे कराया। इस सर्वे के मुताबिक, यूपी में कुल 11 लाख 13 हजार 35 छुट्टा पशु हैं। इन आँकड़ों से जाहिर है कि यूपी में कितनी बड़ी संख्या में छुट्टा पशु हैं। यूपी सरकार की ओर से छुट्टा पशुओं की देखभाल के लिए गौशालाएँ चलाई जाती हैं। उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग के अपर निदेशक (गोधन विकास), डॉ। राजेश कुमार ने बीबीसी हिंदी से बताया, यूपी में 6,723 गौशालाए हैं, जिनमें करीब 9।58 लाख छुट्टा पशुओं को संरक्षतत किया गया है। इसके अलावा करीब 1 लाख 54 हजार छुट्टा पशुओं को श्मुख्यमंत्री निराश्रितध्बेसहारा गोवंश सहभागिता योजनाश के तहत लोगों को दिया गया है। बेसहारा गोवंश सहभागिता योजनाश के तहत अगर कोई व्यक्ति छुट्टा पशु को पालता है, तो उसे 30 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मिलते हैं। छुट्टा पशुओं के लिए किए गए इन तमाम जतन के बावजूद यूपी के गांवों में छुट्टा पशु यहाँ-वहाँ घूमते नजर आ जाते हैं। इन पशुओं से अपनी फसल बचाने के लिए किसान दिन रात खेत की रखवाली कर रहे हैं। हर खेत में मचान और झोपड़ी दिखना आम बात है। फिलहाल ठंड का मौसम है, इसलिए किसानों की मश्किलें और बढ़ गई हैं। सर्द रात में जब पारा गिरता है, तब किसान फसल की रखवाली करने को खेत में रात गुजारने को मजबूर हैं। उन्नाव जिह्लले के देवराकला गांव के 49 साल के नन्हा लोधी भी इसी मजबूरी में खेत पर गए थे, उन्हें ठंड लगी और खेत पर ही मौत हो गई। नन्हा लोधी अपने परिवार में इकलौते कमाने वाले व्यक्ति थे। वो अपने पीछे पत्नी, 4 बेटियाँ और एक 13 साल का बेटा छोड़ गए हैं, जिनके पास गुजर बसर के लिए बस आधा बीघा जमीन है। नन्हा लोधी के भतीजे 29 साल के नीरज कुमार बताते हैं, ष्हम लोग उन्हें मना करते थे कि ठंड में खेत पर मत जाइए, लेकिन वो कहते थे कि अगर खेत पर नहीं गया, तो जानवर सारी फसल चर जाएँगे और फिर परिवार को क्या खिलाऊंगा लेकिन।।। अब तो जान ही चली गई। किसान नन्हा लोधी की मौत पर उन्नाव सदर एसडीएम नूपुर गोयल ने मीडिया से कहा- शीतलहर की वजह से किसान की मौत हुई है। पीड़ित परिवार को दैवीय आपदा के अंतर्गत चार लाख रुपए का मुआवजा, साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना के अंतर्गत एक लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। हालाँकि खबर लिखे जाने तक परिवार को यह मुआवजा नहीं मिला है। नन्हा लोधी का परिवार बेहद गरीब है। इस परिवार तक सरकारी योजनाएँ भी नहीं पहुँच सकीं, न आवास है और न ही शौचालय। यह परिवार कच्चे मकान में रहता है। मकान की छत काले रंग की तिरपाल से ढँकी हुई है, जो जगह-जगह से फटा हुआ है। नन्हा लोधी की पत्नी तारावती बताती हैं- बारिश के मौसम में घर में जगह-जगह से पानी गिरता है तो इसमें रहना मुश्किल है। नन्हा लोधी की मौत के बाद अब प्रशासन परिवार को आवास, शौचालय और मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजनाश से पाँच लाख रुपए देने की बात कह रहा है। नन्हा लोधी की तरह ही झांसी जिह्लले के पिपरोखर गांव के किसान राजू बरार (45) भी छुट्टा जानवरों से फसल बचाने खेत पर गए थे, जहाँ उनकी ठंड लगने से मौत हो गई। राजू अपने पीछे परिवार में एक 70 साल की बूढ़ी माँ, 17 और 15 साल की दो बटियाँ और 12 और 10 साल के दो बेटे छोड़ गए हैं। इसके अलावा साहूकार का करीब 3 लाख का कर्ज भी, जो अब राजू के परिवार को चुकाना होगा। राजू की बड़ी बेटी 17 साल की अंजली बरार कहती हैं, ष्पापा रात में खेत पर जाते थे और सुबह लौटते थे। उस दिन काफी देर तक वो लौटे नहीं। मैंने जाकर देखा तो उनके शरीर में कोई हरकत नहीं थी, उनकी मौत हो गई थी। किसान राजू बरार की मौत पर झांसी के मऊरानीपुर के एसडीएम मृत्युंजय मिश्रा ने कहा - पंचनामे में लिखा गया है कि किसान की मौत ठंड लगने से हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण शॉक और दिल का दौरा पड़ना बताया गया है। ऐसी स्थिति में दैवीय आपदा के तहत मुआवजा मिलना मुश्किल है। हालाँकि हम प्रयास कर रहे हैं कि मुआवजा मिल जाए और इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर पूछा है कि क्या ऐसी स्थिति में मुआवजा दिया जा सकता है।

उन्नाव के किसान नन्हा लोधी हों या झांसी के किसान राजू बरार, सबकी कहानी एक सी है। छुट्टा पशुओं ने यूपी के ग्रामीण इलाकों में तबाही मचा रखी है। ग्रामीण इलाकों से ऐसी घटनाओं के सामने आने का एक कारण यह भी है कि यूपी का बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्र में रहता है। 2011 की जनगणना के मुताबिक, यूपी की आबादी 19।9 करोड़ है और इसका 77।73ः हिस्सा ग्रामीण क्षेत्र में निवास करता है। हाल के दिनों में यूपी के अलग-अलग जिलों से ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि किसान छुट्टा पशुओं को घेरकर सरकारी कार्यालय और इमारतों में बांध रहे हैं। मेरठ, उन्नाव, अमरोहा, बाराबंकी के साथ और भी कई जिलों से ऐसी खबरें आई हैं। अमरोहा में तो किसानों पर सरकारी स्कूल में छुट्टा पशुओं को बंद करने के लिए मुकदमा भी दर्ज किया गया है।